* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

17 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 118

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




## चंपाई सोरेन मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार : हेमंत सरकार के छह मंत्रियों को फिर से मिली जगह

# बसंत सोरेन और दीपक बिरुआ नया चेहरा

- गवर्नर ने 8 विधायकों को दिलायी शपथ
- मुख्यमंत्री समेत तीन पहले ले चुके हैं शपथ
- इस बार भी 12वें मंत्री का स्थान रहेगा खाली
- वैद्यनाथ राम का नाम अंतिम समय में कटा
- पूर्व मंत्री जोबा मांझी को नहीं मिली जगह



**चंपाई की कैबिनेट**
मुख्यमंत्री-चंपाई सोरेन
झामुमो कोटे के मंत्री- मिथिलेश ठाकुर, हफीजुल हसन, बेबी देवी, बसंत सोरेन और दीपक बिरुआ।
कांग्रस कोटे के मंत्री- आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल।
राजद कोटे से मंत्री- सत्यानंद भोक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चंपाई सरकार गठन के 16 दिन बाद गुरुवार को विस्तार हुआ। राज्यपाल ने शुक्रवार को आठ विधायकों को शपथ दिलायी। चंपाई सरकार में झामुमो कोटे से दो नये चेहरों को शामिल किया गया है। इसमें हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन और दीपक बिरुआ को जगह दी गयी है, जबकि छह पुराने चेहरों को जगह मिली है। वहीं, पूर्व मंत्री जोबा मांझी को चंपाई सरकार में जगह नहीं मिली। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के अलावा आरमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता दो मंत्री पहले ही शपथ ले चुके हैं। हेमंत सरकार की तरह मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भी फिलहाल 11 सदस्यीय कैबिनेट तैयार की है। 12वें मंत्री का पद खाली ही रखा गया है। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को राजभवन में आठ विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलायी। इनमें झामुमो के पांच और कांग्रेस के तीन विधायक शामिल हैं। चंपाई सोरेन ने 2 फरवरी को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ कांग्रेस कोटे के आलमगीर आलम और राजद कोटे से सत्यानंद भोक्ता ने मंत्री पद की शपथ ली थी। शुक्रवार को आठ विधायकों मिथिलेश ठाकुर, हफीजुल हसन, बेबी देवी, बसंत सोरेन, दीपक बिरुआ, रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता और बादल ने शपथ ली।

## 12वें मंत्री का पद खाली ही रहा

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में नियम के तहत कैबिनेट में अधिकतम 12 सदस्य हो सकते हैं। इनमें मुख्यमंत्री के अलावा 11 मंत्री होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने चार साल के कार्यकाल में एक मंत्री का पद खाली रखा था। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भी अपनी कैबिनेट में 10 मंत्रियों को रखा है। इनमें कांग्रेस से चार, झामुमो से पांच और राजद के एक मंत्री हैं।

## जोबा हटीं, वैद्यनाथ को नहीं मिली जगह

रांची (आजाद सिपाही)। चंपाई सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में पूर्व मंत्री जोबा मांझी को जगह नहीं मिलीं, तो वैद्यनाथ राम का नाम अंतिम समय में कट गया। झामुमो विधायक वैद्यनाथ राम का मंत्री बनना तय था। उनका नाम राजभवन को भेज दिया गया था। शपथ ग्रहण समारोह से ठीक कुछ देर पहले पार्टी की ओर से उन्हें रोक लिया गया। वहीं, हेमंत सरकार में चार साल तक मंत्री रहीं झामुमो विधायक जोबा मांझी की जगह दीपक बिरुआ को जगह दी गयी।

## शपथ ग्रहण से पहले कल्पना से मिले विधायक

रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में उनकी पत्नी कल्पना सोरेन पार्टी को एकजुट रखने में लगी हैं। यह शुक्रवार को शपथ ग्रहण समारोह से पहले भी देखने को मिला। झामुमो से चंपाई सरकार में मंत्री बननेवाले विधायक शपथ ग्रहण समारोह से पहले कल्पना सोरेन से मिलने के लिए आवास पहुंचे। इसके अलावा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी उनसे मिले। कल्पना सोरेन से हफीजुल हसन, बेबी देवी, दीपक बिरुआ और मिथिलेश ठाकुर ने मुलाकात की। कल्पना सोरेन ने मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले विधायकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## कांग्रेस के नाराज विधायकों को राजेश ठाकुर और प्रदेश प्रभारी ने मनाया

रांची (आजाद सिपाही)। चंपाई सरकार में मंत्री बनने की आस में कांग्रेस के कई विधायक थे। मंत्रिमंडल विस्तार में नये विधायकों को मौका नहीं देकर पुराने को फिर से मंत्री बनाये जाने से कांग्रेस विधायकों की नाराजगी शुक्रवार को सार्वजनिक हो गयी। शपथ ग्रहण समारोह से पहले शुक्रवार को नाराज विधायकों की सर्किट हाउस के कमरा नंबर 107 में बैठक हुई। उनका कहना था कि मंत्रिमंडल विस्तार में कांग्रेस के पुराने चेहरे बदले जायें और नये चेहरों को तरजीह दें। कांग्रेसी विधायक शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होने का भी मन बना चुके थे। इसी बीच प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की समेत पार्टी के तमाम नेता वहां पहुंचे। उन्होंने नाराज विधायकों से बातचीत की। विधायक अपनी बातों पर टिके रहे और शपथ ग्रहण में शामिल होने से इंकार कर दिया। काफी मान-मनव्वल के बाद बात बनी। हालांकि नाराज विधायकों में से कुछ ही शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। चर्चा है कि नाराज विधायक जल्द ही दिल्ली जायेंगे और नेतृत्व से मुलाकात करेंगे।




## सीएम ने मंत्रियों के विभाग बांटे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शपथ ग्रहण के बाद मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया है। किसे कौन सा विभाग मिला वह निम्नवत है।

- **चंपाई सोरेन – मुख्यमंत्री:** कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, गृह (कारा सहित), मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी तथा वैसे सारे विभाग जो अन्य मंत्रियों को आवंटित नहीं हैं।
- **आलमगीर आलम :** ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज विभाग।
- **सत्यानंद भोक्ता:** श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, उद्योग विभाग
- **डॉ रामेश्वर उरांव:** वित्त, योजना एवं विकास, वाणिज्य कर, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग
- **बेबी देवी:** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग।
- **हफीजुल हसन:** अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग
- **बसंत सोरेन:** पथ निर्माण, भवन निर्माण, जल संसाधन विभाग।
- **मिथिलेश ठाकुर :** पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग।
- **बादल:** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
- **बन्ना गुप्ता:** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण, आपदा प्रबंधन विभाग
- **दीपक बिरुआ:** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग (अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर), परिवहन विभाग।

## कांग्रेस अपना एक स्टार्टअप नहीं संभाल पा रही: नरेंद्र मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रेवाड़ी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के नेता अपना एक स्टार्टअप नहीं संभाल पा रहे हैं। ये लोग देश संभालने का सपना देख रहे हैं। कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड इतिहास के सबसे बड़े घोटालों का, आतंकवाद को बढ़ाने और सैनिक को कमजोर करने का है। उन्होंने कहा कि देश की इच्छा थी कि अयोध्या में प्रभु राम के भव्य मंदिर का निर्माण हो, आज पूरा देश भव्य राम मंदिर में विराजे रामलला का दर्शन कर रहा है। अब तो कांग्रेस के जो लोग हमारे भगवान राम को काल्पनिक बताते थे, जो कभी नहीं चाहते थे कि अयोध्या में राम का मंदिर बने वह भी अब जय सियाराम बोलने लगे हैं। प्रधानमंत्री हरियाणा के रेवाड़ी से 9750 करोड़ रुपये की पांच पांच परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने देश के 22वें एम्स का भी शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने अब तक जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने पर रोड़े अटकाये थे। मैंने आपको गारंटी दी थी कि जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 हटा कर रहूंगा। अब लोग कह रहे हैं कि अबकी बार एनडीए सरकार 400 पार। प्रधानमंत्री ने पारंपरिक कारीगरों, इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेस-वे, रेलवे समेत कई योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने महिलाओं, किसानों, युवाओं को होनेवाले लाभ के बारे में बताया। हरियाणा के विकास की राह का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस का कुशासन है और दूसरी तरफ भाजपा का सुशासन। यहां दस सालों से डबल इंजन की सरकार है, इसलिए जो भी योजनाएं मोदी ने बनायी हैं, उनका सौ प्रतिशत लाभ लोगों को मिल रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 सालों में देशभर में 10 करोड़ बहनों को हमने स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा है। इसमें हरियाणा की भी लाखों बहने हैं। इसमें लाखों करोड़ रुपये की मदद दी गयी है। मेरी कोशिश यही है कि ज्यादा से ज्यादा दीदी को लखपति दीदी बना सकूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सोचती है कि सत्ता में रहना उसका जन्मसिद्ध अधिकार है, इसलिए जब से ये गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बना है, तब से मेरे खिलाफ साजिश हो रही हैं, लेकिन आपके आशीर्वाद के कारण मैं सुरक्षित हूं। जितना ज्यादा कांग्रेस साजिश करती है, उतना ही जनता मुझे मजबूत करती है। अपना आशीर्वाद देती है। इस बार भी कांग्रेस ने मेरे खिलाफ सारे मोर्चे खोल दिये हैं, लेकिन मेरे साथ जनता का कवच मेरे लिए माताएं-बहनें ढाल बन कर खड़ी हैं, तो संकट से पार निकल आते हैं। आप सबके आशीर्वाद से जो मैं अनुभव कर रहा हूं।

## न्यूज रील्स

### 84 हजार 560 करोड़ के रक्षा सौदे को मंजूरी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को 84 हजार 560 करोड़ रुपये के डिफेंस डील को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इस पर मुहर लगायी। इसके तहत एंटी-टैंक माइंस, एयर डिफेंस टेक्टिकल कंट्रोल रडार, फाइट रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट, हैविवेट टॉरपीडो और समुद्र की निगरानी करने वाले एयरक्राफ्ट खरीदे जायेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि डीएसी ने आर्मी, नेवी, एयरफोर्स और कॉस्ट गार्ड की क्षमता को बढ़ाने और इसे तकनीकी रूप से मजबूत करने की दिशा में बड़ा फैसला लिया है।

### केजरीवाल ने विश्वास प्रस्ताव पेश किया

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तीसरी बार विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने भाजपा पर उनके सात विधायकों को खरीदने की कोशिश के आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि इन विधायकों को 25-25 करोड़ रुपये ऑफर किये गये। विश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए केजरीवाल ने केंद्र सरकार और भाजपा पर आप नेताओं को झूठे केस में फंसाने का भी आरोप लगाया।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 73,000 रु./प्रति किलो |



# चुनावी मैदान में बेटी की इंट्री का रास्ता साफ किया सोनिया ने

## ■ राजस्थान से राज्यसभा में जाने के फैसले के पीछे हैं कई राजनीतिक मायने

## ■ उच्च सदन में जानेवाली नेहरू-गांधी परिवार की मात्र दूसरी सदस्य हैं सोनिया

आजाद सिपाही विशेष

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने चुनावी मैदान को अलविदा कह दिया है। वह अब लोकसभा की बजाय राज्यसभा में दिखेंगी, जहां उन्होंने राजस्थान के जरिये प्रवेश करने का फैसला किया है। सोनिया गांधी ने राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। सोनिया के राज्यसभा के जरिये नयी पारी की शुरुआत को लेकर राजनीतिक हलचल मची हुई है। उनके राजस्थान से नामांकन भरने को लेकर भी सियासी गलियारों में मायने निकाले जा रहे हैं कि आखिर सोनिया गांधी ने राज्यसभा के लिए राजस्थान की सीट को ही क्यों चुना। सोनिया गांधी ने रायबरेली की जनता को चिट्ठी लिख कर यह स्पष्ट भी कर दिया है। चिट्ठी में उन्होंने लिखा है कि खराब स्वास्थ्य के कारण वह अब चुनावी मुकाबले में नहीं उतर सकती हैं। इसलिए उन्होंने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। चिट्ठी में उन्होंने उम्मीद जतायी है कि रायबरेली के लोग आगे भी उनके परिवार को संभाल लेंगे। सोनिया गांधी की यह चिट्ठी सार्वजनिक होने के बाद अब यह साफ हो गया है कि कांग्रेस के लिए यूपी की सबसे सुरक्षित सीट मानी जानेवाली रायबरेली से प्रियंका गांधी ही मैदान में उतरेंगी। इसके अलावा सोनिया गांधी द्वारा राज्यसभा के लिए राजस्थान को चुने जाने के पीछे भी कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति को कारण माना जा रहा है। दरअसल सोनिया गांधी अब अशोक गहलोत को सबक सिखाना चाहती हैं। इसलिए उन्होंने गहलोत के लिए लोकसभा चुनाव लड़ने का रास्ता बनाया है। आखिर क्या है सोनिया गांधी के राज्यसभा में जाने के फैसले के पीछे की असली वजह और क्या होगा इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह**।



राकेश सिंह

अगले दो महीने में होनेवाले आम चुनावों से ठीक पहले यदि विपक्ष का सबसे बड़ा नेता चुनावी मैदान से हट जाये, तो इसके क्या मायने हो सकते हैं। एक तरफ यह विपक्ष की सोची-समझी रणनीति हो सकती है या फिर उस नेता का निजी कारण या फिर चुनावी हार का डर। लेकिन यदि वह नेता सोनिया गांधी के कद का हो और चुनावी मुकाबले की बजाय वह राज्यसभा के रास्ते संसद में प्रवेश करे, तो इसके पीछे केवल एक रणनीति ही कही जा सकती है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राज्यसभा के रास्ते संसद में प्रवेश करने का जो फैसला किया है, उसके पीछे भी एक रणनीति ही है। उनके इस फैसले के पीछे केवल एक कारण है और वह है प्रियंका गांधी के लिए चुनावी पिच तैयार कर रायबरेली सीट से उन्हें उतारना। सोनिया अब राजस्थान से राज्यसभा की सदस्य होंगी और रायबरेली की अपनी पारंपरिक सीट उन्होंने अपनी बेटी प्रियंका गांधी के लिए खाली कर दी है।

### नेहरू-गांधी परिवार की दूसरी सदस्य

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी अब संसद के उच्च सदन, यानी राज्यसभा में दिखाई देंगी। उन्होंने राजस्थान से राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है, जहां से उनकी जीत तय मानी जा रही है। राज्यसभा में जाने वाली वह नेहरू-गांधी परिवार की दूसरी सदस्य होंगी। इनसे पहले उनकी सास इंदिरा गांधी भी राज्यसभा की सदस्य रह चुकी हैं। अंतर इतना है कि सोनिया संसदीय राजनीति के अंतिम दौर में उच्च सदन पहुंच रही हैं, जबकि इंदिरा ने संसदीय राजनीतिक जीवन में प्रवेश ही राज्यसभा से किया था। 1964 में जब देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का निधन हो गया था, तब इंदिरा गांधी उत्तरप्रदेश से अगस्त 1964 में राज्यसभा के लिए चुनी गयी थीं। उस वक्त लाल बहादुर शास्त्री प्रधानमंत्री थे। शास्त्री ने उन्हें अपनी कैबिनेट में सूचना-प्रसारण मंत्री बनाया था। वह 1964 से 1967 तक राज्यसभा की सदस्य रहीं। जनवरी 1966 में जब लाल बहादुर शास्त्री का निधन हुआ, तो वह राज्यसभा में रहते हुए ही देश की प्रधानमंत्री बनी थीं। इंदिरा गांधी राज्यसभा का सदस्य रहते हुए प्रधानमंत्री बनने वाली पहली शख्सियत थीं। साथ ही वह देश की पहली महिला प्रधानमंत्री भी थीं। इसके अगले साल 1967 में हुए आम चुनावों में इंदिरा गांधी ने उत्तरप्रदेश की रायबरेली सीट से लोकसभा का चुनाव जीता था। उन्होंने फिर 1971 और 1980 का भी चुनाव रायबरेली से ही जीता था। 1977 में उन्हें राज नारायण ने करारी शिकस्त दी थी।

### सोनिया गांधी क्यों जा रही हैं राज्यसभा

सोनिया गांधी के राज्यसभा के रास्ते संसद में आने पर कई लोग सवाल उठा रहे हैं। 77 साल की सोनिया गांधी वह नेता रही हैं, जो वर्तमान दौर में अपने दम पर कांग्रेस को दुबारा खड़ा करनेवाले लोगों में हैं। उनकी लीडरशिप और सियासी काबिलियत के उनके विरोधी भी कायल रहे हैं। सवाल यह भी उठ रहे हैं कि सोनिया के लोकसभा चुनाव न लड़ने के फैसले का पार्टी के कैडर पर विपरीत असर नहीं पड़ेगा? सोनिया गांधी से ज्यादा उम्रदराज लोग चुनाव लड़ते रहे हैं। फिर वह क्यों नहीं चुनाव में उतरेंगी।

### सोनिया ने राजस्थान को ही क्यों चुना

सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा भेजने के पीछे कांग्रेस की सबसे अहम रणनीति यह है कि कांग्रेस पार्टी नहीं चाहती है कि लगातार तीसरे चुनाव में भाजपा राज्य की सभी सीटों पर जीत जाये। कांग्रेस पार्टी को विश्वास है कि अगर सोनिया गांधी जैसा नेता उस राज्य से राज्यसभा जायेगा, तो इसका असर कार्यकर्ताओं पर पड़ेगा। नेताओं और मतदाताओं को एकजुट करने में भी इसका फायदा होगा। दूसरी तरफ यह भी चर्चा है कि पार्टी चाहती है कि अशोक गहलोत और सचिन पायलट दोनों को ही लोकसभा में उतारा जायेगा। ऐसे में गहलोत को राज्यसभा जाने से रोकने के लिए भी यह कदम उठाया जा रहा है।

### प्रियंका गांधी के लिए रायबरेली को छोड़ा

जानकारों का मानना है कि सोनिया गांधी ने अपनी रायबरेली की सीट अपनी बेटी प्रियंका गांधी के लिए छोड़ा है। सोनिया गांधी लंबे समय से रायबरेली सीट से चुनाव लड़ती रही हैं। प्रियंका गांधी उनके लिए चुनाव प्रबंधन सहित अन्य कार्य रायबरेली में करती रही हैं। पिछले पांच साल में प्रियंका गांधी की सक्रियता राजनीति में बढ़ी है। ऐसे में चर्चा है कि प्रियंका गांधी यूपी की किसी सीट से चुनाव लड़ेंगी। रायबरेली की सीट गांधी परिवार के लिए सुरक्षित सीट के तौर पर देखी जाती रही है। ऐसी चर्चा है कि रायबरेली से इस बार प्रियंका गांधी चुनाव लड़ेंगी। सोनिया गांधी स्वास्थ्य कारणों से चुनाव नहीं लड़ना चाह रही थीं। इसलिए उन्हें राज्यसभा से संसद में भेजा जा रहा है। सोनिया गांधी ने 2019 में घोषणा की थी कि यह उनका आखिरी लोकसभा चुनाव होगा। सोनिया गांधी ने तेलंगाना या कर्नाटक जैसे दक्षिणी राज्य के बजाय राजस्थान से चुनाव लड़ने का फैसला किया। राजस्थान में पार्टी तीन सीटों में से एक पर आसानी से जीत की स्थिति में है।

### सोनिया गांधी का राजनीतिक सफर

साल 1968 में सोनिया गांधी की शादी राजीव गांधी से हुई।1984 में राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने। 1991 में राजीव गांधी की हत्या हो गयी। लगभग सात साल तक सोनिया गांधी ने राजनीति से अपने आपको अलग ही रखा। 1998 में सोनिया गांधी कांग्रेस की अध्यक्ष बनीं। वह 1998 से 2017 और फिर 2019 से 2022 तक कांग्रेस की अध्यक्ष रहीं। सबसे अधिक समय तक कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी रह चुकी हैं। 1999 से 2004 तक लोकसभा में सोनिया गांधी विपक्ष की नेता रहीं। साल 2004 में उनके नेतृत्व में कांग्रेस को चुनाव में जीत मिली। बाद में उन्होंने पीएम का पद ठुकरा दिया। 2004 से 2023 तक सोनिया गांधी यूपीए की अध्यक्ष भी रहीं।



### मेरे परिवार को संभाल लेना, रायबरेली वालों के नाम सोनिया गांधी की चिट्ठी

सोनिया गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के लोगों को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने इसमें रायबरेली के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार किया है। उन्होंने रायबरेली की जनता से अपील करते हुए परिवार को संभाल लेने की बात कही है। उन्होंने लिखा है कि मैं जो भी हूं, वह रायबरेली की जनता के कारण हूं। मेरा भरोसा है कि आप हमारे परिवार को संभाल लेंगे। अपनी बढ़ती उम्र का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि रायबरेली से मेरा पुराना नाता रहा है। परिवार का गहरा रिश्ता रहा है। स्वास्थ्य कारणों से लोकसभा चुनाव न लड़ने की बात भी उन्होंने कही है। सोनिया गांधी ने अपने पत्र में लिखा है कि मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर आप लोगों से मिल कर पूरा होता है। यह नेह-नाता पुराना है। अपनी ससुराल से मुझे सौभाग्य की तरह यह मिला है। रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आपने मेरे ससुर फिरोज गांधी को यहां से जिता कर दिल्ली भेजा था। उसके बाद मेरी सास इंदिरा गांधी को आपने अपना बना लिया। उसके बाद से अब तक यह सिलसिला जिंदगी के उतार-चढ़ाव और मुश्किल भरी राह पर प्यार एवं जोश के साथ आगे बढ़ता गया है। इस पर हमारी आस्था मजबूत होती चली गयी। इसी रोशन रास्ते पर आपने मुझे भी चलने की जगह दी।

#### इंदिरा- राजीव गांधी की हत्या का जिक्र

रायबरेली की जनता को लिखे गये पत्र में सोनिया गांधी ने अपनी सास इंदिरा गांधी और पति राजीव गांधी की हत्या का भी जिक्र किया। साथ ही मोदी लहर को भी संकेतों में बताया है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आयी। आपने अपना आंचल मेरे लिए फैला दिया। पिछले दो चुनावों में विषम परिस्थितियों के बाद भी आप एक चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे। मैं यह कभी भूल नहीं सकती। यह कहते हुए मुझे गर्व है कि आज मैं जो कुछ भी हूं, आपकी बदौलत हूं। मैं इस भरोसे को हरदम निभाने की हरदम की है।

#### स्वास्थ्य और उम्र का दिया हवाला

सोनिया गांधी ने रायबरेली की जनता को लिखे गये पत्र में अपनी बढ़ती आयु और स्वास्थ्य का हवाला दिया है। इसे लोकसभा चुनाव में न उतरने का कारण गिनाया है। उन्होंने लिखा है कि अब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते मैं अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी। इस निर्णय के बाद मुझे आपकी सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा। लेकिन यह तय है कि मेरा मन- प्राण हमेशा आपके पास रहेगा। मुझे पता है कि आप हर मुश्किल में मुझे और मेरे परिवार को वैसे ही संभाल लेंगे, जैसे अब तक संभालते रहे हैं। इसके साथ उन्होंने पत्र में रायबरेली के लोगों से जल्द मिलने का वादा भी किया है।

# संघर्ष का प्रतिफल है पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन: ब्रह्मदेव प्रसाद

## ■ यह तो अभी झांकी है, पूरी उड़ान बाकी है ■ लोग आते जा रहे और कारवां बनता जा रहा

**राजनीतिक दलों के हाथों की कठपुतली अब नहीं बनेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के संयोजक ब्रम्हदेव प्रसाद ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के हक और अधिकार की लड़ाई को अंतिम सांस तक लड़ता रहूंगा। पलामू की धरती से मांगों को लेकर आवाज बुलंद की गयी है। यह आवाज अब दबनेवाली नहीं है। मशहूर शायर मजरूह सुल्तानपुरी का वह शेर याद आता है, जिसमें उन्होंने कहा था-मैं अकेला ही चला था जानिब-ए-मंजिल मगर, लोग साथ आते गये और कारवां बनता गया। कुछ इसी तरह की स्थिति भी ओबीसी के हक और अधिकार लेने को लेकर बन रही है। यह कहने में गुरेज नहीं है कि यह तो अभी झांकी है, पूरी उड़ान बाकी है। पलामू की धरती से उठी आवाज को झारखंड के रास्ते देश के कोने-कोने तक पहुंचाना है। तभी हम अपने हक और अधिकार को ले पायेंगे। देशस्तर पर जब आवाज उठने लगेगी, तभी पिछड़ा वर्ग की महिला, पुरुष, छात्र, किसान, युवा को अधिकार मिल सकेगा। यह ओबीसी समुदाय की एकजुटता से ही संभव है। इसी एकजुटता का प्रतिफल है कि सरकार को पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन करना पड़ा।

### संकल्प: 52 प्रतिशत आरक्षण से कम मान्य नहीं

पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के संयोजक ब्रम्हदेव प्रसाद ने कहा कि झारखंड में ओबीसी की जनसंख्या करीब 65 प्रतिशत जरूर होगी। उसी अनुपात में आरक्षण का लाभ भी मिलना चाहिए। कम से कम 52 प्रतिशत आरक्षण तो हर हाल में चाहिए। अब ओबीसी वर्ग जाग रहा है। वह राजनीतिक दलों के हाथों की कठपुतली नहीं बनने वाला है। अब तक होता यही रहा है कि जब राजनीतिक दल को जरूरत पड़ती थी, तो ओबीसी का सहारा लेते थे, लेकिन मौका निकलने के बाद दूध से मक्खी की तरह निकाल कर फेंक देते हैं। अब ऐसा नहीं होनेवाला है। ओबीसी समाज में 80 प्रतिशत लोग गरीब हैं। उनकी गरीबी को बहुत नजदीक से समझा है। देखा है। अनुभव किया है। इसी का नतीजा रहा कि पलामू की धरती से ओबीसी के हक और अधिकार के लिए उलगुलान का आगाज किया है। यह अब सभी प्रमंडलों में होगा।

### अंतिम सांस तक ओबीसी के अधिकार के लिए लड़ता रहूंगा





### सपना: प्रतिभा को निखारने का मंच दे सरकार

पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के संयोजक ब्रम्हदेव प्रसाद ने कहा कि ओबीसी छात्र-छात्राओं के लिए अलग से हॉस्टल की व्यवस्था की जाये। अन्य राज्यों की तरह झारखंड में उन्हें सुविधाएं मिले। इन छात्रों में टैलेंट है, लेकिन आर्थिकाभाव में उनका टैलेंट दब कर रह जाता है। नतीजतन वह गलत रास्ते की ओर भी रुख करने को विवश हो जाते हैं। इसे देखते हुए स्कूल-कॉलेज और शिक्षण संस्थान में भी जो छात्र फीस देने में असमर्थ हैं, उनके लिए सरकार विशेष व्यवस्था करे, ताकि पैसे के अभाव में उनकी प्रतिभा दम न तोड़े। इसके लिए बिना ब्याज के लोन मुहैया करायी जाये।

### सोच: युवकों के लिए 20 लाख तक लोन मिले

पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के संयोजक ब्रम्हदेव प्रसाद ने कहा कि पलामू की धरती से हक-अधिकार को लेकर आवाज उठाने का नतीजा है कि पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन हुआ है। इसी के साथ ही राजनीति में भी ओबीसी महिला को आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। मोदी सरकार ने देश में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण की बात कही है। इसमें से कम से कम 52 फीसदी ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षित की जाये। बेरोजगार युवकों के लिए 20 लाख रुपये तक लोन बिना ब्याज के उपलब्ध कराये, ताकि उनकी जिंदगी की गाड़ी भी दौड़ सके। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार को लेकर जो आंदोलन छेड़ा गया है, इसमें जिस तरह से लोगों की भागीदारी हो रही है। इसके लिए सभी को आभार। इसी तरह अगर समर्थन मिलता रहेगा, तो वह दिन दूर नहीं जब पिछड़ा वर्ग को संपूर्ण अधिकार मिल जायेगा। आज आलम यह है कि इस आंदोलन में जो लोग भी आ रहे हैं, वह शपथ ले रहे हैं कि चाहे जान की बाजी ही क्यों नहीं लगानी पड़े, लेकिन हक और अधिकार को हर हाल में लेकर रहेंगे।

### संघर्ष: व्यवसायी को सुरक्षा-पेंशन के लिए उठेगी आवाज

पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के संयोजक ब्रम्हदेव प्रसाद ने कहा कि देश और राज्य में करीब 80 प्रतिशत व्यवसायी हैं। उनकी सुरक्षा की गारंटी केंद्र और राज्य सरकार की होनी चाहिए। कारण उनके खून-पसीने की कमाई से ही सरकार की झोली भरती है। इस कारण 60 साल के बाद ऐसे व्यवसायियों को सरकार पेंशन की व्यवस्था लागू करे, ताकि उनकी जिंदगी आसानी से कट सके। आज तो स्थिति यह है कि आपराधिक घटनाओं से व्यवसायी त्रस्त हैं। इसके लिए सरकार को अगर अलग विंग बनाने की जरूरत है, तो उसे भी बनाये, ताकि व्यवसायी को सुरक्षा की गारंटी हर हाल में मिल सके।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.6 °c | 13.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.44 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.21 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 17 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in



# चंपाई मंत्रिमंडल: नये चेहरे और दिग्गजों पर दांव

## आइये जानते हैं नये मंत्रियों का सफरनामा

रांची (आजाद सिपाही)। चंपाई मंत्रिमंडल में शुक्रवार को आठ मंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। इसमें बसंत सोरेन और दीपक बिरुआ दो नये चेहरे झामुमो कोटे से नजर आये। बाकी पुराने चेहरे ने ही शपथ ली। सबसे पहले डॉ रामेश्वर उरांव और अंत में डुमरी की विधायक और झामुमो नेता स्व जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी ने मंत्री पद की शपथ ली। हफीजुल हसन ने उर्दू में शपथ ली। इस बीच मिथिलेश ठाकुर, बादल, बन्ना गुप्ता को राज्यपाल ने शपथ दिलायी।

## बसंत पहली बार मंत्री बने, दुमका से हैं विधायक



रांची (आजाद सिपाही)। 2019 के विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन बरहेट और दुमका विधानसभा से चुनाव लड़े थे। दोनों जगहों से जीत हासिल करने के बाद हेमंत सोरेन ने दुमका सीट को छोड़ दिया और इसी सीट पर छोटे भाई बसंत सोरेन को उपचुनाव में उम्मीदवार घोषित किया। बसंत उपचुनाव जीते और अब मंत्री बने। उन्होंने विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री लुइस मरांडी को लगभग सात हजार वोट से हराया था। बसंत सोरेन जेएमएम सुप्रीमो दिशोम गुरु शिबू सोरेन के छोटे बेटे और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाई हैं। वह राजनीति में सोरेन परिवार के छठे सदस्य हैं। बसंत सोरेन ने 2016 में राज्यसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 2016 में राज्यसभा चुनाव के बाद बसंत सोरेन संगठन स्तर पर लगातार काम करते रहे। इस दौरान उन्होंने कोई चुनाव नहीं लड़ा। दुमका क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहे, इसी का नतीजा रहा कि 2020 उपचुनाव में पार्टी ने उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया और वह जीत कर पहली बार विधायक 41 साल की उम्र में विधायक बने।

## नौकरशाह से नेता बने डॉ रामेश्वर उरांव



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में नौकरशाह से नेता बने डॉ रामेश्वर उरांव ने चंपाई सरकार में भी मंत्री पद की शपथ ली। वह कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। उन्होंने लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी के उम्मीदवार सुखदेव भगत को हराया। इसके बाद हेमंत सरकार में वित्त मंत्री रहे। रामेश्वर उरांव पहले आइपीएस अधिकारी थे। वह 1972 में आइपीएस चयनित हुए थे। उन्हें पुलिस सेवा के दौरान राष्ट्रपति पुलिस पदक भी मिला था। एडीजी पद से 2004 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर उन्होंने राजनीति के क्षेत्र में अपना सफर शुरू किया। रामेश्वर उरांव दो बार सांसद और एक बार केंद्र में राज्यमंत्री रह चुके हैं।

## मिथिलेश ठाकुर ने गढ़वा को बनाया कर्मक्षेत्र



रांची (आजाद सिपाही)। गढ़वा से विधायक चुने गये मिथिलेश ठाकुर ने दूसरी बार मंत्री पद की शपथ ली। उनके पिता गढ़वा वन विभाग में कार्यरत थे। इसके कारण मिथिलेश ने गढ़वा के गोविंद उच्च विद्यालय से पढ़ाई की। चाइबासा चले जाने के बाद भी उन्हें गढ़वा की याद आती थी। इस कारण मिथिलेश ने गढ़वा को अपना कर्मक्षेत्र बनाने का निर्णय लिया। 2009 में चुनाव हारने के बाद भी उन्होंने दूसरी बार 2014 के विधानसभा चुनाव में भाग्य आजमाया। मगर वह इसमें भी सफल नहीं हो सके। 2019 में विधायक चुन लिये गये। इसके बाद वह हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में मंत्री बने। दोबारा चंपाई सोरेन मंत्रिमंडल में उनको जगह दी गयी है।

## एमएलए बनने से पहले हफीजुल बने थे मंत्री



रांची (आजाद सिपाही)। चंपाई सरकार में मंत्री पद की शपथ लेनेवाले हफीजुल हसन झारखंड की राजनीति में काफी चर्चित नाम है। वह बिना विधायक बने भी मंत्री बन चुके हैं। फरवरी 2021 में हफीजुल हसन ने मंत्री पद की शपथ ली थी। उस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन थे। जब हसन ने मंत्री पद की शपथ ली थी तब वह विधायक भी नहीं थे। हफीजुल हसन, हाजी हुसैन अंसारी के बेटे हैं। हाजी हुसैन अंसारी शिबू सोरेन के काफी करीबी माने जाते रहे थे और 2020 में उनका निधन हो गया था। इसके बाद उनकी जगह उनके बेटे को मंत्री बनाया गया है।

## दीपक बिरुआ का सियासत में अहम रोल



रांची (आजाद सिपाही)। पश्चिमी सिंहभूम जिले का मुख्यालय और सिंहभूम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से आनेवाले दीपक बिरुआ का विधानसभा क्षेत्र राज्य की सियासत में अहम भूमिका निभाता है। 2005 के चुनाव में यहां से भाजपा के पुटकर हेंब्रम ने जीत हासिल की थी। उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी दीपक बिरुआ को हराया और विधायक बने। 2009 के चुनाव में यहां से झामुमो नेता दीपक बिरुआ विधायक चुने गये। दीपक 2014 के चुनाव में भी विधायक बने और 2019 में तीसरी बार भी जीत हासिल की। बीए पास दीपक बिरुआ ने दो बार बीजेपी के उम्मीदवार और गृह सचिव के पद से वीआरएस लेकर राजनीति में आये पूर्व आइएएस अधिकारी जेबी तुबिद को शिकस्त दी। इनकी झामुमो में अच्छी पैठ भी मानी जाती है। हेमंत सोरेन के करीबियों में दीपक बिरुआ का नाम शुमार है। वह पेशा कानून को लेकर हमेशा मुखर भी रहे हैं। दीपक बिरुवा एक कुशल और शैक्षणिक परिवार से आते हैं। हो बहुल क्षेत्र कोल्हान प्रमंडलीय चाइबासा में आलाकेय मुंडा परिवार से भी आते हैं। राजनीति उनको विरासत में मिली है। वह हाटगम्हरिया प्रखंड के सिंदरी गौड़ी गांव के रहनेवाले हैं।

## बन्ना गुप्ता दूसरी बार मंत्री बने



रांची (आजाद सिपाही)।जमशेदपुर पश्चिमी सीट पर भाजपा के देवेंद्र सिंह को हरा कर 2019 में चुनावी जीत दर्ज करनेवाले बन्ना गुप्ता ने चंपाई सरकार में मंत्री पद की शपथ ली है। इससे पहले वह हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में भी स्वास्थ्य मंत्री थे। जमशेदपुर पश्चिम में वर्ष 2000 के बाद यह रिकार्ड है कि इस सीट पर किसी भी पार्टी का विधायक लगातार अपनी दूसरी पारी नहीं खेल सका है। इस सीट पर वोटरों का मिजाज ऐसा है कि जो विधायक जनता की नजर और विकास के कार्यों में खरा नहीं उतरा जनता ने उन्हें बदल दिया। इससे पहले केवल मृगेंद्र प्रताप सिंह ही एकमात्र ऐसे उम्मीदवार हैं, जो वर्ष 1995 और वर्ष 2000 में लगातार दो बार चुनाव जीते।

## दूसरी बार बादल ने ली मंत्री पद की शपथ



रांची (आजाद सिपाही)। कांटे के मुकाबले में कांग्रेस प्रत्याशी बादल ने जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज की है। मतगणना के दौरान बादल और भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुंवर के बीच कांटे का मुकाबला देखने को मिला था। इसके बाद दूसरी बार बादल जरमुंडी से विधायक बने। इसके बाद हेमंत सरकार में बतौर कृषि मंत्री की जिम्मेवारी दी गयी। यहां का ज्यादातर इलाका ग्रामीण परिवेश में ढला हुआ है और यहां की आबादी में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों की संख्या ज्यादा है।

## विधायक बनने से पहले मंत्री बनी थीं बेबी देवी



रांची (आजाद सिपाही)। बेबी देवी 2023 के उपचुनाव में डुमरी सीट से निर्वाचित हुई थीं। वह पूर्व मंत्री स्व जगरनाथ महतो की पत्नी हैं। पति के निधन के बाद उन्होंने राजनीति में कदम रखा और डुमरी से चुनाव लड़ा था। दरअसल, विधायक बनने से पहले ही उन्हें मंत्री के रूप में शपथ दिलायी गयी थी। वह हेमंत सोरेन सरकार में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग देख रही थीं। चंपाई सरकार में भी उन पर भरोसा जताया गया है।

**RANCHI UNIVERSITY, RANCHI**

**SHORT TENDER NOTICE**

Sealed tender are invited for the total tent job including water proof pandal, designed gate, lighting decoration with generator, flower decoration, videography and photography and sound system on turnkey basis, for the 37th Convocation 2024 of Ranchi University at Dikshant Mandap campus of Ranchi University from the reputed Tent House (registered in Jharkhand Govt.) with Head Office in Ranchi city and having experience of carrying such job on the National and State level event for the value of not less than Rs. 50.00 lacs in the State of Jharkhand.

Detailed tender papers can be obtained from the office of C.C.D.C. on payment of Rs. 2000.00 (Rupees Two Thousand only) in the shape of D.D. in the name of **Registrar, Ranchi University** payable at **Ranchi** between **17/02/2024** and **04/03/2024** from **11.00 AM** to **2.00 PM** and may be submitted upto 04/03/2024 in the office of C.C.D.C. till 2.00 PM and it will be opened on the same day at 3.00 PM in the office chamber of C.C.D.C.. The tender paper is also available at Ranchi University website: www.ranchiuniversity.ac.in

The undersigned reserved the right to accept or reject full/partial bid without assigning any reason thereof.

By order of the Vice Chancellor
Sd/-
Registrar
Ranchi University, Ranchi

Memo No.: PL/ 859-62/24
Dated : 16.02.2024

## अंतिम क्षण में रोका गया, एक-दो दिन में कुछ कदम उठायेंगे : वैद्यनाथ राम

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** लातेहार के झामुमो विधायक वैद्यनाथ राम को अंतिम क्षण में मंत्री पद की शपथ लेने से रोका गया। इस कारण वह बेहद नाराज हैं। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा शपथ लेनेवाले मंत्रियों की जो सूची राजभवन को भेजी गयी थी, उसके आधार पर राजभवन ने उनका नाम शपथ लेनेवाले मंत्रियों में दूसरे नंबर पर रखा था। राजभवन ने उन्हें शपथ लेने के लिए आमंत्रण सह वारंट भी भेजा था और वह परिवार के साथ राजभवन जा रहे थे। उनका कहना है कि अचानक रास्ते में उनके पास सुप्रियो भट्टाचार्य का फोन आया और सीएमओ में बुलाया गया। वहां पहुंचने पर सुप्रियो ने उनसे कहा कि कांग्रेस द्वारा अप्रत्याशित दबाव आने के कारण उनका शपथ ग्रहण रोक दिया गया है। जोबा मांझी ने भी गुस्से का इजहार किया है।

वैद्यनाथ राम ने कहा कि एक-दो दिन में इसका रिजल्ट सामने आयेगा। उन्होंने कहा कि उन्हें शपथ नहीं दिलाने के झामुमो के फैसले का, खासकर अनुसूचित जाति समुदाय में अच्छा संदेश नहीं गया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस बेइज्जती को गंभीरता से लिया है और कुछ कदम उठायेंगे। अगले एक-दो दिन में सब कुछ सामने आ जायेगा।

### कांग्रेस ने किया विरोध

जानकारी के अनुसार कांग्रेस ने अनुसूचित जाति के किसी विधायक को मंत्री बनाये जाने की झामुमो की योजना का विरोध किया था। कांग्रेस को मंत्री बनने की लालसा वाले अपने विधायकों की नाराजगी भी झेलनी पड़ी। कांग्रेस के विधायक चाहते थे कि पुराने मंत्रियों में से कुछ को बदला जाये और नये लोगों को मौका दिया जाये। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस की स्थानीय इकाई चाहती थी कि 12वां मंत्री कांग्रेस का हो, ताकि कुछ विधायकों को मनाया जा सके, इसलिए पार्टी ने वैद्यनाथ राम का विरोध किया।

### कौन हैं वैद्यनाथ राम

राजनीति विज्ञान में स्नातक की उपाधि हासिल कर चुके वैद्यनाथ राम सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, लातेहार में तीन साल तक शिक्षक रहे। वर्ष 2000 में झारखंड अलग राज्य बनने पर उन्होंने नौकरी छोड़ दी और राजनीति में आ गये। उन्होंने पहली बार जदयू के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ा और विधायक बन गये। 2005 में उन्होंने जदयू से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया और फिर चुनाव जीते। तब वह शिक्षा मंत्री बने। 2009 में उन्हें राजद के प्रकाश राम ने हरा दिया। 2014 का चुनाव वैद्यनाथ राम ने नहीं लड़ा। 2019 में वह भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन पार्टी ने उनका टिकट काट कर प्रकाश राम को दे दिया। प्रकाश राम ने 2014 का चुनाव झाविमो प्रत्याशी के रूप में जीता था, लेकिन बाद में भाजपा में शामिल हो गये थे। तब वैद्यनाथ राम ने झामुमो का दामन थाम लिया और 2019 में प्रकाश राम को हरा कर विधायक बन गये।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## मंत्रिमंडल में एससी को प्रतिनिधित्व नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण: सुदेश महतो

### सरकार की सोच, नीति और नीयत को दर्शाता है मंत्रिमंडल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि मंत्रिमंडल का स्वरूप सरकार की सोच, नीति और नीयत को दर्शाता है। मंत्रिमंडल में इस बार भी अनुसूचित जाति समुदाय को प्रतिनिधित्व नहीं मिला। मुख्यमंत्री से उम्मीद थी कि राज्य की बड़ी आबादी जो पिछले 50 महीनों से नेतृत्वविहीन है, उन्हें सरकार में नेतृत्व मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। झारखंड देश का इकलौता राज्य है, जहां अनुसूचित जाति का एक भी मंत्री नहीं है। साथ ही मंत्रिमंडल में राज्य की आधी आबादी का भी प्रतिनिधित्व कम कर दिया गया है। राज्य के इतिहास में पहली बार 12 महिला विधायक चुन कर सदन पहुंची हैं। इनमें आठ महिला विधायक सत्ता पक्ष की हैं, लेकिन चंपाई सोरेन मंत्रिमंडल में सिर्फ एक महिला को मंत्री पद दिया गया है। इससे पहले दो महिला मंत्री थीं, सरकार ने इस संख्या को बढ़ाने के बदले आधा कर दिया। सुदेश महतो ने कहा कि सरकार के पास महिला सशक्तिकरण को बल देने का सुनहरा अवसर था, लेकिन सरकार की इस मामले में भी कोई दिलचस्पी नहीं दिखायी। इसके अलावा सरकार में ओबीसी समाज को आबादी के अनुसार मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिया गया है। इन्होंने राज्य की सबसे बड़ी आबादी को छलने का काम किया है। सरकार के मंत्रिमंडल में क्रिश्चियन समुदाय की सहभागिता अभी भी शून्य है। यह सरकार की मानसिकता को दिखलाता है। जनता अब इनके छलावे में आने वाली नहीं है। जनता इसका जवाब इस सरकार को सत्ता से बेदखल कर करेगी।

**झारखंड सरकार**
**झारखंड भू–सम्पदा नियामक प्राधिकार**
सातवां तल, रांची नगर निगम भवन
कचहरी रोड, रांची– 834001

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

झारखंड भू–सम्पदा नियामक प्राधिकार, रांची में न्यायालय के कार्यो का सुलभ संचालन हेतु विधि परामर्शी–सह–मध्यस्थ के रूप में संविदा/मानदेय आधारित कार्य करने हेतु इच्छुक सेवानिवृत प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश से प्रस्ताव निम्नलिखित शर्त्तो के साथ आमंत्रित किये जाते हैं:–

1. प्रस्तावदाता को प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश के रूप में कार्य करने का तीन वर्षो का अनुभव।
2. मध्यस्थ के रूप में 40 घंटा का मध्यस्थता प्रशिक्षण का अनुभव।
3. प्रस्तावदाता की आयु अधिकतम 70 होना चाहिए ।
4. गृह केता एवं बिकेता के बीच मध्यस्थता सम्बन्धी कार्य होने के फलस्वरूप रेरा कार्यानुभव वाले को प्राथमिकता दी जायेगी ।
5. विधि विभाग, झारखंड द्वारा निर्धारित मानदेय का भुगतान किया जायेगा ।

मुहरबंद प्रस्ताव दिनांक 04.03.2024 के पूर्वाहृन 11.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त की जायेगी ।

इच्छा की अभिव्यक्ति को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा ।

कार्य आदेश सं.– झारेरा/मध्यस्त सेवा–06/2024–287
रांची, दिनांक–16.02.2024

ह./–
सचिव–सह–
मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


# बड़े भाई हेमंत के अधूरे कामों को पूरा करूंगा : बसंत सोरेन

## मंत्री बनने के बाद सीएम चंपाई के साथ पहुंचे गुरुजी का आशीर्वाद लेने

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में चंपाई कैबिनेट का दूसरा विस्तार शुक्रवार को हो गया। इसमें झामुमो कोटे से पांच विधायकों ने कैबिनेट मंत्री की शपथ ली, जबकि कांग्रेस कोटे से 3 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। शपथ समारोह में झामुमो के दो नये चेहरे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के छोटे भाई दुमका विधायक बसंत सोरेन और कोल्हान प्रमंडल से आने वाले विधायक दीपक बिरुआ ने मंत्री पद की शपथ ली।

मंत्री पद की शपथ लेने के बाद बसंत सोरेन अपने पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन का आशीर्वाद लेने उनके मोरहाबादी स्थित आवास पर पहुंचे। इस दौरान बसंत सोरेन के साथ एक ही गाड़ी से मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी गुरु जी से मिलने उनके आवास पहुंचे। उन्होंने गुरुजी से मंत्रियों के विभागों के बारे में भी मंत्रणा की। मोरहाबादी स्थित दिशोम गुरु के आवास पर विधायक मंगल कालिंदी, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, मंत्री बेबी देवी और राज्यसभा सांसद महुआ माजी भी पहुंचे थे।

मीडिया से बात करते हुए मंत्री बसंत सोरेन ने कहा कि पार्टी 2024 का आगामी लोकसभा चुनाव हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही लड़ेगी। हेमंत सोरेन का काम काबिले तारीफ है। मेरी कोशिश रहेगी कि उनके अधूरे कामों को आगे बढ़ाऊं। बसंत सोरेन ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में बड़े भाई की कमी खली।

## हेमंत की गिरफ्तारी के विरोध में झामुमो का उपवास

# '2024 के चुनाव में भाजपा का खाता नहीं खुलेगा'

**मोरहाबादी मैदान में गांधी प्रतिमा के समक्ष झामुमो रामगढ़ जिलाध्यक्ष ने दिया धरना**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ झामुमो ने शुक्रवार को भी उपवास रखा। मोरहाबादी मैदान में गांधी प्रतिमा के समक्ष झामुमो रामगढ़ जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू के नेतृत्व में इडी और भाजपा पर हमला बोला गया। रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम के नेतृत्व में रांची जिला समिति भी शामिल हुई। विनोद किस्कू ने कहा कि हेमंत सोरेन को झारखंड की जनता ने पांच साल का बहुमत दिया था और वह जनता के घर-घर तक योजनाओं को पहुंचाने में लगे थे। इसे देखते हुए साजिश के तहत उनको जेल भेजा गया। मुश्ताक आलम ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा और केंद्र ने साजिश करके हेमंत सोरेन को जेल भेजा है, इससे हमारी पार्टी के साथ-साथ झारखंड की जनता भी दुखी है। आनेवाले 2024 के चुनाव में झारखंड से भाजपा का खाता नहीं खुलेगा। कार्यक्रम में नंदकिशोर मेहता, समनूर मंसूरी, भुन्नू महतो, डॉ हेमलाल मेहता, विनोद कुमार महतो, चित्रगुप्त महतो, अश्विनी शर्मा, रामानंद बेदिया, बीरू साहू, मो आजाद अंसारी, महेश ठाकुर, महेंद्र मुंडा, रामशरण तिर्की, अंतु तिर्की, तालकेश्वर महतो, बीरू साहू, अरुण वर्मा, लालजी रमण, आफताब आलम, महावीर विश्वकर्मा, अरविंद सिंह देवल, नयन तारा उरांव, उषा उरांव, संध्या गुड़िया, सुजीत उपाध्याय, लीना वर्मा, संजय राय समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## जदयू राज्य कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

# 5 एजेंडे पर मुहर, 3 लोकसभा सीट पर दावा

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** जदयू राज्य कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को पुराना विधानसभा परिसर स्थित विधायक क्लब में हुई।

इसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने की। बैठक में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का झारखंड में अभिनंदन समारोह, सदस्यता अभियान में तेजी, लोकसभा चुनाव, पार्टी संगठन-विधानसभा चुनावों सहित पांच एजेंडों पर पर चर्चा हुई। सभी को एक स्वर में इसे पारित किया। खीरू महतो ने कहा कि झारखंड में एनडीए गठबंधन के तहत तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव पार्टी की राज्य इकाई ने कार्यसमिति की बैठक में लाया है और इससे वह जल्द राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत करायेंगे। यह लोकसभा सीट हजारीबाग, चतरा और धनबाद की होगी। इसके साथ ही उन्होंने सांगठनिक कार्यों में तेजी लाने के लिए कोर कमेटी गठन की बात कही।

साथ ही उन्होंने ने कहा कि पंद्रह हजार सदस्य बनाने वाले नेता ही आगामी विधान सभा टिकट का दावा कर सकेंगे।

बैठक को पूर्व विधायक कामेश्वर दास, जदयू नेता भगवान सिंह, सागर कुमार, रेणु गोपीनाथ, संजय सिंह, उपेंद्र सिंह, निर्मल सिंह, बेनी माधव झा, दीप नारायण सिंह, अंजलि सिंह, पिंटू सिंह, अखिलेश राय, लालचन महतो, रमाकांत मंडल, बैद्यनाथ पासवान, मनोज सिन्हा, जगदीश महतो, कौशल कुमार, दिलीप महतो, मीना मुर्मू, खुशबू कुमारी, सरयू गोप, उदय सिंह, रणजीत जयसवाल, महेश्वर चौधरी, रामजी प्रसाद और अन्य ने संबोधित किया।

# पांच लाख की सब्सिडी पर खरीदें बड़ा ट्रैक्टर

**किसानों, महिला एसएचजी को मिलेगा अनुदान**

**सरकार ने स्वीकृत की 80 करोड़ की राशि**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के किसानों को पांच लाख की सब्सिडी पर बड़ा ट्रैक्टर खरीदने का ऑफर सरकार ने दिया है। यह व्यवस्था किसानों और महिला एसएचजी को दी गयी है। इसे लेकर झारखंड सरकार ने फिलहाल 80 करोड़ की राशि की स्वीकृति भी दे दी है।

इस वित्तीय वर्ष 2023-24 के 31 मार्च तक इस राशि से किसानों को ट्रैक्टर और इसके साथ कम से कम दो कृषि यंत्रों के क्रय करने के लिए कुल पैकेज राशि 10 लाख रुपये में बड़ा ट्रैक्टर पर अधिकतम अनुदान 50 प्रतिशत मिलेगा। दो कृषि यंत्रों के क्रय करने पर अधिकतम अनुदान 80 प्रतिशत तक दिया जायेगा। हालांकि कुल अधिकतम अनुदान पांच लाख तक ही होगा।

सरकार ने एक शर्त रखी है कि ट्रैक्टर पैकेज में दो कृषि यंत्र भी लेना अनिवार्य होगा, ताकि इसकी कृषि कार्य में उपयोगिता सुनिश्चित हो सके।

### इन्हें मिलेगा अनुदान

राज्य के सभी जिलों के कृषक समूह, महिला स्वयं सहायता समूह, पानी पंचायत, जलछाजन समिति, लैंपस-पैक्स, अन्य कृषक संगठन को मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना से ट्रैक्टर खरीदने के लिए पांच लाख तक का अनुदान दिया जायेगा।

# झामुमो, कांग्रेस और राजद का दलित विरोधी चेहरा फिर आया सामने: बाउरी

**कहा-बैद्यनाथ राम को मंत्री नहीं बनाना अनुसूचित जाति का अपमान है**

**शपथ ग्रहण के ठीक पहले बैद्यनाथ राम का नाम आखिरी समय में कटा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चंपाई सोरेन की हेमंत पार्ट-2 वाली सरकार का कैबिनेट का दूसरा विस्तार शुक्रवार को हो गया। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि राज्य की विडंबना है कि शपथ ग्रहण के ठीक पहले वैद्यनाथ राम का नाम आखिरी समय में काटा गया, जबकि वैद्यनाथ राम का नाम राजभवन को भेजी गयी सूची में दूसरे नंबर पर शामिल था। झारखंड की 50 लाख की आबादी वाले अनुसूचित जाति समाज को ठगबंधन सरकार के द्वारा एक और ठगी-धोखा का सामना करना पड़ा है। उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष, झारखंड विधानसभा अमर कुमार बाउरी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहीं। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस, राजद का दलित विरोधी चेहरा फिर से एक बार सबके सामने आ गया है। झारखंड का दलित वर्ग सिर्फ उनकी पार्टी का झंडा और डंडा ढोने लायक है, ना कि सत्ता में हिस्सेदारी और भागीदारी के लायक है। एक बार फिर मंत्री परिषद में अनुसूचित जाति समाज का प्रतिनिधित्व शून्य रहेगा। इस सरकार को लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव में जनता करारा जवाब देगी। बता दें कि इस विस्तार में आठ मंत्रियों ने शपथ ली। राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी, जिसमें डॉ रामेश्वर उरांव, दीपक बिरुआ, बन्ना गुप्ता, बादल, मिथिलेश ठाकुर, बसंत सोरेन, हफीजुल हसन और बेबी देवी शामिल रहीं।

## डीडीसी ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने का दिया निर्देश

# चुनावी पाठशाला में वोटर को करें जागरूक

**थीम के अनुसार यूनिक पोलिंग स्टेशन बनायें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने शुक्रवार को विकास भवन स्थित कार्यालय कक्ष में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता की बैठक की। इस दौरान डीडीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये।

डीडीसी ने निर्देश दिया कि लोकसभा चुनाव से पूर्व चुनावी गतिविधियों पर कार्य करते हुए मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरुकता फैलाने और मतदाता साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलायें। इससे मतदान के प्रतिशत में भी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनावी पाठशाला चलाते हुए विद्यालय, महाविद्यालय, शैक्षणिक संस्थान, ग्राम पंचायत, गांव, यंग वोटर को जागरूक करें। डीडीसी ने कहा कि सभी योग्य मतदाता मतदान आवश्यक रूप से करें। वोटर को जोड़ने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से मतदान करने के लिए अपना संदेश दें। साथ भी अन्य साधनों जैसे पोस्टर, बैनर, नुक्कड़ नाटक, मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को जागरूक करें। साथ ही कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर बूथ महत्वपूर्ण है। हर बूथ के लिए योजना बनायें और यूनिक पोलिंग स्टेशन बनायें, जो थीम के अनुसार बने। डीडीसी ने एसवीइइपी से जुड़े सभी अधिकारियों-पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि एसवीइइपी एक्शन प्लान बनाकर मतदाता जागरुकता को लेकर क्या-क्या एक्टिविटी करनी है, इसको लेकर एक्टिविटी कैलेंडर बना कर जल्द से जल्द कार्यक्रम चलायें।

## सीए मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने मनी लांड्रिंग में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम केस से जुड़े सीए मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाया। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। पूर्व में सुनवाई पूरा होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इडी की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता एके दास और सौरभ कुमार ने पैरवी की। मुकेश मित्तल पर वीरेंद्र राम की काली कमाई के लगभग 14 करोड़ रुपये को सफेद करने का आरोप है। इसके एवज में उसे मोटी रकम कमीशन के रूप में मिलती थी। इसके लिए उसने अपने कर्मचारियों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया था। पूर्व में मुकेश मित्तल की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट संबंधी याचिका को कोर्ट खारिज कर चुका है। उसकी अग्रिम जमानत याचिका को भी इडी कोर्ट ने 16 दिसंबर 2023 को खारिज कर दिया था। इसके बाद उसकी ओर से हाइकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गयी थी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### डीएसपीएमयू में सिंडिकेट की 17वीं बैठक

रांची (आजाद सिपाही)। श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में कुलपति तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में सिंडिकेट की बैठक आयोजित की गयी। इसके तहत 13 सितंबर 2023 को संपन्न 16वीं सिंडिकेट की बैठक में प्रस्तुत एजेंडों की संपुष्टि की गयी। इसमें श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की रीडर कालिंदी कुमारी को प्रोफेसर के पद पर प्रोन्नति की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसमें कुलसचिव नमिता सिंह, कुनुल कांदिर, एसएम अब्बास, सर्वोत्तम कुमार और रेखा झा शामिल थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### सीता सोरेन का मंत्री नहीं बनना दुर्गा सोरेन का अपमान: विजय शंकर नायक



रांची (आजाद सिपाही)।आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि सीता सोरेन को मंत्री नहीं बनाना स्व दुर्गा सोरेन द्वारा झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में उनकी भूमिका को अनदेखा करने जैसा है। कहा कि विधायक सीता सोरेन का मंत्री बनने का हक बनता था, मगर उनको इस हक से वंचित किया गया, जो एक महिला का अपमान है। सीता सोरेन को मंत्री नहीं बनाया जाना शुभ संकेत नहीं है। अभी भी समय है, वक्त रहते 12वें मंत्री के रूप में सीता सोरेन को मंत्री बनाकर दुर्गा सोरेन के प्रति सम्मान प्रकट करें।

### राजधानी में पहली बार जलसा एग्जीबिशन



रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी के होटरल रेडिशन ब्लू में पहली बार जलसा एग्जीबिशन संपन्न हुई। एग्जीबिशन में आये हुए लोगों ने जलसा के डिजाइनरों के कार्यों को सराहा और उनके बनाये डिजाइनर लहंगों, साड़ियों, सलवार सूटों की खूब खरीदारी भी की। जलसा की व्यवस्थापक रेशमा साहू, टिम्सी आनंद ने जलसा एग्जीबिशन हर तीन से छह में करने की बात कही।

### पूर्व वीसी एलसीसीएन शाहदेव की पत्नी का निधन



रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति लालचंद्र चूड़ामणि नाथ शाहदेव की पत्नी तृप्ति कुमारी देवी का रिम्स में निधन हो गया। वे लंबे अरसे से बीमार चल रही थीं। तृप्ति कुमारी देवी अपने पीछे पांच पुत्र, पुत्रवधू सहित आठ पोते, पोतियां छोड़ गयी हैं। उनका अंतिम संस्कार रांची के हरमू मुक्तिधाम में शुक्रवार अपराह्न एक बजे किया गया।

### मंत्री हफीजुल को उर्दू शिक्षक संघ ने दी बधाई

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद, प्रवक्ता शहजाद अनवर ने कहा कि सीएम चंपाई सोरेन को मंत्रिमंडल का विस्तार कर सफल नेतृत्व का उदाहरण पेश किया है, जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। राज्य के शिक्षक अब उम्मीद करते हैं कि उनके नेतृत्व में शिक्षा-शिक्षक हित में बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। शिक्षा व्यवस्था में सुधार के साथ रुके हुए कार्य पूरे होंगे। केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने सभी मंत्रियों का स्वागत किया। हफीजुल हसन को उर्दू में शपथ लेने के लिए बधाई दी।

### नींबू पहाड़ अवैध खनन मामले में फैसला सुरक्षित रखा

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट में नींबू पहाड़ अवैध खनन मामले में सीबीआइ द्वारा एफआइआर दर्ज करने को चुनौती देनेवाली राज्य सरकार की याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी होने पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वर्चुअली पक्ष रखा, जबकि महाधिवक्ता राजीव रंजन, अधिवक्ता मनोज कुमार, अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने सुनवाई में कपिल सिब्बल को सहयोग किया। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हाइकोर्ट का आदेश केवल प्रारंभिक जांच दर्ज करने का था, लेकिन राज्य सरकार की अनुमति के बिना सीबीआइ ने मामले में एफआइआर दर्ज कर ली, जो गलत है। पीइ में यदि सीबीआइ को कुछ मिले थे, तो राज्य सरकार की अनुमति लेनी चाहिए थी। सीबीआइ की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने बताया कि हाइकोर्ट का आदेश था कि यदि पीइ में कुछ आपराधिक घटनाओं की संलिप्तता मिलती है, तो वह कानूनसम्मत निर्णय लेकर आगे की कार्रवाई कर सकती है।

## डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की ओर से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

# बिरला विश्वविद्यालय को क्वांटम हब बनाने पर जोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की ओर से भौतिकी विभाग सरला बिरला विश्वविद्यालय के तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ बीके बिरला ऑडिटोरियम महिलौंग में किया गया। सम्मेलन में क्वांटम विज्ञान-तकनीक में हालिया प्रगति विषय पर चर्चा की गयी।

मुख्य अतिथि बीआइटी मेसरा के पूर्व कुलपति डॉ अजय चक्रवर्ती ने क्वांटम तकनीक पर राष्ट्रीय सम्मेलन करने के विवि के प्रयास की सराहना की। उन्होंने भारत सरकार द्वारा शुरू किये गये नेशनल क्वांटम मिशन के बारे में जानकारी दी। पर्ड्यू विश्वविद्यालय इंडियाना अमेरिका के प्रो आलोक चतुर्वेदी ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। गेस्ट ऑफ ऑनर डीएचटीइ के डॉ धनंजय कुमार सिंह और जेसीएसटीआइ के डॉ रंजीत कुमार सिंह ने विचार रखे।

कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने क्वांटम कम्प्यूटिंग के विकास के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सरला बिरला विश्वविद्यालय को आनेवाले समय के क्वांटम हब के तौर पर विकसित किये जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। विवि के इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड साइंसेज विभाग के डीन डॉ पंकज गोस्वामी ने सम्मेलन की विवरणी प्रस्तुत की। इस अवसर पर स्मारिका का भी विमोचन किया गया। प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह, प्रो एसबी डांडिन, डॉ पार्थो पॉल, डॉ संजीव कुमार सिन्हा, डॉ नित्या गर्ग, डॉ पिंटू दास, डॉ रोहित मुखर्जी, प्रो अभिजीत चटर्जी समेत अन्य उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW




## चुटिया के अयोध्यापुरी में पूजा पंडाल में महिलाएं गा रही थीं भजन

# अचानक चल गयी गोली महिला का हाथ जख्मी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र के अयोध्यापुरी रोड नंबर एक में शुक्रवार शाम को अचानक तब गोली चल गयी, जब पूजा पंडाल में आरती के बाद मुहल्ले की महिलाएं भजन गा रही थीं। गोली महिला के हाथ को छूते हुए निकल गयी। अयोध्या पूरी रोड नंबर एक में सरस्वती पूजा आयोजन किया गया था। पूजा पंडाल में आरती के समय भीड़-भाड़ थी, तभी अचानक गोली चली। वहां अयोध्या पूरी रोड नंबर 2 की रहने वाली महिला पूनम देवी (52) भी भजन गा रही थीं। गोली उनके बांया हाथ को छूकर निकल गयी। जख्मी पूनम देवी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। सूचना पाकर चुटिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर उमा शंकर दलबल के साथ पहुंचकर छानबीन की। गोली किसने चलायी, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल सकी है। महिला के बयान पर चुटिया थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को घटना स्थल से एक गोली मिली है। चुटिया थाना प्रभारी उमा शंकर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### नगड़ी में मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा पर पथराव के बाद झड़प, पुलिस तैनात, निषेधाज्ञा लगी

**रांची।** नगड़ी में मूर्ति विसर्जन के दौरान झड़प हो गयी। दरअसल, नगड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत के नगड़ी चौक के आगे मूर्ति विसर्जन के दौरान जब शोभायात्रा आगे बढ़ी, तो शोभायात्रा पर पथराव होने की घटना सामने आयी है। बताया गया कि पथराव के बाद शोभायात्रा में शामिल लोगों के साथ झड़प भी हुई है। फिलहाल मौके पर पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। नगड़ी अंचल क्षेत्र में अगले आदेश तक के लिए निषेधाज्ञा जारी कर दी गयी है।

# लोस चुनाव के मद्देनजर हेल्प डेस्क मैनेजर को मिला टास्क

## शिकायतों के निष्पादन में सेंटर की भूमिका महत्वपूर्णः के रवि कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी जिलों से आये हेल्प डेस्क प्रबंधकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ। मुख्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 102 हेल्प डेस्क मैनेजर को लोकसभा चुनाव के लिए स्वीप एक्शन प्लान, जन शिकायत निवारण पोर्टल, एनजीएसपी, वोटर हेल्पलाइन सहित कई तकनीकी बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि वे ऐसे फ्रंटलाइन कर्मियों के रूप में सेवाएं दे रहे हैं, जहां उनका संवाद सीधे नागरिकों से होता है। इसलिए उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य के मतदाताओं से जो सुझाव और शिकायतें हेल्पलाइन सेंटर को प्राप्त हों, उन्हें भी डिजिटाइज जरूर करें, ताकि मुख्यालय स्तर तक सही फीडबैक पहुंचे। चुनाव को देखते हुए स्वीप के कार्यक्रम में सोशल मीडिया का किस प्रकार प्रयोग कर अधिक लोगों तक जुड़ा जाये, इस पर भी प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त आने वाले समय में किसी तरह की अप्रत्याशित फेक न्यूज की संभावनाओं से कैसे निपटना होगा, इस पर भी बारीकी से बताया गया।

संबंधित फेक न्यूज को कैसे पहचाने और आम लोगों को इससे भ्रमित होने से कैसे बचायें, इस विषय पर विशेष रूप से चर्चा हुई। इसमें संयुक्त सचिव सुबोध कुमार, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, सिस्टम एनालिस्ट एसएन जमील ने सभी हेल्प डेस्क मैनेजर को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया।

### महिलाओं की आर्थिक सबलता के लिए अर्बन लाइवलीहुड इको सिस्टम पर करना होगा कामः राहुल

**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, यूएनडीपी इंडिया एवं नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शहरी आजीविका से संबंधित राष्ट्रीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यशाला में महिला सशक्तिकरण, आर्थिक आत्मनिर्भरता विषय पर गहन चर्चा हुई। नयी रणनीति और भविष्य में राज्यों के उत्कृष्ट कार्यों को पूरे देश में कैसे लागू किया जाये, इसकी कार्ययोजना बनायी गयी। केंद्रीय संयुक्त सचिव राहुल कपूर ने कहा कि शहरी क्षेत्र की गरीब महिलाओं के साथ उनकी सशक्त संरचनात्मक संस्था के द्वारा उनकी आजीविका विकास, सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के लिए समुदाय के साथ मिलकर विकास पर कार्य किये जाने की आवश्यकता है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अर्बन लाइवलीहुड इको सिस्टम पर काम करना होगा। झारखंड राज्य द्वारा इस दिशा में बेहतर कार्य किये जा रहे हैं। नगर विकास सचिव अरवा राजकमल और निदेशक नगरीय प्रशासन आदित्य कुमार आनंद ने महिला स्वयं सहायता समूहों, स्ट्रीट वेंडर्स के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र-राज्य सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लाभ देने की प्रतिबद्धता दोहरायी।

### विद्यासागर पूजा क्लब सरस्वती पूजन उत्सव में महाआरती का हुआ आयोजन

**रांची (आजाद सिपाही)।** विद्यासागर पूजा क्लब कैलाश बाबू स्ट्रीट नियर टैक्सी स्टैंड में शुक्रवार को विक्रम सिंह के नेतृत्व में महाआरती का आयोजन हुआ। वहीं बिक्रम सिंह ने कहा कि विद्यासागर पूजा क्लब के द्वारा वर्षो से इस जगह मां सरस्वती की पूजा की जाती है। महा भंडारा के पश्चात प्रतिमा विसर्जन के साथ कलश विसर्जन शोभायात्रा 17 फरवरी को किया जायेगा। इस मौके पर संरक्षक बीके जायसवाल, लंकेश सिंह, विष्णु राम वर्मा, गोपाल ठाकुर, उमाशंकर दास, ओम प्रकाश साहू, मुन्ना चौरसिया, अधिवक्ता राजन सहाय, विश्व रूप दे, दीपक वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष विकास कुमार, महासचिव सनी कुमार, संगठन सचिव कौशल साहू, महामंत्री अमन वर्मा, उपाध्यक्ष बंटी साहू, राजदेव, प्रशांत वर्मा, चंचल कुमार, अक्षत सोनी, सचिन, उत्कर्ष तिवारी, सहसचिव राज चक्रवर्ती, पीयूष सिंह, आदित्य सिंह, मंत्री अनिरुद्ध वर्मा, शेखर वर्मा, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, सचिन वर्मा, मीडिया प्रभारी प्रेमचंद गुप्ता, सिद्धांत श्रीवास्तव एवं महिला मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष कुमारी, केंद्रीय महिला कार्यकारिणी अध्यक्ष पल्लवी प्रसाद, उपाध्यक्ष सुधा देवी, अंजली वर्मा, महासचिव सोनी कुमारी, महामंत्री गीत दे, केंद्रीय संगठन सचिव प्रीति देवी आदि लगे हुए है।

## फिनो पेमेंट्स बैंक झारखंड में 4.50 लाख ग्राहकों को दे रहा वित्तीय सेवा

# 18000 से अधिक मर्चेंट प्वाइंट से रुपये का हो रहा लेन देन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** फिनो पेमेंट्स बैंक झारखंड राज्य में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। वर्तमान समय में झारखंड में फिनो पेमेंट्स बैंक 4.50 लाख ग्राहकों को सेवा दे रहा है। इस वित्तीय वर्ष में कुल 1.40 लाख खाता खोले गये हैं। अगले वित्तीय वर्ष में 1.70 लाख नये खाते खोलने की योजना है। अभी राज्य में दो शाखाएं और सात क्लस्टर कार्यालय है। कुल 18 हजार से अधिक मर्चेंट प्वाइंट के माध्यम से ग्राहकों के साथ आसानी से रुपये का लेन देन किया जा रहा है। अगले वित्तीय वर्ष में मर्चेंट नेटवर्क की संख्या बढ़ायी जायेगी। फिनो पेमेंट्स बैंक कैश मैनजमेंट सर्विस के मामले में भी बेहतर प्रदर्शन करते हुये 2600 करोड़ का काम कर चुके हैं। बैंक जल्द ही कई अन्य प्रोडक्ट में भी एड करने जा रहा है। बैंक आपके द्वार तक के माध्यम से अपना नेटवर्क बढ़ा रहे हैं। यह जानकारी फिनो पेमेंट्स बैंक झारखंड और छत्तीसगढ़ के जोनल हेड अशोक कुमार पांडेय ने शुक्रवार को रांची स्थित आंचलिक कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख शैलेंद्र झा और राजीव मिश्रा मौजूद थे। श्री पांडेय ने कहा कि झारखंड के पंचायत स्तर पर काम करने की योजना है। ग्राहकों तक आसानी से बैंक की पहुंच हो इसके लिये हर दो किलो मीटर के अंदर हमारी सेवा दी जा रही है। मर्चेंट प्वाइंट के माध्यम से एटीएम से भी कम समय में ग्राहकों को सेवा प्रदान कर रहे हैं। चार मिनट में ग्राहकों का बचत खाता खोला जा रहा हैं। साथ ही उनको डेबिट कार्ड भी प्रदान कर रहे हैं। फिनो पेमेंट्स बैंक ने झारखंड में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए गली-गली फिनो अभियान भी चला रही है, ताकि ग्राहकों को जरूरत के समय रुपये मिल जाये। उन्होंने कहा कि बैंक मोटर इंश्योरेंस के साथ ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस का भी कारोबार कर रहा है। फिनो पेमेंट्स बैंक छोटे और मध्यम बिजनेस चला रहे ग्राहकों को चोरी, भूकंप, आग, बिजली, तूफान, बाढ़, दंगों समेत कई अन्य कारणों से होने वाले नुकसान को कवर करेगा।

# गवर्नर ने राशन घोटाले में जेल में बंद बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को पद से हटाया

**मुख्यमंत्री की सलाह पर राज्यपाल ने तत्काल मंत्री पद से कार्य मुक्त किया**

**गिरफ्तारी के साढ़े तीन माह बाद मल्लिक की मंत्री पद से हुई छुट्टी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राशन वितरण घोटाले में गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद राज्य के वन व सार्वजनिक उद्यम और औद्योगिक पुनर्निर्माण विभाग के मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को उनके पद से शुक्रवार को हटा दिया।

राजभवन के उच्च पदस्थ सूत्रों ने देर शाम इसकी जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री की सलाह पर राज्यपाल ने यह कदम उठाया है। पिछले साल 27 अक्टूबर को ईडी ने राशन घोटाले के सिलसिले में मल्लिक को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के करीब साढ़े तीन माह बाद मल्लिक को मंत्री पद से हटाया गया है। बताया गया कि राज्यपाल ने संविधान के अनुच्छेद 166(3) के तहत मल्लिक को मंत्री के रूप में उनके कर्तव्यों से तत्काल कार्य मुक्त कर दिया है। मुख्यमंत्री की सलाह पर राज्यपाल ने मंत्री पार्थ भौमिक और बीरबाहा हांसदा को उक्त विभाग आवंटित किया है। राज्यपाल ने इसपर प्रसन्नता जतायी है। इसमें सिंचाई और जलमार्ग विभाग की पहले से जिम्मेदारी संभाल रहे पार्थ भौमिक को सार्वजनिक उद्यम और औद्योगिक पुनर्निर्माण विभाग का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है।

वहीं, राज्यमंत्री के रूप में स्वयं सहायता समूह और स्वरोजगार विभाग (स्वतंत्र प्रभार) की जिम्मेदारी संभाल रहीं बीरबाहा हांसदा को वन विभाग (स्वतंत्र प्रभार) का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है, जो मल्लिक के पास था। मल्लिक पर खाद्य मंत्री रहने के दौरान राशन वितरण में भारी अनियमितता का आरोप है।

## भारत बंद : कंपनियों में हड़ताल, एनएच जाम

# किसान मोर्चा ने राजधानी में निकाली रैली

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** देशव्यापी ग्रामीण बंद और औद्योगिक हड़ताल का राज्य में मिला-जुला असर देखा गया। राज्य के ग्रामीण इलाकों में बंद का आंशिक असर देखा गया। सुबह से लेकर दोपहर तक ग्रामीणों की ओर से प्रमुख हाइवे बंद होने की जानकारी मिली, जिसमें बुंडू एनएच, बहरागोड़ा एनएच में आवागमन प्रभावित किया गया। शहरी इलाकों में स्थिति सामान्य रही। ट्रेड यूनियनों और किसान आंदोलन के बंद के दौरान औद्योगिक क्षेत्रों में भी हड़ताल बुलायी गयी थी। सीटू की मानें तो बंद के दौरान धनबाद, जमशेदुपर समेत अन्य जिलों में विरोध प्रदर्शन किये गये। सीटू के प्रतीक मिश्र ने बताया कि दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों के आह्वान पर देशव्यापी भारत बंद बुलाया गया। वहीं औद्योगिक हड़ताल का आह्वान भी इस दौरान किया गया, जो राज्य में सफल रहा। राज्य में देशव्यापी बंद का नेतृत्व किसान सभा, किसान महासभा, एटक, इंटक, एक्टू, सीटू समेत राजनीतिक दलों में कांग्रेस, राजद, माकपा, भाकपा ने समर्थन दिया।

इधर, राजधानी रांची में देशव्यापी बंद के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियनों की ओर से रैली का आयोजन किय गया। रैली सैनिक बाजार से अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाली गयी। अल्बर्ट एक्का चौक जाकर रैली सभा में तब्दील हो गयी। इस दौरान किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियनों के नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि केंद्र सरकार सत्ता में आने के साथ ही मजदूरों और किसानों पर हमला कर रही है। लगातार केंद्र सरकार की ओर से जन विरोधी नीतियां लागू की जा रही हैं। आलम ये है कि किसानों के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी तक केंद्र सरकार नहीं दे पा रही है। देश में बेरोजगारी भी चरम पर है। इस दौरान अखिल भारतीय किसान सभा से अजय कुमार सिंह, महेंद्र पाठक, जगन्नाथ उरांव समेत अन्य नेता शामिल रहे।

# छात्र संघ का राजभवन के समक्ष प्रदर्शन आज

## सरकार ने छात्रों के भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया हैः ओम वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले की सीबीआइ जांच समेत अन्य मांगों को लेकर अखिल झारखंड छात्र संघ शनिवार को राजभवन के समक्ष प्रदर्शन करेगा। इस प्रदर्शन में आजसू के समस्त जिलों के कार्यकर्ताओं के साथ हजारों की संख्या में छात्र और अभ्यर्थी शामिल होंगे। आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने बताया कि छात्रों के साथ पैदल मार्च करते हुए मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका से कचहरी होते हुए राजभवन पहुंच कर प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद मांगों को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपेंगे। कहा कि सरकार इस मामले की जांच सीबीआइ से कराये, ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो। पिछले दिनों हस्ताक्षर अभियान और मशाल जुलूस में शामिल होकर छात्रों ने सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। महासचिव विशाल महतो ने राज्य के सभी छात्रों और अभ्यर्थियों को प्रदर्शन में शामिल होने का आग्रह किया। कहा कि पेपर लीक मामले को लेकर सभी छात्र एकजुटता का परिचय देते हुए राजभवन के समक्ष होने वाले प्रदर्शन में सहभागिता सुनिश्चित करें।

# राष्ट्रपति से मिले सांसद संजय सेठ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने नयी दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान संसद में उन्हें झारखंड के गौरव जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा भेंट की और अयोध्या धाम से आये भगवान श्री रामलला का प्रसाद भी दिया। सांसद संजय सेठ ने राष्ट्रपति को झारखंड की स्थिति से भी अवगत कराया। राष्ट्रपति ने झारखंड के विषय में सांसद से जानकारी ली और क्षेत्र का कुशलक्षेम भी पूछा। राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद श्री सेठ ने बताया कि यह शिष्टाचार मुलाकात थी।

# मार्च महीने से बिजली बिलिंग की नयी व्यवस्था

**उपभोक्ता से अपील की कि जल्द करायें केवाइसी**

**व्हाटसएप-एसएमएस से मिलेगा बिजली बिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम मार्च से बिलिंग की नयी व्यवस्था लागू करेगा। इसके तहत व्यवस्था उपभोक्ताओं को व्हाटसएप और एसएमएस के जरिये बिजली बिल उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिए जेबीवीएनएल ने अपने उपभोक्ताओं से अपील की है कि उपभोक्ता फरवरी महीने के अंत तक अपना केवाइसी करा लें। इसके लिए उपभोक्ताओं को अपने नजदीकी बिजली कार्यालय में अपने मोबाइल नंबर को बिजली कंज्यूमर नंबर से जोड़ना होगा।

राज्य के सभी बिजली कार्यालयों में ये व्यवस्था शुरू कर दी गयी है। इसके लिए प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है, जिसके तहत सोशल मीडिया के जरिये उपभोक्ताओं को केवाइसी कराने की जानकारी दी जा रही है। मोबाइल नंबर और कंज्यूमर नंबर जुड़ा होने पर ही उपभोक्ताओं को मैसेज के जरिये बिल दिया जायेगा। ऐसे में ऊर्जा मित्रों की ओर से समय में बिल नहीं देने से होने वाली परेशानियों से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। विशेष प्रचार के लिए ग्रामीण इलाकों में अभियान चलाया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ता इस व्यवस्था से लाभान्वित हो सके।

जेबीवीएनएल की मानें तो नयी व्यवस्था मार्च से शुरू हो जायेगी। बिजली संबंधी शिकायत, नया कनेक्शन समेत अन्य सुविधा का लाभ भी उपभोक्ता एसएमएस या व्हाट्सएप पर ले सकते हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी में पिछले कई दिनों से चली आ रही समस्या का समाधान मिलेगा।

**वृष** परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा. संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्त होगा. अव्यवस्थित दिनचर्या।

**मिथुन** आपकी परिस्थिति तथा लापरवाही का दूसरे फायदा उठायेंगे. अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** स्वास्थ्य ठीक रहेगा.मामला-मुकदमे के कार्य में सफलता मिलेगी, शत्रुओं व विरोधियों पर विजय मिलेगी।

**सिंह** व्यापार-व्यवसाय में लेन-देन संबंधी विवाद से दूर रहें। अनावश्यक भागदौड़ अधिक करना पड़ेगा।

**कन्या** जोखिम के काम सावधानी से करें, उच्चस्तरीय लोगों से संपर्क बनाने की कोशिश सफल नहीं होगी।

**तुला** मकान, प्रॉपर्टी, नये व्यापार-धंधे में सफलता मिलने का योग है, शुभ कार्य करने का योग बनेगा।

**वृश्चिक** आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी, नया काम शुरू होने में अब कोई देर नहीं, अड़चनें दूर होंगी।

**धनु** घर में बड़े लोगों का समागम होगा, भूमि-भवन-वाहन सुख की अनुकूलता रहेगी।

**मकर** व्यापार-धंधे में लाभ होगा, बड़े-बुजुर्गों का प्यार तथा आशीर्वाद मिलेगा।

**कुंभ** आवश्यक कामों में आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है।

**मीन** संतान पक्ष की ओर से निश्चिंतता बढ़ेगी, मानसिक उलझनें होंगी।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com


# किडनी फेल मरीज का पारस एचइसी हॉस्पिटल में इलाज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 50 वर्षीय पुरुष मरीज मिर्गी, बेहोशी और बुखार की समस्या के साथ इमरजेंसी में पारस एचइसी हॉस्टिपल पहुंचा। इमरजेंसी में मरीज काफी इरिटेबल था। मरीज को तत्काल आइसीयू में भर्ती कराया गया। पारस अस्पताल में डॉ अशोक कुमार बैद्य ने मरीज की जांच की और पाया कि उसकी किडनी ने काम करना बंद कर दिया है, जिसके कारण मरीज का यूरीन कम पास हो रहा। इसके बाद डॉ बैद्य की सलाह पर मरीज के खून की जांच की गयी। हीमोग्लोबिन और प्लेटलेट्स काफी कम और सीरम बहुत बढ़ा हुआ मिला। इस बीमारी को हेमोल्यटिक उरेमिक सिंड्रोम कहा जाता है। दो से तीन दिनों के नियमित इलाज के बाद मरीज का हीमोग्लोबिन और प्लेटलेट्स सामान्य स्तर पर आ गया और मरीज इरिटेबल नहीं था। मरीज को आइसीयू से निकालकर सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। पारस अस्पताल में मरीज का दो दिनों तक फॉलो अप करने के बाद उसे कुछ जरूरी सलाह देने के बाद पारस अस्पताल से उसे छुट्टी दे दी गयी है। फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने बताया कि पारस एचइसी अस्पताल में मरीजों का विशेष ख्याल रखा जाता है।


**शपथ पत्र**

शपथ पत्र सं11901, दिनांक 16.02.2024 के अनुसार मैं, मोईन अंसारी पिता–सखावत अंसारी मरहूम उम्र लगभग 36 वर्ष, पता– नुर कुरैशी मोहल्ला, लोहरदगा, थाना– लोहरदगा, जिला–लोहरदगा, झारखंड, एतद् द्वारा शपथ पूर्वक निम्नलिखित घोषणा करता हूं–

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।
2. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूं तथा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा मुझे आधार कार्ड सं.–735347516942 निर्गत हुआ है जिसमें मेरा नाम मोईन अंसारी पिता सखावत अंसारी मरहुम निवासी–नुर नगर कुरैशी मोहल्ला, लोहरदगा, थाना –लोहरदगा, जिला–लोहरदगा दर्ज है। तथा भारतीय स्टेट बैंक लोहरदगा शाखा में मेरा एक बचत खाता सं. 85763465343 सी.आई.एफ. नं. 31124046047 है जिसमें मेरा नाम मो. मोईन पिता मो. सखावत अंसारी निवासी नुर नगर कुरैशी मोहल्ला लोहरदगा थाना एवं जिला–लोहरदगा दर्ज हैं।
3. यह कि मैं मोईन अंसारी एवं मो. मोईन दोनों नाम से जाना जाता हूं तथा सखावत अंसारी एवं मो. सखावत अंसारी दोनों नाम से जाने जाते थे।तदनुसार मोईन अंसारी एवं मो. मोईन दोनों एक ही व्यक्ति हैं तथा सखावत अंसारी एवं मो. सखावत अंसारी दोनों एक ही व्यक्ति थे।
4. यह कि मेरा उक्त बचत खाता में मेरा नाम मोईन अंसारी पिता सखवत अंसारी मरहुम दर्ज किया जाय इस निमित मैं यह शपथ पत्र सम्पादित कर रहा हूं। यह शपथ पत्र मेरा हस्ताक्षर से आज दिनांक 16.02.2024 ई. को लोहरदगा में सम्पन्न हुआ।

पत्रांक सं.11901, दिनांक 16.02.2024

**AFFIDAVIT**

I TIKESHWAR MAHTO, S/O-Yugal Kishore Mahto, aged about- 26 years, resident At-Tusko, Garahawatand, Chatrochatti. Badki Sidhawara, Jarkunda, District-Bokaro (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
**1.** That, my Nationality is Indian. **2.**That, my Aadhar No. is 7285 1522 6085 and PAN Card No. DOCPM7773H. **3.**That, my actual name is **TIKESHWAR MAHTO** which has been mentioned in my said Aadhaar Card and Pan Card but in my Bank Passbook in Bank of India, Branch-Gomia, vide account No. 481110510003008 my name has been mentioned as **TIKESHWAR KUMAR MAHTO. 4.**That, I want to correct my name as **TIKESHWAR MAHTO** in place of **TIKESHWAR KUMAR MAHTO** in my aforesaid Bank account. **5.** That, the contents of this affidavit are true and correct nothing has been concealed by me, if found false I will be fully liable for the same. **6.**That, I swearing this affidavit to submit it before the authority concerned for needful purpose. **7.**That the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief.

**Ref. No.:729 Date 16.02.2024**

# निष्पक्षता पर फोकस

चुनावी बॉन्ड स्कीम को बैन करने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला तात्कालिक और दूरगामी, दोनों लिहाज से महत्वपूर्ण है। इससे राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे और उसके तरीके पर तो तुरंत असर पड़ेगा ही, राजनीति में पारदर्शिता और लोकतंत्र में जनता के सूचना के अधिकार की अहमियत भी रेखांकित हुई है। लोकसभा चुनाव से कुछ समय पहले आये इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड को लाने के लिए कानूनों में किये गये बदलावों को असंवैधानिक ही नहीं घोषित किया है, इन प्रावधानों के असर को काटने वाले उपायों के साथ समय सीमा भी जोड़ी है। फैसले के मुताबिक 12 अप्रैल 2019 के बाद चुनावी बॉन्डों के जरिये आये चंदे से जुड़े सारे डीटेल्स 13 मार्च 2024 तक चुनाव आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक हो जाने चाहिए। मतलब यह कि अप्रैल-मई में संभावित चुनावों में राजनीतिक दलों की प्रचार शैली पर भी इस फैसले का कुछ न कुछ प्रत्यक्ष या परोक्ष असर हो सकता है। मगर फैसले की ज्यादा अहमियत इस बात में है कि इसने चुनाव सुधार के मार्गदर्शक सिद्धांतों को एक बार फिर स्पष्ट किया है। ध्यान रहे, चुनावी बॉन्ड स्कीम के पक्ष में एक दलील यह भी थी कि इससे राजनीतिक दलों को कैश में चंदा देने की प्रवृत्ति कमजोर होगी। इस लिहाज से सुप्रीम कोर्ट का फैसले में यह दर्शाना महत्वपूर्ण है कि मूल बात पारदर्शिता है और नागरिकों को पता होना चाहिए कि राजनीतिक दलों को कौन पैसा दे रहा है। अगर विपक्षी दल इस फैसले से अति उत्साहित दिख रहे हैं, तो उसकी अपनी वजह है। उन्हें लग रहा था कि चुनावी बॉन्ड स्कीम फंड के फ्लो को सत्ताधारी पार्टी की तरफ मोड़ने और उनके स्रोतों को सुखा देने के कथित मकसद से प्रेरित है। उनका यह भी कहना है कि इसी वजह से सरकार ने रिजर्व बैंक और चुनाव आयोग की राय की अनदेखी की। 2017 में रिजर्व बैंक ने आगाह किया था कि शेल कंपनियां चुनावी बॉन्ड का दुरुपयोग मनी लॉन्ड्रिंग के लिए कर सकती हैं। 2019 में चुनाव आयोग ने भी इस स्कीम को चंदों में पारदर्शिता के लिहाज से पीछे ले जाने वाला कदम बताया था। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक बार फिर स्थापित किया है कि लोकतंत्र में सभी दलों को लेवल प्लेइंग फील्ड सुनिश्चित करना जरूरी है। कुल मिला कर देखा जाये तो आरोप-प्रत्यारोप से अलग, इस फैसले ने उन शिकायतों को दूर किया है, जिनसे कुछ लोगों के मुताबिक चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता प्रभावित हो रही थी। इस लिहाज से फैसले ने लोकतंत्र की विश्वसनीयता को बढ़ाया है और इसका स्वागत किया जाना चाहिए।

**2017 में रिजर्व बैंक ने आगाह किया था कि शेल कंपनियां चुनावी बॉन्ड का दुरुपयोग मनी लॉन्ड्रिंग के लिए कर सकती हैं। 2019 में चुनाव आयोग ने भी इस स्कीम को चंदों में पारदर्शिता के लिहाज से पीछे ले जाने वाला कदम बताया था।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**रणनीतिक भागीदारी की पुष्टि करते हुए प्रधानमंत्री मोदी और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने अबू धाबी में आइआइटी, दिल्ली के एक परिसर की परिकल्पना की थी- इस निर्णय का रिकॉर्ड समय में साकार होना, दोनों देशों के नेतृत्व की साझा दृष्टि और प्राथमिकताओं का प्रमाण देता है। नये भारत के नवाचार और विशेषज्ञता के एक उदाहरण के रूप में, संयुक्त अरब अमीरात में आइआइटी, दिल्ली का परिसर शिक्षा-क्षेत्र में भारत-यूएइ मित्रता की नयी मिसाल के रूप में कार्य करने के लिए तैयार है।**

# अबू धाबी में आइआइटी, दिल्ली: भारतीय सीमाओं के पार उत्कृष्टता



**धर्मेंद्र प्रधान**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) की हाल की यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब भारत और यूएइ के बीच द्विपक्षीय संबंध पहले से ही व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक प्रगाढ़ हो चुके हैं। रणनीतिक भागीदारी की पुष्टि करते हुए प्रधानमंत्री मोदी और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने अबू धाबी में आइआइटी, दिल्ली के एक परिसर की परिकल्पना की थी- इस निर्णय का रिकॉर्ड समय में साकार होना, दोनों देशों के नेतृत्व की साझा दृष्टि और प्राथमिकताओं का प्रमाण देता है। नये भारत के नवाचार और विशेषज्ञता के एक उदाहरण के रूप में, संयुक्त अरब अमीरात में आइआइटी, दिल्ली का परिसर शिक्षा-क्षेत्र में भारत-यूएइ मित्रता की नयी मिसाल के रूप में कार्य करने के लिए तैयार है। यह संस्थान शैक्षिक उत्कृष्टता, नवाचार, ज्ञान आदान-प्रदान और मानव पूंजी में निवेश आदि के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने में दोनों देशों के साझे दृष्टिकोण को दर्शाता है। निःसंदेह, यह आपसी समृद्धि और वैश्विक कल्याण, दोनों ही दृष्टि से ज्ञान की शक्ति का लाभ उठाने के लिए एक नया उदाहरण पेश करेगा।

**आइआइटी दिल्ली अबू धाबी की कक्षाओं में कदम रखने वाले छात्रों का पहला बैच अत्याधुनिक ज्ञान प्राप्त करने वाला बन जायेगा।**

**समग्र परिवर्तन :** आइआइटी दिल्ली का अंतरराष्ट्रीय परिसर नयी शिक्षा नीति में परिकल्पित शैक्षणिक संस्थानों के अंतरराष्ट्रीयकरण के विकसित होते प्रतिमान को दशार्ता है। राधाकृष्णन समिति की रणनीतिक सिफारिशें, जो शुरू में आइआइटी के अंतरराष्ट्रीय परिसरों की संकल्पना के लिए गठित की गयी थीं, ने आइआइटी दिल्ली और आइआइटी मद्रास (जांजीबार में एक परिसर के साथ) जैसे संस्थानों के लिए एक व्यापक अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति की परिकल्पना की थी- केवल प्रतिष्ठा में ही नहीं, बल्कि उपस्थिति में भी वैश्विक।

मित्र देशों के साथ भारत की भागीदारी की प्रमुख विशेषता है- द्विपक्षीय प्रतिबद्धता को अंतिम रूप देना तथा विश्वसनीय और समय पर किये जाने वाले कार्यों के माध्यम से इसे पूरा करना। रिकॉर्ड समय में स्थापित किया गया आइआइटी दिल्ली-अबू धाबी परिसर, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और अबू धाबी शिक्षा एवं ज्ञान विभाग (एडीइके) के आपसी प्रयासों के आकर्षक तालमेल को रेखांकित करता है। 2022 की शुरुआत में दोनों देशों के राजनेताओं के बीच एक समझौता हुआ था। 15 जुलाई, 2023 को एमओयू पर हस्ताक्षर होने से लेकर 29 जनवरी, 2024 को कैंपस के पूरा होने व छात्रों के पहले बैच की कक्षाएं शुरू होने तक, आइआइटी दिल्ली- अबू धाबी ने भारत-यूएइ द्विपक्षीय संबंधों में उल्लेखनीय सौहार्द का उदाहरण देते हुए बहुत ही कम समय में काफी लंबी दूरी तय की है। कई मायनों में, यह समग्र परिवर्तन का प्रतीक है। ऐतिहासिक रूप से, भारत ने नालंदा विश्वविद्यालय- दुनिया का पहला आवासीय विश्वविद्यालय, जहां कई देशों के प्रसिद्ध विद्वान भारत आते थे और अध्ययन करते थे- के साथ शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण में उत्कृष्टता हासिल की थी। आइआइटी आज अपनी उत्कृष्टता को सीमाओं के पार ले जा रहे हैं और देश को गौरवान्वित कर रहे हैं।

**शैक्षणिक उत्कृष्टता और वास्तविक जीवन में उपयुक्तता :** आइआइटी दिल्ली के अबू धाबी परिसर का सबसे महत्वपूर्ण अंग शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए उसकी प्रतिबद्धता है। संस्थान के पाठ्यक्रम को क्षेत्र की विशिष्ट आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के अनुरूप कुशलतापूर्वक ढाला गया है। स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के शिक्षण के साथ-साथ अनुसंधान के क्षेत्र में आइआइटी दिल्ली के अद्वितीय अनुभव का लाभ उठाते हुए अबू धाबी परिसर विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने के साथ ही साथ, उसे वैविध्यपूर्ण बनाते हुए नवीन और क्षेत्र-विशिष्ट कार्यक्रमों का केंद्र बनने की दिशा में प्रयासरत है।

इसका आरंभिक शैक्षणिक कार्यक्रम, ऊर्जा रूपांतरण और स्थिरता में मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी, संस्थान के दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाता है। जलवायु और स्थिरता से जुड़ी अन्य चुनौतियों से निपटने में स्वच्छ ऊर्जा रूपांतरण की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को इस परिवर्तन को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में अग्रणी रहने के लिए तैयार करना है। यह पाठ्यक्रम ट्रांजिशन प्रबंधन, नवाचार प्रक्रियाओं और ऊर्जा-स्थिरता अंतसंबंधों की समझ के साथ तकनीकी ज्ञान को एकीकृत करते हुए एक बहु-विषयक दृष्टिकोण पर जोर देता है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त अरब अमीरात द्वारा वर्ष 2023 को स्थिरता वर्ष के रूप में मनाये जाने और दुबई में ऐतिहासिक सीओपी 28 सम्मेलन की मेजबानी करने के पश्चात हुआ है। इस कार्यक्रम में अधिकांश छात्र अबू धाबी की प्रमुख तेल और गैस कंपनी एडीएनओसी द्वारा प्रायोजित हैं, जो खुद को नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा रूपांतरण की ओर फिर से उन्मुख करने की इच्छुक है। शिक्षा जगत के साथ उद्योग का यह इंटरफेस इस नवोदित संस्थान के भविष्य के लिए शुभ संकेत है।

आइआइटी दिल्ली अबू धाबी की कक्षाओं में कदम रखने वाले छात्रों का पहला बैच अत्याधुनिक ज्ञान प्राप्त करने वाला बन जायेगा। आइआइटी दिल्ली-अबू धाबी परिसर एआइ, डेटा एनालिटिक्स, ऊर्जा और स्थिरता और हेल्थकेयर जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रहा है। तेजी से उभरती वैश्विक चुनौतियों के संदर्भ में अनुसंधान के एजेंडे को मेजबान देश की जरूरतों के अनुरूप बनाया जायेगा।

**गुणवत्ता आश्वासन और बेंचमार्किंग:** गुणवत्ता आश्वासन, राधाकृष्णन समिति द्वारा रेखांकित एक अन्य महत्वपूर्ण विशेषता है, जो आइआइटी दिल्ली-अबू धाबी के लोकाचार में अंतर्निहित है। मान्यता, समय-समय पर पाठ्यक्रम की समीक्षा और संस्थागत मूल्यांकन को नियमित आधिकारिक प्रयोग नहीं माना जायेगा, बल्कि इसे शिक्षा की गुणवत्ता को उच्चतम वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाये रखना सुनिश्चित करने का तंत्र माना जायेगा।

मानकीकृत परीक्षणों, शैक्षणिक प्रगति, इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के माध्यम से छात्र प्रवेश गुणवत्ता की बेंचमार्किंग ऐसे स्नातक तैयार करने की दिशा में संस्थागत प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जो केवल उत्कृष्टता की अपेक्षाओं को ही पूरा न करते हों, बल्कि उससे कहीं बेहतर हों ।

**बदलती हुई दुनिया में नयी साझेदारियां :** संयुक्त अरब अमीरात की जीवंत राजधानी अबू धाबी, इस नये परिसर के लिए सिर्फ एक स्थल से कहीं अधिक है। यह शिक्षा और नवाचार के इस साहसिक उद्यम में पूर्ण सहयोगी एवं भागीदार रही है। इस तरह का निर्बाध एवं उपयोगी संयुक्त प्रयास भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के उद्देश्यों एवं दृष्टिकोण के अनुरूप है।

इस परिसर में संस्कृतियों, विचारों और दृष्टिकोणों का अपेक्षित सम्मिलन हमारे दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उदाहरण के लिए, इस बात की परिकल्पना की गयी है कि स्नातक पाठ्यक्रमों में भारतीय छात्रों को अमीराती छात्रों और अन्य अंतरराष्ट्रीय छात्रों के साथ-साथ शामिल किया जायेगा। इसी तरह, आइआइटी दिल्ली द्वारा संयुक्त अरब अमीरात के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संकाय और कर्मचारियों की भर्ती किये जाने की भी उम्मीद है, जो अबू धाबी परिसर में विश्वस्तरीय शिक्षण और अनुसंधान कार्यक्रम को विकसित एवं कार्यान्वित करने हेतु दिल्ली परिसर के संकाय के साथ मिल कर काम करेंगे।

**आगे की राह :** अबू धाबी में आइआइटी दिल्ली का परिसर स्थापित करने की पीछे भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच की साझेदारी आकांक्षाओं और संभावनाओं से भरी है। यह निश्चित रूप से दो देशों और वहां के लोगों के बीच व्यापक साझेदारी का आधार बनेगा। यह दुनिया के कल्याण के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संयुक्त उद्यमों के लिए छात्रों और शोधकर्ताओं को प्रशिक्षित करके दोनों देशों के परे जाकर नये आयाम जोड़ेगा। अब जबकि आइआइटी-दिल्ली वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति बढ़ाने की दिशा में लगातार अग्रसर है, इसका लक्ष्य मानचित्र पर कोई एक स्थान नहीं, बल्कि साझा वैश्विक समृद्धि के लिए ज्ञान का एक साझा दृष्टिकोण विकसित करना है।

अग्रणी भारतीय संस्थानों ने परिपक्वता हासिल कर ली है और अब वे भारत के वसुधैव कुटुंबकम के दर्शन के अनुरूप विश्व मित्र के रूप में भारत की छवि को मजबूत करने की दिशा में अपने वैश्विक प्रभाव को और गहरा करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

**(लेखक : केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री है।)**



## जमशेदपुर की खबरें

# वाहन की चपेट में आने से दंपति सहित बच्चे घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कांड्रा।** सरायकेला खरसावां जिले के कांड्रा थाना अंतर्गत बिकानी में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दंपती सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गये। बताया जा रहा है कि शुक्रवार शाम बाइक सवार मानगो निवासी सरायकेला से मानगो की ओर जा रहे थे। इसी बीच किसी अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया। सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी समेत लगभग तीन साल की बच्चे के साथ गिर पड़े। वही सरायकेला से लौट रहे भाजपा नेता संजय सरदार ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर सूचना मिलते ही पहुची कांड्रा पुलिस जांच में जुट गई। वही घटनास्थल में स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जुटने लगी। सभी के सहयोग से घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेजवाया गया। कांड्रापुलिस मोटरसाइकिल को कब्जे में रख कर जांच में जुट गई। बताया जा रहा है लगभग बीते चार महीनों से जेएआरडीसीएल द्वारा एम्बुलेंस सेवा बंद कर दी गई। जिसके कारण सड़क दुर्घटना में घायलों को समय पर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध नही हो पा रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है।

# बिस्टुपुर श्री राम मंदिर का चुनाव 18 को

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** बिस्टुपुर श्री राम मंदिर कमिटी का चुनाव की तैयारी को लेकर पहल शुरू होने लगा। शुक्रवार को भाष्कर राव टीम ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 फरवरी को चुनाव होना तय है। अगर उनकी टीम जीत कर कमिटी बनाती है तो राम मंदिर का कायाकल्प करने में अहम भूमिका निभाएगी।भास्कर राव ने बताया मंदिर परिसर के पीछे काफी बड़ा जमीन अतिक्रमण हो रहा है। उस जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही गरीब बच्चों के लिए मंदिर के द्वारा चलाये जा रही स्कूल की स्थिति काफी जर्जर है। उसे ठीक करवाया जायेगा। उन्होंने बताया मंदिर परिसर में एम गेस्ट हाउस बनाया जायेगा ताकि समाज के लोग बाहर से आये तो गेस्ट हाउस में कम किराया देकर ठहर सके। नारी समाज के सम्मान में नारी विंग का स्थापना की जाएगी। ताकि मंदिर में पूजा अर्चना सही ढंग से हो सके। मौके पर गोपाल राव ने बताया भास्कर राव की टीम जीतेगी तो समाज के युवाओं को जोड़ने का काम किया जाएगा। साथ ही टीम के द्वारा समाज से जुड़े लोगों को नए मेम्बर बनाया जायेगा। साथ ही समाज के उत्थान और बिस्टुपुर राम मंदिर का विकास के अधूरे काम को पूरा किया जायेगा।

# अर्धनग्न मिले बच्चे के मामले में आरोपी चाचा पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार



**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। पुलिस ने पश्चिम बंगाल झाड़ग्राम निवासी एक नाबालिग को घायल अवस्था में बेहोशी की हालत में बरामद कर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया था। वहीं होश में आने के बाद नाबालिग ने चाचा द्वारा उसके साथ अप्राकृतिक यौनाचार करने की बात कही, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जानकारी उसके परिजनों को दी। जानकारी पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंचे, जिसके बाद गोविंदपुर थाने में परिजनों के बयान पर पुलिस ने मामला भी दर्ज किया था. इस दौरान पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में आरोपी को पश्चिम बंगाल झारग्राम में छापेमारी कर गिरफ्तार किया. साथ ही उसे ट्रांजिट रिमांड पर शहर लेकर पहुंची. गिरफ्तार आरोपी 19 वर्षीय फिरोज खान नाबालिग के गांव का ही रहने वाला है। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में उसने बताया कि घटना के दिन 4:30 बजे संध्या नाबालिग को कुरकुरे खिलाने के बहाने अपने साथ गांव से लेकर निकला, जिसके बाद दोनों रेलवे स्टेशन पहुंचे और वहां से लोकल ट्रेन पकड़कर रात्रि 10 बजे गोविंदपुर स्टेशन हॉल्ट के पास पहुंचे. जहां उसने नाबालिग के साथ अप्राकृतिक यौनाचार भी किया. इस दौरान नाबालिग गिर गया, जिससे उसके सिर पर चोट आई और वह बेहोश हो गया। यह देखकर आरोपी उसे वैसे ही हालत में छोड़कर गोविंदपुर बाजार चला गया. जहां उसने फुटपाथ में रात बिताई और सुबह होने पर वापस लोकल ट्रेन पड़कर झारग्राम फजिर हो गया. आरोपी नाबालिक का रिश्ते में अपना चाचा लगता है। फिलहाल पुलिस ने उसे शुक्रवार एमजीएम अस्पताल में मेडिकल करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।**

# विधायक प्रतिनिधि सड़क दुर्घटना में घायल



**चांडिल(आजाद सिपाही)। कांग्रेस नेता सह पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के विधायक प्रतिनिधि रहे आफताब सिद्दीकी की गाड़ी चांडिल क्षेत्र के गिरधारी होटल के समीप सड़क पार कर रही एक गाय को जोरदार टक्कर मार दी। शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में गाड़ी पलटने से गाड़ी में सवार कांग्रेस नेता आफताब सिद्दीकी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चांडिल पुलिस मौके पर पहुंची। रेस्क्यू ऑपरेशन कर वाहन से घायलों को निकाला गया। हालांकि गाड़ी में कितने लोग सवार थे इसकी जानकारी फिलहाल प्राप्त नहीं हो सकी। फिलहाल गाय की मौत होने से स्थानीय लोगों मे आक्रोश व्याप्त है।**

# अपनी मोबाइल को बनायें और स्मार्ट: मोनिका लहरी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पाकुड़।** कोलकाता के होटल हयात में एकोलेड ग्रुप ऑफ कंपनीज कि शानदार उद्घाटन हुई। उद्घाटन कार्यक्रम में देश विदेश की कई जानी मानी कॉर्पोरेट जगत की हस्तियां शामिल हुई। एकोलेड ग्रुप की सीईओ मोनिका लहरी ने एकोलेड के बारे में मीडिया को विस्तार से जानकारी दी। इधर एकोलेड कंपनी के इन्वेस्टर पाकुड़ के मशहूर समाजसेवी लुत्फुल हक भी मौजूद थे। सीईओ मोनिका लहरी ने बताया कि एकोलेड एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। एप्प्स के माध्यम से अपने स्मार्ट मोबाइल को और भी स्मार्टर बना सकते है। इसमें खासकर एजुकेशन और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष फोकस रहेगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान दौर में डिजिटल का महत्व काफी बढ़ गया है। देश की अधिकांश आबादी के हाथों स्मार्ट फोन है। हर इंसान चाहता है कि चंद मिनट में उन्हें परिणाम मिल जाए। इसलिए हमने एकोलेड ग्रुप के माध्यम से ऐप लंच किया है। आपके शरीर में क्या कमी है और उसे कैसे पूरा किया जायेगा, आपको कंप्लीट पैकेज उपलब्ध कराया जायेगा। आप मिनट में ऐप डाउनलोड कर सुविधा पा सकते हैं। काफी संख्या में डॉक्टरों की टीम भी रहेंगे। जो आपके स्वास्थ्य पर ध्यान देगी।इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में काम किया जायेगा। ऐप में अलग-अलग मनोरंजन का भी ख्याल रखा गया है। आप इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म भी कह सकते है। उक्त कंपनी के डाइरेक्टर हैदराबाद के गोपी कृष्णा है।मोनिका ने बताया कि आने वाले मई महीने से स्मार्ट फोन के अलावा एप्पल फोन में भी कंप्लीट ऐप डाउनलोड होना शुरू हो जाएगा। वे कहती हैं आज के जमाने में डिजिटलाइजेशन एआई आ चूका है। ऐसे में जॉब सिक्योरिटी पाना बहुत जरुरी है,।जॉब कम होते जा रहे है।डिजिटल और एआई प्लेटफॉर्म के माध्यम से जॉब सेक्योर होगा। लंदन बेस्ट प्रोफेसर, युएसए, यूके प्रोफेसर और विभिन्न यूनिवर्सिटी के संपर्क में है और शिक्षा से जुड़ी मैटेरियल को हम आसानी से मोबाईल में उपलब्ध करा देंगे। इसके अलावा स्वास्थ्य में आपने देखा कि मोबाईल ऐप के माध्यम से एक मिनट में चेहरे का स्कैनिंग करके आपके बॉडी में क्या प्रॉब्लम है, हम बता दे रहे है।डॉक्टर भी उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा हम ऐप के माध्यम से फैक्ट चेक भी बताएंगे। उन्होंने कहा कि काफी वीडीयो आदि आपको मिलते होंगे। लेकिन कौन सा सही वीडियो है, उसके लिए हमारे पास पैनलिस्ट की टीम है। जो आपको सही जानकारी देंगे। पच्चीस से तीस डॉक्टर है, जो आपको सेहत के बारे में बताते रहेंगे। मतलब एक टच में अबको सबकुछ मिलेगा। इधर पाकुड़ के मशहूर समाजसेवी लुत्फुल हक ने बताया कि इतने बड़े कंपनी से जुड़कर मैं काफी खुश हूं। इसमें स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित अहम जानकारियों के अलावा रोजगार भी मिलेगा। तीन सौ से चार सौ लोगों को रोजगार का लक्ष्य है।मौके पर काफी संख्या में प्रेस और मीडिया के मित्र मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 17 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in
07

## आभूषण दुकान में लूट होने के बाद पीड़ित परिवार से मिले अलखनाथ पांडेय



गढ़वा (आजाद सिपाही)। वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व प्रत्याशी गढ़वा रंका विधानसभा अलखनाथ पांडेय ने गत दिनों गढ़वा के मेन रोड में स्थित रूप अलंकार ज्वेलर्स में हुई डकैती की घटना के बाद पीड़ित परिवार रूप अलंकार ज्वेलर्स के मालिक जय सोनी सहित पूरे परिवार परिवार से मिलकर दुख व्यक्त किया। मौके पर पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाते हुए उन्होंने आगे जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद करने की बात कही। समाजसेवी अलखनाथ पांडेय ने कहा कि 14 फरवरी 2024 की रात को 8:00 बजे जिस तरह से रूप अलंकार ज्वेलर्स में गोली बंदूक दिखाकर डकैती को अंजाम दिया गया वह काफी नींदनीय है। इस घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई कर सजा देने तथा लूटा हुआ सामान बरामद कर पीड़ित परिवार को वापस करने के लिए पुलिस प्रशासन से मांग की। मौके पर गढ़वा नगर मंडल सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल, भाजपा नेता धनंजय तिवारी, विधायक प्रतिनिधि अशोक सोनी सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डॉक्टर फरहत नाजनीन को किया गया सम्मानित



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय के दर्जी मुहल्ला निवासी हाजी डॉ० इकरामुद्दीन की पुत्री डॉ० फरहत नाजनीन को एमबीबीएस होने पर आदर्श बाल विकास विद्यालय रंका के निदेशक रामचंद्र प्रजापति ने शॉल ओढाक र और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया है। ज्ञात हो कि आदर्श बाल विकास विद्यालय की छात्रा रह चुकी डॉ फरहत नाजनीन किर्गिस्तान से एमबीबीएस की पढ़ाई करने के बाद भारत से इंटर्नशिप परीक्षा भी पास कर लीं हैं। डॉ० फरहत नाजनीन आदर्श बाल विकास विद्यालय की छात्रा होने के नाते विद्यालय प्रबंधन ने इन्हें बुलाया और सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यालय की छात्रा डॉ० फरहत नाजनीन को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार प्रजापति, शिक्षिका ममता देवी, उमेश प्रसाद, रमेश प्रसाद, रामचंद्र, संगीता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आरडी कैंप में शामिल होने पर प्राचार्य ने एनसीसी कैडेट लवली को किया सम्मानित



गढ़वा(आजाद सिपाही)। सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज के एनसीसी इकाई की कैडेट लवली सिंह को आरडी कैंप परेड में शामिल होने पर शुक्रवार को प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। साथ ही कैडेट लवली सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपीडी कॉलेज एनसीसी के लेफ्टिनेंट धीरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि लवली महाविद्यालय के स्नातक की छात्रा है और एनसीसी की कैडेट है। उन्होंने बताया कि समादेशी पदाधिकारी कर्नल अमिताभ मुखर्जी के मार्गदर्शन में गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली के राजपथ में होने वाले परेड के लिए झारखंड से लवली का चयन किया गया था। गणतंत्र दिवस शिविर में राष्ट्रीय कैडेट कोर निदेशालय का प्रतिनिधित्व करते हुए लवली ने नई दिल्ली में 29 दिसंबर 2023 से 28 जनवरी 2024 तक कैंप किया तथा परेड में भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे ने एनसीसी कैडेट लवली का हौसला आफजाई करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने इसके लिए महाविद्यालय के लेफ्टिनेंट धीरेंद्र कुमार मिश्रा के कड़ी मेहनत का परिणाम बताया।

## नये अंचल अधिकारी के रूप में संदीप कुमार मद्धेशिया ने पदभार ग्रहण किया



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। अंचल कार्यालय में नये अंचल अधिकारी के रूप में संदीप कुमार मद्धेशिया ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान प्रभारी अंचल अधिकारी वाशुदेव राय से पद भार लिया। इस दौरान सभी कर्मियों ने नये अंचल अधिकारी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इसके बाद अंचल अधिकारी संदीप कुमार मद्धेशिया ने कार्यालय के कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण करने के साथ ही राजस्व और लंबित कार्यो को लेकर कर्मचारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि अंचल से जुड़े कार्यो को त्वरित निष्पादन किया जायेगा। सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए सरकारी योजनाओं से वंचित लोगों तक लाभ पहुचाया जायेगा। वहीं निवर्तमान अंचल अधिकारी वासुदेश राय को कर्मियों ने विनम्र विदाई किया। इस मौके पर राजस्व कर्मचारी जयप्रकाश गुप्ता, जितेंद्र कुमार, मुकुल कुमार, झा जी, नेपोलियन कुजूर, अमल सिंह, सत्यम सिंह सहित कयी कर्मी उपस्थित थे।

## विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



मेराल (आजाद सिपाही)। स्थानांतरित थाना प्रभारी नीतीश कुमार की विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन गुरुवार की देर शाम में किया गया। जाने वाले पुलिस पदाधिकारी को गणमान्य लोगों के साथ-साथ थाना परिवार के लोगों द्वारा फूल माला, बुके और उपहार देकर विदाई दी गयी। मौके पर नीतीश कुमार ने कहा कि मेराल को कभी नहीं भूल पायेंगे, यहां के लोग हमेशा याद आयेंगे। समाजसेवी अजय प्रसाद गुप्ता, भाजपा नेता संजय भगत, मुखिया रामसागर महतो, डॉ लालमोहन, विनोद प्रसाद आदि ने कहा कि नीतीश कुमार का कार्यकाल सराहनीय रहा है जो कभी भुलाया नही जा सकता। उपस्थित सभी लोगों ने उनकी तरक्की और स्वास्थ्य रहने की शुभकामनाएं दीं। साथ ही स्थानांतरित पुलिस अवर निरीक्षक संजय हेंब्रम तथा सुमन शर्मा को भी फूल माला तथा बुके देकर विदाई दी गयी। मौके पर थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल, जहुर रंगसाज, एसबी एकेडमी के निदेशक मदन यादव, कमलेश, पुलिस पदाधिकारी निरंजन पांडे, अखिलेश सिंह, निर्भय सिंह, आरक्षी राजू दुबे, मुंशी निर्भय, प्रकाश सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

# मिथिलेश ठाकुर के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया 73 यूनिट रक्तदान

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के जन्मदिन के अवसर पर उनके गढ़वा, कल्याणपुर स्थित आवास पर शुक्रवार को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं ने 73 यूनिट रक्तदान किया। जबकि झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने मंत्री श्री ठाकुर के जन्मदिन के मौके पर छठ रक्तदान किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मंत्री श्री ठाकुर का जन्मदिन मनाया। सभी रक्तदाताओं को मंत्री श्री ठाकुर की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मंत्री ने कार्यकर्ताओं के जज्बे को सलाम करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। मौके पर धीरज दुबे ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल, नेता, मंत्री, विधायक के कार्यकर्ताओं द्वारा अब तक यह सबसे बड़ा रक्तदान है। पार्टी के अधिकतम पदाधिकारी और कार्यकर्ता रांची गये हुए हैं। यदि सभी गढ़वा में रहते तो 150 यूनिट से अधिक रक्तदान होता। उन्होंने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा में पत्थर पर दूब उगाने का काम किया है। रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, नवीन तिवारी, राकेश तिवारी, राजीव, राजन, दीपक कुशवाहा, रूस्तम, मोहन राम, अखिलेश, शुभम, सोनल, सत्यम, गिरजा देवी, फूलकुमारी, सुनील, कमलेश समेत अन्य लोग शामिल थे।

## गढ़वा में खुलेआम व्यवसायी को लूटा जा रहा: मुरली सोनी

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में मंडल कार्यालय में बैठक किया गया। बैठक के दौरान शहर के गढ़देवी मोड़ पर खुलेआम डकैती और जानलेवा हमले के खिलाफ जिला प्रशासन और राज्य सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक के बाद पुलिस अधीक्षक गढ़वा को मांग पत्र सौंपा गया।

मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुरली श्याम सोनी ने कहा कि गढ़वा में खुलेआम व्यवसायी को लुटा जा रहा है। शहर के व्यवसायी और आम जनमानस में भय व्याप्त है शहर के व्यवसायी में आक्रोश व्याप्त है उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता और शहरवासी अब मौन नहीं रहेंगे। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि अगर चौबीस घंटे के अंदर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा नगर मंडल चरणबद्ध आंदोलन को बाध्य होंगा। जिसकी सारी जबावदेही जिला प्रशासन और राज्य सरकार की होगी। मौके पर भाजपा जिला मंत्री गौरीशंकर बिंद जिला मिडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल मिडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पांडेय, संजय, सतीश सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## महेश प्रसाद साहू को दी गयी श्रद्धांजलि



श्री बंशीधर नगर। स्थानीय विद्या मंदिर में विद्यालय के पूर्व सचिव, सह पूर्व कोषाध्यक्ष गढ़वा जिला पूर्व संघचालक व पलामू विभाग पूर्व समरसता प्रमुख महेश प्रसाद साहू के निधन पर उनके चित्र के समक्ष विद्यालय के सभी भैया बहन, आचार्य जी, दीदी जी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मौके पर अविनाश, सुजीत, विवेक, नीरज, अशोक, कौशलेंद्र,नंदलाल, कृष्णा, सतेद्र सहित अन्यलोग उपस्थित थे।

## नि: शुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन आज

गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा इकाई के अध्यक्ष के के यादव ने कहा है कि स्थानीय प्रभात मेडिकल सेंटर, गढ़वा के द्वारा अपने 13 में स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर शनिवार को दिन शनिवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, प्रभात मेडिकल सेंटर के प्रांगण में काली स्थान के पीछे, प्रातः 9:00 बजे से संध्या 4:00 बजे तक आयोजित किया गया है। इस शिविर में पेंशनरों को डॉ पंकज प्रभात के द्वारा विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। शिविर में तरह-तरह का जांच के अलावे, हृदय रोग संबंधी बीमारियों का विशेष जांच होना है। यह एक सुनहरा अवसर मिला है, जिसमें जिले के मशहूर हृदय चिकित्सक डॉक्टर पंकज प्रभात डीएम कार्डियोलॉजिस्ट के द्वारा किया जाना है।

## 30वें उप विकास आयुक्त के रूप में पशुपति नाथ मिश्रा ने पदभार संभाला



गढ़वा (आजाद सिपाही)। डीडीसी राजेश कुमार राय के स्थानांतरण के बाद 30वें उप विकास आयुक्त के रूप में पशुपति नाथ मिश्रा ने पदभार संभाला। जिन्होंने शुक्रवार को निर्वतमान उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय से प्रभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने डीआरडीए, मनरेगा और विकास शाखा विभाग के कार्यालय कर्मियों और पदाधिकारियों से भी परिचय लिया। वहीं मौके पर मुख्य रूप से निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन समेत अन्य लोग उपस्थित थें।

## मिलाप मेडिकल सेंटर में नि:शुल्क बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहर के चिनिया रोड स्थित मिलाप मेडिकल सेंटर में नि:शुल्क बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया। इस दौरान गढ़वा शहर के नगवा मुहल्ला निवासी रूबी देवी (पति पिंटू राम) का मिलाप मेडिकल सेंटर में नि:शुल्क बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि रूबी देवी और उसका पति दोनो लोग वनांचल डेंटल कॉलेज में सफाईकर्मी है। इनकी आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है। बहुत दिनों से यूटरस प्रोलैप्स की बीमारी से जूझ रही थी। उन लोगों ने चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शमशेर सिंह से संपर्क किया। इनका आर्थिक स्थिति को देखते हुए डॉ शमशेर सिंह ने समाजसेवी सह मिलाप मेडिकल सेंटर के डायरेक्टर डॉ असजद अंसारी से संपर्क किया। वहीं दोनों के अथक प्रयास से आज शुक्रवार को रूबी देवी का सफलता पूर्वक बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर असजद अंसारी ने कहा कि मिलाप मेडिकल सेंटर प्रत्येक माह के तीस तारीख को नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जाता है।


## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

63वीं औपबंधिक सूची
जिला–हजारीबाग (पार्ट–09)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– आयोग द्वारा चिन्हित आन्दोलनकारी सुखदेव प्रसाद यादव एवं चन्द्रनाथ भाई पटेल द्वारा आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष आवेदन में दर्ज बयान एवं शपथ पत्र के माध्यम पहचान के आधार पर। | |
| 320. | 1. आवेदन क्र0–1081/24<br>2. आवेदक–दिनेश कुमार यादव , पिता–महादेव यादव<br>3. ग्राम–दहरमंगा , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–सिने में दाहिने तरफ तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 321. | 1. आवेदन क्र0–1082/24<br>2. आवेदक–नन्द किशोर महतो , पिता–स्व0 एतवारी महतो<br>3. ग्राम–होलंग , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 322. | 1. आवेदन क्र0–1083/24<br>2. आवेदक–लक्ष्मी सिंह , पिता–महावीर सिंह<br>3. ग्राम–टाटीझरिया , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां तरफ नाके में अयला। | कंडिका–2(ix) |
| 323. | 1. आवेदन क्र0–1084/24<br>2. आवेदक–नन्द किशोर यादव , पिता–स्व0 जगदीश यादव<br>3. ग्राम–मंगर पट्टा , पोस्ट–पतरंगा , थाना–चुरचू , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 324. | 1. आवेदन क्र0–1085/24<br>2. आवेदक–राम सेवक यादव , पिता–स्व0 रूपलाल महतो<br>3. ग्राम–मंगर पट्टा , पोस्ट–पतरंगा , थाना–चुरचू , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 325. | 1. आवेदन क्र0–1086/24<br>2. आवेदक–प्रभु यादव , पिता–स्व0 मोहन महतो<br>3. ग्राम–मंगर पट्टा , पोस्ट–पतरंगा , थाना–चुरचू , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 326. | 1. आवेदन क्र0–1087/24<br>2. आवेदक–दिनेश्वर महतो , पिता–स्व0 हरखू महतो<br>3. ग्राम–बेरहो , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में टीका का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 327. | 1. आवेदन क्र0–1088/24<br>2. आवेदक–गणेश सिंह , पिता–स्व0 धरम सिंह<br>3. ग्राम–बेरहो , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के बगल में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 328. | 1. आवेदन क्र0–1089/24<br>2. आवेदक–देवकी महतो , पिता–स्व0 रितु महतो<br>3. ग्राम–कोल्हू , पोस्ट–बेड़म , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में ऑपरेशन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 329. | 1. आवेदन क्र0–1090/24<br>2. आवेदक–विशेश्वर महतो , पिता–स्व0 पुनीत महतो<br>3. ग्राम–खम्मवा , पोस्ट–खम्मवा , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में ऑपरेशन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 330. | 1. आवेदन क्र0–1091/24<br>2. आवेदक–गानो गोप , पिता–स्व0 अमृत गोप<br>3. ग्राम–खम्मवा , पोस्ट–खम्मवा , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें बांह में टिका का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 331. | 1. आवेदन क्र0–1092/24<br>2. आवेदक–धनेश्वरी देवी , पति–हरिश्चन्द्र यादव<br>3. ग्राम–खम्मवा , पोस्ट–खम्मवा , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनों हाथ में खोदना का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 332. | 1. आवेदन क्र0–1093/24<br>2. आवेदक–कान्ती देवी , पति–राजेन्द्र गोप<br>3. ग्राम–खम्मवा , पोस्ट–खम्मवा , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में ऑपरेशन का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 333. | 1. आवेदन क्र0–1094/24<br>2. आवेदक–मसो0 कौशल्या, पति–स्व0 पोखन महतो<br>3. ग्राम–खम्मवा , पोस्ट–खम्मवा , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–महिला , आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें बांह में टीका का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 334. | 1. आवेदन क्र0–1095/24<br>2. आवेदक–सीताराम लोहार , पिता–स्व0 मोती लोहार<br>3. ग्राम–दारू खरिका , पोस्ट–दारू , थाना–दारू , प्रखण्ड–दारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन के नीचे तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 335. | 1. आवेदन क्र0–1096/24<br>2. आवेदक–गोविन्द राम , पिता–स्व0 पारसनाथ<br>3. ग्राम–दारू खरिका , पोस्ट–दारू , थाना–दारू , प्रखण्ड–दारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के अंगुली में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 336. | 1. आवेदन क्र0–1097/24<br>2. आवेदक–अनामिका कुमारी , पति–बालेश्वर प्रसाद<br>3. ग्राम–दारू खरिका , पोस्ट–दारू , थाना–दारू , प्रखण्ड–दारू<br>4. लिंग–महिला , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर के तलवे में काला तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 337. | 1. आवेदन क्र0–1098/24<br>2. आवेदक–मंजु देवी , पति–स्व0 रामकुमार साव<br>3. ग्राम–दारू खरिका , पोस्ट–दारू , थाना–दारू , प्रखण्ड–दारू<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ मे कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 338. | 1. आवेदन क्र0–1099/24<br>2. आवेदक–रामचन्द्र महतो , पिता–स्व0 हारो महतो<br>3. ग्राम–बासोबार , , पोस्ट–दारू , थाना–दारू , प्रखण्ड–दारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में जला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 339. | 1. आवेदन क्र0–1100/24<br>2. आवेदक–लोकनाथ प्रसाद मेहता, पिता–स्व0 मोहन महतो<br>3. ग्राम–पोखरिया , , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 340. | 1. आवेदन क्र0–1101/24<br>2. आवेदक–बंगाली प्रसाद मेहता, पिता–स्व0 डोमा महतो<br>3. ग्राम–पोखरिया , , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 341. | 1. आवेदन क्र0–1102/24<br>2. आवेदक–अशोक कुमार, पिता–भुटूक गोप<br>3. ग्राम–पोखरिया , , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ के अंगूठे में दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 342. | 1. आवेदन क्र0–1103/24<br>2. आवेदक–दिनेश्वर प्रसाद , पिता–स्व0 भोला महतो<br>3. ग्राम–पोखरिया , , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 343. | 1. आवेदन क्र0–1104/24<br>2. आवेदक–अरूण प्रसाद मेहता, पिता–स्व0 केशो महतो<br>3. ग्राम–पोखरिया , , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 344. | 1. आवेदन क्र0–1105/24<br>2. आवेदक–चेतलाल राम, पिता–स्व0 उगन राम<br>3. ग्राम–पोखरिया , , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 345. | 1. आवेदन क्र0–1106/24<br>2. आवेदक–सुरेश प्रसाद मेहता, पिता–स्व0 नुनू महतो<br>3. ग्राम–पोखरिया , , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां आंख में काला दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 346. | 1. आवेदन क्र0–1107/24<br>2. आवेदक–जयनारायण प्रसाद मेहता, पिता–लालधारी महतो<br>3. ग्राम–बरियठ , , पोस्ट–बरियठ , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 347. | 1. आवेदन क्र0–1108/24<br>2. आवेदक–खगिया देवी , पति–अरूण कुमार मेहता<br>3. ग्राम–पोखरिया , , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–महिला , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 348. | 1. आवेदन क्र0–1109/24<br>2. आवेदक–रूकनी देवी , पति–चेतलाल राम<br>3. ग्राम–पोखरिया , , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–महिला , आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 349. | 1. आवेदन क्र0–1110/24<br>2. आवेदक–गीता देवी , पति–बंगाली प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–पोखरिया , , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 350. | 1. आवेदन क्र0–1111/24<br>2. आवेदक–अशोक प्रसाद मेहता, पिता–वंशी प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–बोंगा , , पोस्ट–बरियठ , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 351. | 1. आवेदन क्र0–1112/24<br>2. आवेदक–अर्जुन राम, पिता–बेनी रविदास<br>3. ग्राम–सैलकलां , , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 352. | 1. आवेदन क्र0–1113/24<br>2. आवेदक–महावीर प्रसाद , पिता–स्व0 नुनू महतो<br>3. ग्राम–पोखरिया , , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हथेली पर कटा हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 353. | 1. आवेदन क्र0–1114/24<br>2. आवेदक–शंकर महतो , पिता–श्यामलाल महतो<br>3. ग्राम–बरकाखुर्द , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 354. | 1. आवेदन क्र0–1115/24<br>2. आवेदक–अशोक सिंह, पिता–भोला सिंह<br>3. ग्राम–निशतपुर , , पोस्ट–तिलरा, थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनो गाल में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 355. | 1. आवेदन क्र0–1116/24<br>2. आवेदक–अनिता कुमारी , पति–कौलेश्वर यादव<br>3. ग्राम–बेलतु , , पोस्ट–कण्डाबेर , थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 356. | 1. आवेदन क्र0–1117/24<br>2. आवेदक–एतवरिया देवी , पति–हरिलाल महतो<br>3. ग्राम–पतरा , , पोस्ट–गर्रीकलां , थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–महिला , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 357. | 1. आवेदन क्र0–1118/24<br>2. आवेदक–झलिमा देवी , पति–उदयनाथ यादव<br>3. ग्राम–मुंगवाटांड पोस्ट–केरेडारी , थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 358. | 1. आवेदन क्र0–1119/24<br>2. आवेदक–कौलेश्वर यादव, पिता–स्व0 दयाली यादव<br>3. ग्राम–बेलतु , , पोस्ट–कण्डाबेर , थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल मे तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 359. | 1. आवेदन क्र0–1120/24<br>2. आवेदक–नरेश महतो, पिता–गणेश महतो<br>3. ग्राम–सलगा , , पोस्ट–सलगा , थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–आंख में निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 360. | 1. आवेदन क्र0–1121/24<br>2. आवेदक–धानेश्वर महतो, पिता–नान्हु महतो<br>3. ग्राम–सलगा , , पोस्ट–सलगा , थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 361. | 1. आवेदन क्र0–1122/24<br>2. आवेदक–तुलसी कुमार महतो, पिता–गुरूचरण महतो<br>3. ग्राम–सलगा , , पोस्ट–सलगा , थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 362. | 1. आवेदन क्र0–1123/24<br>2. आवेदक–लोकनाथ महतो, पिता–गुरूचरण महतो<br>3. ग्राम–सलगा , , पोस्ट–सलगा , थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन के पास गोला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 363. | 1. आवेदन क्र0–1124/24<br>2. आवेदक–डोमन महतो, पिता–नेमा महतो<br>3. ग्राम–सलगा , , पोस्ट–सलगा , थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 364. | 1. आवेदन क्र0–1125/24<br>2. आवेदक–किशोर महतो, पिता–खेमन महतो<br>3. ग्राम–सलगा , , पोस्ट–सलगा , थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 365. | 1. आवेदन क्र0–1126/24<br>2. आवेदक–तेतर महतो, पिता–गुजनु महतो<br>3. ग्राम–सलगा , , पोस्ट–सलगा , थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में जला निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 319153 Home(23-24).D

# बचरा साइडिंग के असंगठित मजदूरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

**वेतन कटौती का किया गया विरोध, न्यूनतम मजदूरी देने की उठी मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता



साईडिंग मे नारेबाजी करते असंगठित मजदूर।

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया है। वेतन कटौती के खिलाफ और न्यूनतम मजदूरी देने की मांग को लेकर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में बचरा साइडिंग में कार्यरत सभी असंगठित मजदूर हड़ताल पर चले गये हैं। बचरा साईडिंग के ऑपरेटर, मुंशी, लेबलिंग और हेल्पर मजदूरों के हड़ताल पर जाने के कारण बचरा साइडिंग में रैक लोडिंग व डिस्पैच का कार्य पुरी तरह से बंद हो गयी है, जिसके कारण मालगाड़ी से देश के विभिन्न पावर प्लांट तक जाने वाली कोयले की सप्लाई भी बंद हो गयी है। इधर हड़ताल में शामिल सभी असंगठित मजदूर बचरा साईडिंग में एकत्रित होकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस संबंध में असंगठित मजदूरों ने बताया कि सभी मजदूर बचरा साइडिंग में वर्ष 1990-91 से काम कर रहे हैं। पूर्व मे मजदूरों को निर्धारित वेतन का लाभ मिलता था, लेकिन 10 मार्च 2023 से हेम्स नामक कंपनी के आने के बाद सभी मजदूरों के वेतन में कटौती कर दी गयी। वर्तमान मे ऑपरेटर को 12 हजार रुपये और मुंशी और लोडिगं मजदुरो को सात हजार रुपये का भुगतान किया जा रहा है। वहीं हाई पावर कमेटी के अनुशंसा को अभी तक लागू नहीं किया गया है, जिसके कारण मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हेम्स कंपनी के द्वारा वेतन कटौती के खिलाफ और न्यूनतम मजदूरी देने की मांग को लेकर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में मजदूरों का प्रतिनिधिमंडल सीसीएल प्रबंधन और कंपनी के लोगों से मिलकर ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है, लेकिन प्रबंधन के साथ हुई वार्ता में कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया, जिसके कारण मजदूरों ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। मजदूरों ने मुंशी व लोडिंग मजदूरों को 9500 रुपए प्रत्येक माह और आपरेटर को 15 हजार रुपये वेतन देने की मांग की है। साथ ही हाई पावर कमेटी की अनुशंसा को सख्ती से लागू कराने की मांग की है। मजदूरों ने कहा कि जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तब तक बचरा साइडिंग में अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल के पहले दिन साइडिंग परिसर में सैकड़ों मजदूरों ने जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर चमन महतो, बिजली महतो, दिलीप कुमार चौधरी, मुंशी महतों, सुरेश गोप, लटन महतो, चंद्र देव ठाकुर, मुनेशर महतो, मानकू महतो, कैलाश महतो, गणेश महतो, जयशंकर चौधरी, त्रिलोकी महतो, चैता महतो, लूटबरण महतो, गोबर्धन महतो, भोला महतो, विशेश्वर गंझु, कोलेश्वर, जितेंद्र, शंकर सहित काफी संख्या में असंगठित मजदूर मौजूद थे।

## झामुमो ने न्याय यात्रा सह पदयात्रा निकाली

अड़की (आजाद सिपाही)। अड़की प्रखंड के सोसोकुटी पंचायत में झामुमो प्रखंड समिति अड़की द्वारा न्याय यात्रा सह-पदयात्रा निकाल कर लोगों को जागरूक कर हेमंत सोरेन को बेवजह परेशान करने संबंधित जानकारी ग्रामीणों को दी गयी। पदयात्रा में जिला समिति के साथ प्रखंड के पदाधिकारियों के साथ-साथ झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता और ग्रामीणों ने मुख्य भूमिका निभायी।

## एसडीओ ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया

बुंडू (आजाद सिपाही)। झारखंड इंटरमीडिएट एंड मैट्रिक परीक्षा को लेकर शुक्रवार को बुंडू एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो ने बुंडू प्रखंड के संत जेवियर उच्च विद्यालय ताऊ बालिका उच्च विद्यालय बुंडू अमानत अली इंटर कॉलेज बुंडू का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए सदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा की बात कही।

## खूंटी में भारत बंद का मिला-जुला असर



खूंटी (आजाद सिपाही)। किसान संगठनों द्वारा आहूत भारत बंद के समर्थन में जिला कांग्रेस कमेटी खूंटी द्वारा की गयी। खूंटी बंदी का शुक्रवार को यहां मिलाजुला असर रहा। बंद के समर्थन में पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा और कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा की अगुवाई में दर्जन भर कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह लगभग 8.30 बजे पार्टी का झंडा आदि लेकर सड़क पर उतरे और व्यवसायियों से अपनी अपनी दुकान बंद रखने की अपील की। बाद में बंद समर्थक भगत सिंह चौक के समीप वाहनों को आड़ी तिरछी खड़ी कर मुख्य सड़क को जाम कर दिया और सड़क पर सभी कांग्रेसी धरने में बैठ गये। सड़क जाम की सूचना मिलते ही एसडीओ अनिकेत सचान, एसडीपीओ वरूण रजक, अंचलाधिकारी जया शंखी मुर्मू, थाना प्रभारी मोहन कुमार अन्य पुलिस अधिकारी और जवानों के साथ मौके पर पहुंचे और सड़क पर आड़ी तिरछी खड़ा किये गये वाहनों को हटवाकर सड़क जाम समाप्त कराया। बाद में सुबह लगभग पौने 10 बजे सड़क पर बैठे कांग्रेसी उठे और जुलूस के रूप में खूंटी थाना जाकर वहां सामूहिक रूप से अपनी गिरफ्तारी दी। सड़क से कांग्रेसियों के उठने के बाद धीरे-धीरे सभी दुकानें खुल गयी और पूरा माहौल सामान्य हो गया। बंद के समर्थन में सड़क पर उतरे कांग्रेसियों में पूर्व विधायक और कांग्रेस जिलाध्यक्ष के अलावा जिला महासचिव रविकांत मिश्रा, यूथ कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अरुण सांगा, सुशील सांगा, सयूम अंसारी, विल्सन टोपनो, देवजीत देवघरिया, वेद प्रकाश मिश्रा, गुलाम गौस आदि शामिल थे। जिला मुख्यालय के अलावा तोरपा, मुरहू, अड़की, रनिया और कर्रा में बंद पूरी तरह विफल रहा। आम दिनों की तरह वाहनों का परिचालन हुआ और दुकानें भी खुली रहीं।

## हाइवा और टर्बो ट्रक में भिड़ंत, चार लोगों की मौत



खूंटी (आजाद सिपाही)। कर्रा थाना क्षेत्र की घुनसुली पंचायत के हेसला मोड चांपी गिरजाघर के पास शुक्रवार को हाइवा और टर्बो ट्रक के बीच हुई सीधी भिडंत में चार लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जानकारी के अनुसार हेसला मोड़ चांपी में शुक्रवार की सुबह हाइवा और टर्बो में सीधी टक्कर में टर्बो पर सवार चालक और दो मजदूरों की मौत हो गयी। मृतकों में सिलादोन निवासी टर्बो चालक 27 वर्षीय दिनेश पाहन पिता पीका पाहन, सिरका पहान पिता गोविन्द पहान उम्र 26 वर्ष, पंकज मुंडा पिता भीखन मुंडा और चेरवादाग निवासी शनिचरवा बाखला शामिल हैं। जानकारी के अनुसार टर्बो में बालू लोडकर चालक लोधमा की ओर जा रहा था। तभी घने कुहासे के कारण लोधमा हुटार सडक पर चांपी हेसला मोड़ के पास चिप्स लदा हाइवा और टर्बो में सीधी भिड़ंत हो गयी, जिसमे दबकर टर्बो सवार चार व्यक्तियों की मौत हो गयी।

# अबुआ आवास योजना में भारी अनियमितता को लेकर प्रधान संघ ने विधायक को ज्ञापन सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** बुंडू प्रखंड क्षेत्र में अबुआ आवास योजना में भारी अनियमितता को लेकर प्रखंड मुखिया संघ का एक प्रतिनिधिमंडल स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा को ज्ञापन सौंपा। मुखिया संघ के सदस्यों ने कहा की प्रखंड क्षेत्र के 11 पंचायत में अबुवा आवास योजना के तहत योग्य लाभुकों का चयन करने में घोर लापरवाही बरती गयी है। योजना का लाभ वैसे लोगो को दिया जा रहा है। जो पूर्व में लाभ प्राप्त कर चुका है और जिनका पहले से पक्का मकान है। वैसे योग्य लाभुकों को योजना का लाभ से वंचित किया जा रहा है। जो कच्चा मकान टूटे-फूटे झोपड़ी पर प्लास्टिक लगाकर जीवन बिता रहे हैं। एक तरफ सरकार ग्राम-सभा से योजना और लाभुक चयन की बात करती है। लेकिन अबुवा आवास योजना चयन में ग्राम सभा की भूमिका को दर किनार कर अपने हिसाब से अयोग्य लाभुकों का सूची जारी कर दिया है और उसी के मुताबिक जिओ टेक करना भी शुरू कर दिया है। जिससे योग्य लाभुकों, ग्राम प्रधानों में आक्रोश देखी जा रही है।

मुखिया संघ अध्यक्ष रौशनी लंग ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में चयन हुए अबुआ आवास में भारी गड़बड़ी किया गया। ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में ग्राम सभा कर गरीब लाभुकों का सूची तैयार कर प्रखंड को सौंपा गया था। बावजूद भी गरीब लोगों का आवास के प्राथमिकता सूची में नाम नीचे चला गया है।

## बचरा में आज होगा रोजगार मेला का आयोजन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उतरी पंचायत में आज मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत निःशुल्क प्रशिक्षण और रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में 18 वर्ष से 35 वर्ष तक के युवक और युवती का आवेदन जमा लिया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने बताया कि बचरा उतरी पंचायत सचिवालय बचरा बस्ती में सुबह दस बजे से एक बजे तक और बचरा काली मंदिर स्थित मिडिल स्कूल मे दोपहर दो बजे से चार बजे तक रोजगार मेला सह शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने सभी लाभुकों से अपना आधार कार्ड, स्कूल का मूल प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति सहित रंगीन फोटो साथ मे लाने की अपील की है।

## आदिवासी अधिकार महासम्मेलन 25 को



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। आदिवासी जन परिषद प्रेम शाही मुंडा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल सोनहातू प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा किया गया और आदिवासी समाज को 25 फरवरी 2024 को आदिवासी जन परिषद के तत्वाधान में आहूत पतराहातु में आदिवासी अधिकार महासम्मेलन आहूत की गयी है। इसको सफल बनाने के लिए दौर की गयी। इस सम्मलेन मे आदिवासियों के धर्म कोड और संविधानिक अधिकार लागु करने हेतु संघर्ष तेज करने की संकल्प ली जायेगी। जनसंपर्क अभियान के दौरान केंद्रीय अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि अभी आदिवासियों दौर आ रहा है इसलिए आदिवासी समाज और संगठन को आदिवासी वेचारिक रूप से मजबूत करने की आवश्यकता है। पूरे पांच परगना क्षेत्र में आदिवासियों के हालात पर सुधार की जरूरत है, अभी भी ट्राइबल सब प्लान की राशि गांव तक नहीं पहुंच पाती है और न हीं पेसा कानून के दिये गये सिद्धांत लागू हो रहा है। श्री मुंडा ने आह्वान करते हुए कहा कि आदिवासी अधिकार सम्मेलन ऐतिहासिक होगीऔर आदिवासी समाज को पतराहातू मैदान पहुंचने की अपील की गयी। इस जनसंपर्क अभियान में मुचिराय मांझी, सुंदर सिंह मुंडा, अजंबर, परमेश्वर, अक्षय आदि शामिल थे।

## सीआरपीएफ ने ग्रामीणों के बीच किया सामग्री का वितरण



खूंटी (आजाद सिपाही)। जिले के अड़की प्रखंड के ग्राम लुपुंगहातू में शुक्रवार कोजी कंपनी 94 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा जनकल्याणकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों के बीच कंबल, रेडियो, सब्जियों के बीज और अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया। लाभुकों को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की तरफ से हर साल सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत इस तरह के कार्यक्रम चलाकर जरूरत के सामान वितरित किये जाते हैं। कार्यक्रम में राधेश्याम सिंह कमांडेंट 94 बटालियन, मृत्युंजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, संतोष कुमार उप कमांडेंट, दीपक कुमार सहायक कमांडेंट, गोपाल सिंह सहायक कमांडेंट, प्रखंड विकास पदाधिकारी, ग्राम प्रधान और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# श्री श्री नवकुंज अखंड हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ का विधायक ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** प्रखंड क्षेत्र के पातकुम राम मंदिर नवकुंज प्रांगण (करकरी नदी पुलिया के सामने) में सोनार पातकुम परगना सोलोआना नवकुंज कमिटी ईचागढ़ पातकुम द्वारा आयोजित श्री श्री नवकुंज अखंड हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ का शुक्रवार को विधायक सविता महतो व राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। नौ दिवसीय श्री श्री नवकुंज अखंड हरिनाम संकीर्तन के राधा कुंज में विधायक सविता महतो ने पुजा पाठ कर क्षेत्र की मंगलकामना की। इस दौरान उन्होंने बारी बारी से सभी नौ कुंजो का परिभ्रमण कर माथा टेका। महायज्ञ के लिए 58 संकिर्तन मंडली के करीब 12 सौ लोगों के ठहरने के लिए पंडाल, कमेटी पंडाल, स्वागत कक्ष आदि का निर्माण किया गया है। विधायक ने कहा नौ कुंजो में लगातार रात दिन अखंड हरिनाम संकीर्तन चलेगा। उन्होंने श्रद्धा का इस महा आयोजनकर्ताओं को बधाई व शुभकामनाएं दिया।

इस दौरान विधायक ने निजी स्तर पर नव कुंज मंदिर निर्माण में सहयोग की बात कही। इसके पूर्व कमेटी के सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी कीकू महतो, अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद, मुखिया राखोहरि सिंह मुंडा, केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, भाजपा नेता भुषण मुर्मू, पूर्व जिला परिषद सदस्य पिंकी देवी, आदि सोनार पातकुम परगना सोलोआना नवकुंज कमिटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## नम आंखों से दी गयी विद्या की देवी मां शारदे को विदाई



खूंटी (आजाद सिपाही)। विद्या की देवी मा शारदे की पूजा अर्चना के बाद शनिवार को उन्हें नम आंखों से विदाई दी गयी। विभिन्न जगहों पर स्थापित माता सरस्वती की प्रतिमा को श्रद्धालुओं विसर्जन शोभायात्रा के साथ तालाबों और नदियों तक ले गये और माता की आराधना के बाद सभी प्रतिमाओं कों विसर्जित कर दिया गया। श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर के परिसर में आयोजित सरस्वती पूजा के दौरान संस्थान के बच्चों द्वारा बनायी गयी पेंटिंग्स की प्रदर्शनी लगायी गयी। कोचिंग सेंटर के कई छात्र- छात्राओं ने डायन प्रथा, सड़क सुरक्षा, अंधविश्वास, दहेज प्रथा, धूम्रपान के दुष्प्रभाव, कन्या भ्रूण हत्या सहित कई सामाजिक कुरीतियों से संबंधित पेंटिंग की प्रदर्शनी सरस्वती पूजा के दौरान लगायी गयी। इस अवसर पर श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर के निदेशक सकलदीप भगत समेत कई गणमान्य लोगों और छात्र छात्राएं उपस्थित थे। सरस्वती पूजा के अवसर पर संस्थान में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कोचिंग सेंटर के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## किसानों ने भारत बंद को लेकर सड़क जाम की




सोनाहातू/राहे (आजाद सिपाही)। संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा के ग्रामीण भारत बंद और औद्योगिक हड़ताल आव्हान पर ग्रामीण भारत बंद को लेकर किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने राहे-सिल्ली सड़क को सुबह 6 बजे से 4 बजे तक जाम रखा। हालांकि छोटे वाहनों को आने जाने की छूट थी। व्यापारीक और बड़े यात्री वाहन को रोक रखा, जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई। सुफल महतो के नेतृत्व में ढूंगरडीह गांव के समीप सड़क जाम किया गया था। इधर सोनाहातू बाजार के सामने किसान सभा ने सुबह से 11 बजे तक जाम किया गया। किसानों के फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी की मांग कर रहे थे।

# बच्चे मासूम होते हैं, उनके साथ सकारात्मक माहौल में काम करने की जरूरत: तन्नुश्री

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट(सीनी) के सहयोग से शुक्रवार को डीआरडीए सभागार में किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015, गुणवत्तापूर्ण सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट, मिशन वात्सल्य पर जिले में बच्चों के संरक्षण और अधिकारों में कार्यरत स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, चाइल्ड हेल्प लाइन यूनिट के नवनियुक्त कर्मियों, पारा लीगल वॉलंटियर्स के लिए क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष तनुश्री सरकार ने कहा कि हम सब कानून के रक्षक हैं। हमें कानून के दायरे में कार्य करने की आवश्यकता है। बच्चों के साथ काम करते हुए हमें ध्यान रखना होगा कि बच्चे मासूम होते हैं। उनके साथ सकारात्मक माहौल में उनके सर्वोत्तम हित को जानते हुए कार्य करना होगा। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी मो अल्ताफ खान ने कहा कि बच्चों के मामलों पर बहुत ही संवेदनशील होकर काम करने की आवश्यकता है। ऐसे में कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी और भूमिका काफी बढ़ जाती है। जिले में बाल संरक्षण में कार्य कर रही विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाएं एक मंच पर आ गये हैं, यह काफी अच्छी बात है। सीनी के सौरभ और अजीत ने सामाजिक अंवेषण प्रतिवेदन, कठिन परिस्थिति के बच्चों के श्रेणियों, गृह अध्ययन रिपोर्ट की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में एलपीओ पुतुल कुमारी, अजीत वर्णवाल, रानी टूटी समेत जिले में कार्यरत विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि, सीएचएल के कर्मी, पीएलवी आदि उपस्थित थे।

## खूंटी के नव साक्षर और स्वयंसेवी शिक्षक दिल्ली में सम्मानित




खूंटी (आजाद सिपाही)। नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत विभिन्न राज्यों की गतिविधियों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए छह और सात फरवरी को नेशनल बाल भवन, नई दिल्ली में उल्लास मेला का आयोजन किया गया। उक्त मेला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नव साक्षरों और स्वयंसेवी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। झारखण्ड राज्य से उल्लास एप में पंजीकृत शिक्षार्थी के रूप में रंजीता देवी, मध्य विद्यालय घुनसुली, कर्रा, खूंटी, उल्लास एप में पंजीकृत स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में निलेश महतो, मध्य विद्यालय घुनसुली, कर्रा 19 मार्च 2023 को आयोजित एफएलएनटी में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की थी।। सिंजी मुण्डू प्राथमिक विद्यालय ब्लॉक कॉलोनी खूंटी, अनिता पूर्ति, प्राथमिक विद्यालय ब्लॉक कॉलोनी, खूंटी को धर्मेन्द्र प्रधान, शिक्षा मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग, भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि उक्त चारों श्रेणी में राज्य स्तर से खंटी जिले के अभ्यर्थी का चयन किया गया है।

## अबुआ आवास योजना पर प्रखंड में उबाल

सोनाहातू/राहे (आजाद सिपाही)। सरकार की अबुआ आवास योजना को लेकर सोनाहातू ओर राहे प्रखंड में उबाल मचा हुआ है। ग्रामप्रधान, पंचायत जनप्रतिनिधियों और आम जनता अबुआ आवास योजना के सूची को लेकर सभी असंतोष है। ग्रामप्रधान का कहना है कि जो सूची ग्रामसभा से दिया गया है उसकी प्राथमिकता नही दिया गया है। जनप्रतिनिधियों के आरोप है कि सूची कैसे बना जानकारी नही दिया गया है। आम जनता का आरोप है कि संपन्न लोगों का प्राथमिकता दिया गया है। अबुआ आवास योजना को लेकर राहे प्रमुख लीलमनी देवी के नेतृत्व प्रखंड मुख्यालय में धरना दिया गया। धरना के बाद मांग पत्र बीडीओ को सौपा गया।इधर सोनाहातू प्रखंड के बारुहातू पंचायत सचिवालय में ग्रामप्रधान संघ ने बैठक किया। बैठक में अबुआ आवास योजना में ग्रामसभा द्वारा पारित सूची को मान्यता नही देने पर असंतोष जाहिर किया। मौके पर मुंडा कृष्णा सिंह मुंडा, भोकेश्वर सिंह मुंडा, गोपाल सिंह मानकी, कार्तिक सिंह मानकी, फोनिभूषण सिंह मुंडा, युगल किशोर सिंह मुंडा, मदन सिंह आदि मौजूद थे।

# अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी को लेकर आजसू ने दिया बीडीओ को ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के 23 पंचायत में अबूवा आवास योजना के तहत योग्य लाभुकों का चयन करने में घोर लापरवाही बरती गयी है। योजना का लाभ वैसे लोगों को दिया जा रहा है, जो पूर्व में लाभ प्राप्त कर चुके है और जिनका पहले से पक्का मकान है। वैसे योग्य लाभुकों को योजना का लाभ से वंचित किया जा रहा है, जो कच्चा मकान टूटे-फूटे झोपड़ी पर प्लास्टिक लगाकर जीवन बिता रहें हैं। एक तरफ सरकार ग्राम सभा से योजना और लाभुक चयन की बात करती है, लेकिन अबुआ आवास योजना चयन में ग्राम सभा की भूमिका को दर किनार कर बाबुओं ने अपने हिसाब से अयोग्य लाभुकों चयन कर सूची जारी कर दिया है और उसी के मुताबिक जिओ टेक करना भी शुरू कर दिया है। जिससे योग्य लाभुकों, ग्रामप्रधानों और जनप्रतिनियों में आक्रोश देखी जा रही है। आजसू पार्टी के प्रतिनिधि मंडल बीडीओ से मुलाकात कर ज्ञापन देते हुए कहा कि आबुआ में हुई गड़बड़ी को अविलंब सुधार कर योग्य लाभुकों को आवास आवंटित करने को कहा अन्यथा इस विषय को लेकर आंदोलन करने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल में आजसू पार्टी तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष जगदीश कुमार गुप्ता, आजसू केंद्रीय सदस्य हीरालाल दास, प्रखंड सचिव धनेश्वर महतो, अशोक गिरी, शक्तिपद महतो, गुलाब चंद्र महतो, गौरव गांगुली आदि शामिल थे।

## सरस्वती पूजा के अवसर पर कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में सरस्वती पूजा के अवसर पर कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार अशोक विहार कॉलोनी बचरा में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रमिक प्रतिनिधि भीम सिंह यादव ने फीता काटकर किया। इसके बाद बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा कई प्रकार के भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया, जिस पर उपस्थित लोग रात भर झूमते रहे। वहीं बुंडू पंचायत के खपिया भंड़ार टोला मे सरस्वती पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन इंटक प्रदेश सचिव सह विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज ने फीता काटकर किया।

## मां सरस्वती की प्रतिमा का किया गया विसर्जन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा का गाजे-बाजे के साथ विसर्जन किया गया। जानकारी के अनुसार पिपरवार क्षेत्र के अशोक विहार कॉलोनी, बसंत विहार कॉलोनी, वनबीआर कॉलोनी, एलो कालोनी, माईनर्स कालोनी, 122 कालोनी, बिशुझापा कालोनी, अशोका माईर्न्स कालोनी सहित अन्य कालोनियों और ग्रामीण इलाकों में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा का गाजे-बाजे के साथ विसर्जन जुलूस निकाला गया जो पूरे क्षेत्र और आवासीय कॉलोनी का भ्रमण किया।

### अबुआ आवास योजना में हुई गड़बड़ी के खिलाफ भाजपा और आजसू का प्रदर्शन

# अबुआ आवास की सूची में हुई गड़बड़ी की जांच कर कार्रवाई हो: जैलेंद्र कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में अबुआ आवास के चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं ने प्रखंड मुख्यालय के समक्ष अलग-अलग विरोध प्रर्दशन किया। एक तरफ भाजपा के प्रदेश नेता सह पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रर्दशन किया। वहीं, दूसरी ओर आजसू के केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव के नेतृत्व में विरोध किया गया। आरोप है कि अबुआ आवास योजना के लाभुक चयन सूची में भारी अनियमितता बरती गई है। सूची में ग्रामसभा द्वारा चयनित लाभुकों के नाम गायब हैं और अधिकांश वैसे लोगों का नाम शामिल कर लिया गया है जो सरकारी गाइडलाईन के अनुसार अयोग्य हैं। भाजपा-आजसू कार्यकर्ताओं ने बीडीओ से अयोग्य लोगों का नाम सूची से हटाने और उसकी जगह जरूरतमंद लोगों को योजना का लाभ देने की मांग की। बाद में भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व विधायक रामकुमार पाहन के नेतृत्व में सीओ राजू कमल से मिला और उन्हें ग्रामीणों की भूमि संबंधी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। वहीं, आजसू कार्यकर्ताओं ने बीडीओ की अनुपस्थिति में नाजीर एजाज खान को ज्ञापन सौंपकर अबुआ आवास योजना में हुई गड़बड़ी की जांच कराने की मांग की है। इस मौके पर भाजपा के कार्यक्रम में पार्टी के ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, सत्यदेव मुंडा, रामनाथ महतो, राजेंद्र महतो, बनमाली महतो, धनीराम महतो, घनेनाथ महतो, जगेश्वर महतो, परमेश्वर महतो, अजय भोगता, पुशनाथ मुंडा, एतवा बेदिया, बनु बेदिया आदि शामिल थे। वहीं, आजसू के प्रदर्शन में रोशनलाल मुंडा, सावित्री देवी, जगरनाथ महतो, रासल तिर्की, किशुन महतो, जितेंद्र मुंडा, प्रेम साहू आदि थे।



अबुआ आवास की सूची में गड़बड़ी का आरोप लगा प्रदर्शन करते आजसू-भाजपा कार्यकर्ता।

# युवक ने किया मां सरस्वती की प्रतिमा को खंडित, लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** थाना अंतर्गत सिदरौल बाजार स्थित किंग्स स्टार क्लब सरस्वती पूजा समिति की ओर से स्थापित प्रतिमा को एक युवक ने क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसे स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात 11.30 बजे समिति के सदस्य खाना खाने गये थे। आधे घंटे के बाद वापस लौटे तो प्रतिमा गिरीं मिली एवं धड के उपर का हिस्सा गायब था। इसी बीच गांव के मंगल कच्छप ने बताया कि उनके घर में एक युवक घुस गया था। जिसे खोज रहे है। इसके बाद सभी ने मिलकर उसकी तलाश की और पकड़ लिया। पूछताछ में उसने खुद को रामगढ़ निवासी राहुल सिंह बताया। कहा कि वह सिदरौल में गौरी शंकर साह के मकान में किराए पर रहता है। उसके कमरे में जाकर देखा तो मां का सिर उसके बेड पर रखा था। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस उसे थाना ले गई। पूछताछ की तो उसने कुछ नहीं बताया। पुलिस जांच में जुटी है। अबतक पूजा समिति ने लिखित आवेदन नहीं दिया है।



## नम आंखों से दी गयी मां सरस्वती को विदाई

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन शुक्रवार को पूरे भक्तिभाव से हुआ। इस दौरान महाआरती का आयोजन किया गया। नामकुम बाजार नया टोली स्थित भगवान वैकुंठ नगर से मां सरस्वती का विसर्जन जुलूस निकाला गया, जो विभिन्न रास्तों से होते हुए स्वर्णरेखा नदी में विसर्जन किया गया। विसर्जन में रांची जिला सचिव कांग्रेस के मीनू सिंह, समाजसेवी ममता सिंह, कंचन देवी, शिल्पी देवी, उषा देवी, रितू देवी, तारा देवी, अजीत सिंह, कुलदीप सिंह, उत्तम सिंह, अनिल, विनोद, अभिषेक, मनोज आदि थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## कैंब्रिज बीएड कॉलेज के प्रशिक्षणार्थियों का समूह शैक्षणिक भ्रमण पर हुआ दिल्ली रवाना



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन के बीएड व डीएलएड के कुल 44 प्रशिक्षुओं का दल शुक्रवार को 8 दिन के शैक्षणिक भ्रमण पर रांची से दिल्ली के लिये रवाना हुआ। यह दल दिल्ली होते हुए देहारदून, मसूरी, ऋषिकेश जायेगा। दल में शामिल सहायक प्रध्यापक सत्येश कुमार सिंह ने बताया कि दिल्ली के इंडिया गेट, संसद भवन, लोटस टेंपल के भ्रमण के बाद दल के सदस्य इस दौरान केम्प्टी फॉल, मसूरी झील, कैमल बैक रोड, मॉल रोड, लक्ष्मण झूला, राम झूला, लच्छीवाला, सहस्त्रधारा, धनोल्टी आदि महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण करेगा। प्रतिवर्ष नये प्रशिक्षओं का दल भारतवार्ष के विभिन्न ऐतिहासिक, प्रकृतिक, एवं शैक्षणिक महत्वप वाले स्थलों का दौरा कर उन्हें काफी कुछ सिखने का मौका मिलता है। दल में परीक्षा नियंत्रक डॉ सत्येस कुमार सिंह, प्रो जसिता गुड़िया, प्रो अनिता मेहता व मिलन कुमार साथ है। संस्थान के सचिव नवनीत सिंह व प्रशशिका राशिका नवनीत सिंह ने सभी को मंगलमय यात्रा की शुभकामना दी।

## अनगड़ा चैलेंजर क्रिकेट टूर्नामेंट के मैन ऑफ दी मैच बने अनु, प्रवीण और प्रणव




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आरएएम एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित अनगड़ा चैलेंजर 2024 खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मैच चिलदाग बनाम मासू के बीच खेला गया। जिसमें चिलदाग की टीम विजयी रही। दूसरा मैच लुपूंग और सिमलिया के बीच हुआ, जिसमें लुपूंग की टीम ने 10 रन से जीत हासिल की। वहीं तीसरा मैच साल्हन बनाम सिरका के बीच खेला गया जिसमें सिरका की टीम ने भारी रनों के अंतर से जीत दर्ज की। बाद में प्लेयर ऑफ द मैच घोषित चिलदाग के अनु करमाली, लुपूंग के प्रवीण कुमार एवं सिरका के प्रणव महतो को पूर्व विधायक रामकुमार पाहन एवं भाजपा के अगमलाल महतो ने पुरस्कृत किया। मौके पर एकेडमी के अध्यक्ष राजेंद्र महतो, महासचिव राजू प्रमाणिक, संयोजक रामसाय मुंडा, संजय नायक, अजय सिंह भोगता, अजय करमाली, सुनील महतो, धनीराम महतो, मेवालाल महतो, प्रेमचंद कच्छप, सूरज कच्छप आदि मौजूद थे।

## चरिमा गांव में हाथियों का उपद्रव जारी छह किसानों की सलों को किया बर्बाद



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चरिमा गांव में गुरुवार की रात 11.30 बजे पांच जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। किसानों के मटर, आलू, सरसो, गेहूं, एक बोरिंग व 400 फिट फीता को तोड़ कर व फसलों को खाकर-रौंद कर बर्बाद कर दिया। जानकारी के मुताबिक हाथियों के झुंड ने लाधु उरांव के आलू, बुधु एक्का, बुधराम लकड़ा, चंपा लकड़ा, लाभु उरांव व तेम्बू खेस के मटर गेंहू व सरसो की खेती को बर्बाद किया है। इसके बाद हाथियों ने ईंटा गांव में तेम्बा उरांव के गेहूं और अमला महतो के बोरिंग व पानी मशीन को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं हाथियों द्वारा खेतों में रौंदे फसलों को देखकर किसान कराह रहे हैं। इधर, जंगली हाथियों के चलते ग्रामीण शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने को विवश हैं। जबकि जिम्मेदार उदासीन हैं।

## लापुंग कांग्रेस की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें पार्टी के मंच मोर्चा, पंचायत अध्यक्ष और सभी पंचायत प्रभारियों ने भाग लिया। इस बीच प्रखंड प्रभारी गोपाल उरांव ने पार्टी के निर्देश पर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता युवा अध्यक्ष जन्मेजय पाठक ने किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, प्रभारी सुदामा महली, पंचायत अध्यक्ष दुर्गा नाथ पाईक, पंचायत अध्यक्ष कृष्णा बड़ाइक, पंचायत अध्यक्ष फिरेन्द साहू, बोनीफास कोंगाडी सलाहकार रामा मुण्डा, बोने उरांव आदि उपस्थित थे।

# अबुआ आवास योजना में हो रही धांधली के प्रतिवाद में 18 पंचायतों के मुखियाओं ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अबुआ आवास के लिए जरूरतमंद गबीरों की ओर से आवेदन जमा किया गया था। जिसकी स्वीकृति होने के बाद भौतिक सत्यापन के लिए प्रखंड कार्यालय कर्मी को दिया गया था। भौतिक सत्यापन के लिए मिले प्रखंड कार्यालय के कर्मचारी मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधियों को दरकिनार कर मनमाने तरीके से सत्यापन कर सूची जिला को भेज दिया गया। जिसे देखकर प्रखंड के सभी मुखियाओं में रोष है। सूची में गरीब व रूरतमंद का नाम ही नहीं है। इससे नाराज प्रखंड के सभी मुखियाओं ने सत्यापन कर नई सूची की मांग को लेकर बीडीओ विजय कुमार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुखिया संघ के अध्यक्ष दीपक बड़ाईक, रमेश बेदिया, वीरेंद्र मुंडा आदि शामिल थे।



# 81.84 लाख की लागत से होगा ओरमांझी तालाब का जीर्णोद्धार

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** 11.5 एकड़ में फैले ओरमांझी के सबसे बड़े तालाब के सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू से मदद की गुहार लगाई थी। उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए सीएसआर फंड से 81 लाख 84 हजार स्वीकृत कराया है। जिसकी जानकारी होने पर भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष, मुखिया दीपक बडाईक, पंसस ललिता देवी, उपमुखिया संतोष गुप्ता, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार मुंडा, पूर्व उप प्रमुख जय गोविंद साहू, राजेश गुप्ता, पूजा समिति अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, सचिव श्याम किशोर महतो, कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू, संतोष कुशवाहा, विहिप मंत्री शशि मेहता, वरिष्ठ समाजिक कार्यकर्ता रामोतार लाल गुप्ता, परमानन्द तिवारी, उमाशंकर साहू, उग्रसेन कुमार, अजय सिंह, रामकुमार महतो, नरेश महतो, हरिचंद्र महतो, नीरज नायक, विक्रांत तिवारी, नीरज पांडे, आनंद महतो, प्रयाग महतो, अजित महतो, रूपेश साहू, सतीश बडाईक, पवन साहू, कुंदन साहू आदि ने खुशी जाहिर की है। सभी ने सांसद आदित्य प्रसाद साहू का अभार व्यक्त किया है।



# झामुमो ने नामकुम में निकाला न्याय मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर पार्टी के नामकुम प्रखंड अध्यक्ष बिरीश मिंज के नेतृत्व में शुक्रवार को कुटियातू पंचायत में न्याय मार्च निकाला गया। अपने संबोधन में बिरीश मिंज ने कहा कि न्याय मार्च से भाजपा का सफाया होगा। जिस तरह से एक सीधे-साधे आंदोलकारी के बेटे को साजिश के तहत सत्ता हासिल करने के लिये झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजने की कार्रवाई की गयी है। झारखंड की सभी जनता समझ रही है। इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। कहा कि जिस तरह से झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य को संवारने में लगे थे। यहां विकास की धारा बह रही थी। यह बात भाजपाइयों को हजम नहीं हो रही थी। वहीं, सचिव मो मोजाहिद हुसैन ने कहा कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल भेजकर भाजपा आदिवासी के साथ शोषण कर कर रही है। 2024 लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा का सफाया होगा। उन्होंने कहा कि न्याय मार्च में हमलोग एक-एक घर जाकर लोगों से मिलेंगे और भाजपा के दोहरे चरित्र को उजागर करेंगें। वहीं, न्याय मार्च यात्रा कुटियातू पंचायत के तेतरी, मल्टी, कुटियातू एवं डहू टोली में निकाली गयी। मौके पर ओलीभा कच्छप, विजय लिंडा, नौशाद अली, पार्वती कच्छप, किशन सिंह, प्रवीण मुंडा, रोहित लकड़ा आदि शामिल हुए।




न्याय मार्च में शामिल झामुमो नेता-कार्यकर्ता।

## सड़क हादसे में दो युवक गंभीर घायल

**मांडर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-39) में मांडर शर्मा फर्नीचर के निकट शुक्रवार की शाम एक वाहन से टकराकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। उनकी पहचान अनीस उरांव (20) प्रकाश उरांव (20) के रूप में हुई है। अनीस कंदरी चील टोली और प्रकाश सुरसा का रहनेवाला है। घटना शाम सात बजे घटित हुई। बताया जा रहा कि दोनों युवक बाइक से मांडर से मिशन की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में तेज गति के कारण आगे चल रहे एक डीजे वाहन से टकरा गये। सूचना मिलने पर मांडर पुलिस ने घायलावस्था में सड़क पर पड़े दोनों युवकों को रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# डिजिटल युग को पाठ्यचर्चा का हिस्सा बनाने की जरूरत: डॉ सिंह

## झारखंड में पर्यटन को बढ़ाने को लायी जा रही हैं विभिन्न योजनाएं : अंजली




**आइएचएम रांची में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आरंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** रांची होटल प्रबंधन संस्थान में शुक्रवार को डिजिटल दुनिया में संस्कृति एवं व्यंजन विषय पर यात्रा, पर्यटन, आतिथ्य और संस्कृति पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय और झारखंड पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा मामले विभाग के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ डीके सिंह, नोएडा के एनसीएचएमसीटी के निदेशक अध्ययन सतवीर सिंह, एवं झारखंड सरकार के पर्यटन विभाग की निदेशक अंजलि यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर पर डॉ डीके सिंह ने सम्मेलन के लिए संस्थान के प्राचार्य एवं पूरी टीम की सराहना की। बताया कि कैसे दुनिया डिजिटल युग में बदल रही है। डिजिटल युग को पाठ्यचर्चा का हिस्सा बनाने, किसी भी समाज की रीढ़ संस्कृति को अपनाने और रोजगार के लिए प्रतिभावान उत्पादन करने पर बल दिया। साथ ही आइएचएम रांची के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार को मडुआ मैन की उपाधि से सम्मानित होने पर बधाई भी दी। वहीं, पर्यटन निदेशक अंजलि यादव ने आईएचएम रांची की ओर से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की सराहना करते हुए बताया कि झारखंड राज्य पर्यटन हब है। पर्यटन को और आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन भी किये जा रहे है। उन्होने झारखंड टूरिज्म पॉलिसी के बारे में भी बताया। सम्मेलन में पर्यटन आज और कल और डिजिटल युग में व्यंजन और संस्कृति के लिए चुनौतियों और मुद्दों पर विभिन्न शोध पत्र प्रस्तुतियों के साथ चर्चा हुई। जिसमें लेबनीज एंड सीरियन मास्टर शेफ जमीला जाके, शेफ निशांत चौबे, मिशेलिन प्लेटेड इंडस के लिए कंसल्टिंग शेफ, सह-संस्थापक स्ट्रीट स्टोरीज, एग्जीक्यूटिव शेफ रामचन्द्र उरांव, होटल रेडिसन ब्लू रांची, शेफ आसित कुंडू, होटल कैपिटील रेसीडेंसी रांची, शेफ डॉ प्रेम राम, एसोसिएट प्रोफेसर, बीसीआईएचएमसीटी, नई दिल्ली, प्रोफेसर निमित चौधरी, विभागाध्यक्ष, पर्यटन और आतिथ्य प्रबंधन, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली, पर्यटन में प्रतिनिधित्व किया गया। इस दौरान एक आईएसबीएन पुस्तक का शीर्षक डिजिटल दुनिया में संस्कृति और व्यंजन जारी किया गया, जिसमें भारत और विदेश के विद्वानों, पेपर प्रस्तुतकर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों द्वारा योगदान किए गए शोध कार्य शामिल है। सम्मेलन का समापन शनिवार को होगा।

### सीएचसी में चल रहे सहियाओं के आंदोलन को आजसू नेता तनवीर आलम का समर्थन

# चार दिनों से स्वास्थ्य केंद्र नहीं आ रहे डॉ अजीत कुमार

**रांची सिविल सर्जन से मिला स्वास्थ्यकर्मियों का पांच सदस्य प्रतिनिधिमंडल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** स्वास्थ्य चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ कांके शाखा के तत्वाधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्यकर्मी, सहिया साथियों का धरना शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। सहिया स्वास्थ्य कर्मियों क ीमांग है कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजीत कुमार को अविलंब हटाया जाए। क्योंकि वे यहां पदस्थापित स्वास्थ्यकर्मियों और सहिया साथियों के साथ अभद्र व्यवहार, मानसिक प्रताड़ना और आर्थिक शोषण करते हैं। डॉ अजीत कुमार को हटाने की मांग को लेकर सहिया साथियों का एक प्रतिनिधिमंडल संघ प्रखंड सचिव अखिलेश प्रसाद के नेतृत्व में शुक्रवार को रांची सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार से भी मिला। कहा कि जब से डॉ अजीत कुमार केंद्र में पदस्थापित हुए हैं तभी से कई तरह की समस्याएं हो रही है। वित्तीय अनियमतता भी हो रही है। डॉ अजीत अपनी नियमित ड्यूटी भी नहीं करते हैं। दोपहर 2.30 बजे आते हैं और 3.30 बजे चले जाते हैं। उन्होंने अभद्रता की सभी सीमाएं तोड़ दी है। दूसरी ओर, सहीया साथियों द्वारा किए जा रहे आंदोलन को आजसू नेता सह समाजसेवी तनवीर आलम ने भी अपना समर्थन दिया है। कहा कि स्वास्थ्यकर्मी सहियायों की मांगे जायज है। डॉ अजीत को प्रभारी पद से हटाया जाए और इनका तबादला अन्यत्र किया जाए। बताते चले कि जब से आंदोलन शुरू हुआ है तभी से डॉ अजीत स्वास्थ्य केंद्र ही नहीं आए हैं। इससे स्वास्थ्य केंद्र का आवश्यक कार्य ठप हो गया है। उधर, सिविल सर्जन के बुलावे पर गये प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि आंदोलन को लेकर आवश्यक कार्रवाई किए जाने का भरोसा मिला है। फिर भी कार्रवाई नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा।




विभिन्न मांगों को लेकर तीसरे दिन भी प्रदर्शन करतीं स्वास्थ्य सहियाएं।

## दुर्गा मंदिर निर्माण को लेकर किया गया भूमि पूजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दिघिया गांव स्थित दुर्गा पूजा स्थल परिसर में शुक्रवार को मां दुर्गा के मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। प्रस्तावित मां दुर्गा के मंदिर निर्माण के लिए बजरंगबली का झंडा व तुलसी का पौधा लगाकर पूजन किया गया। गौरतलब हो कि 32 वर्षो के बाद गांव की महिलाओं की ओर से यहां दुर्गा पूजा व सरस्वती पूजा किया गया। महिलाओं ने कहा कि यहां ग्रामीणों व श्रद्धालुओं के सहयोग से एक भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा। मौके पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष जगरनाथ भगत ने कहा कि गांव की मातृ शक्ति ने संकल्प लिया है तो मां दुर्गा का मंदिर का निर्माण कार्य अवश्य पूरा किया जाएगा। मौके पर ज्योति गुप्ता, शांति देवी, राधा देवी, चिरंजीवी देवी, रीना देवी, संतोषी देवी, सर्वपति देवी, चांदनी देवी, बुधन देवी, सुमंती देवी, बबिता देवी, सविता देवी, सुकरमनी कुमारी, श्वेता देवी, शकुंतला देवी, राधा देवी, रीता देवी, फुलेश्वरी देवी, सरिता देवी, मुनिता देवी, सीता देवी, गौरी साहू, अनिल साहू, विनोद साहू, कृष्णा साहू व प्रमोद साहू आदि थे।

## शशि रंजन ने की समग्र शिक्षा अभियान के कार्यों की समीक्षा, दिये निर्देश

# मोहम्मदगंज के बीपीएम का हाजिरी कम रहने पर काटा 10 दिन का वेतन

### लेस्लीगंज के बीपीओ को कारण बताओ नोटिश

आजाद सिपाही संवाददाता

### मिशन मोड में बच्चों का खोला जाये बैंक खाता : उपायुक्त

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग द्वारा जिले में संचालित समग्र शिक्षा अभियान की समीक्षा की। इस दौरान वे सभी बीपीओ व बीपीएम का बायोमैट्रिक अटेंडेंस से अवगत हुए। उन्होंने पाया कि कई बीपीएम द्वारा 11 बजे के बाद अटेंडेंस बनाया गया है। वहीं कईयों ने शाम को अटेंडेंस क्लोज नहीं किया है। उन्होंने सभी को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि 11 बजे के बाद का अटेंडेंस नहीं माना जाएगा। बेहतर होगा आप सभी 10 बजे तक अपने-अपने कार्यस्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में लेस्लीगंज के बीपीओ का कम अटेंडेंस रहने पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया। जबकि मोहम्मदगंज की बीपीएम रंजना भारती की हाजिरी कम रहने पर उनका 10 दिन का वेतन काटा गया। डीसी ने वैसे पारा शिक्षक जिनका सभी स्तर का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन पूर्ण हो गया है उन सभी का सेवा संपुष्टि करने की बात कही। इसके अलावा बच्चों का बैंक खाता खोलने को लेकर समीक्षा करते हुए उन्होंने इस कार्य को मिशन मोड में करने की बात कही। कहा कि सभी बच्चों का अनिवार्य रूप से बैंक खाता रहे यह सुनिश्चित होना चाहिए। इस कार्य में एलडीएम के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए सभी योग्य बच्चों का खाता खुलवाने का निर्देश दिया। डीसी ने पुस्तक, पोशाक वितरण, छात्रवृत्ति, एसएमसी ट्रेनिंग, पारा टीचर का सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन, सहायक शिक्षकों का सेवा संपुष्टि आदि की समीक्षा कर कई निर्देश दिए। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार के अलावे सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, अकाउंटेंट, बीपीओ, विभिन्न वार्डन समेत अन्य उपस्थित थे।



शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी शशि रंजन।

## अपराधियों में पुलिस का भय नहीं: अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने महिलाओं पर हुए गुरुवार को हुई हमले की दूसरी घटना पर चिंता व्यक्त किया है। कहा कि पलामू में आपराधिक ग्राफ बढ़ रहा है। लोगों में पुलिस का डर नहीं रह गया है, जो चिंता का विषय है। अरुणा शंकर ने कहा कि पलामू के इतिहास में वर्षों पहले महिलाओं की हत्या की एक-दो घटना घटी थी। पर एक महीने में दो ऐसा होना आश्चर्यजनक है। पुलिस प्रशासन तत्काल ऐसी घटना को उद्वेदन करें और आरोपी को पकड़कर कड़ी सजा दिलाए। प्रथम महापौर ने कहा कि बहुत मुश्किल से पलामू की नकारात्मक छवि रघुवर सरकार के समय खत्म हुई थी। परफिर से सारी चीज वापस लौटने लगी है। जिससे व्यवसायी मेदिनीनगर से पलायन की ओर जा सकते हैं। सरकार को मंथन करते हुए अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

## घर में घुसकर साला-बहनोई ने महिला को मारी गोली, गंभीर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना अंतर्गत नावाहाता इलाके में शुक्रवार को दिनदहाड़े घर में घुसकर 37 वर्षीय एक महिला को गोली मार दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान मीनाक्षी देवी के रूप में की गई है। गोली महिला की गर्दन में लगी है। गंभीर स्थिति में उसे इलाज के लिए डॉ राहुल अग्रवाल के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पुलिस ने गोली मारने वालों की पहचान कर ली है। उनकी गिरफ्तारी की कवायद में जुट गई है। बतातें चलें कि एक सप्ताह के भीतर महिला को गोली मारने की दूसरी घटना से क्षेत्र में सनसनी है।

जानकारी के अनुसार नावाहाता निवासी विश्वेश्वर गिरि की बेटी मीनाक्षी देवी अपने मायके में ही रहती है। गढ़वा जिले के भंडरिया में उसकी शादी हुई है। पति राजू गोस्वामी भी उसके साथ ही रहकर व्यवसाय करते हैं। उसके दो छोटे बच्चे हैं। वहीं, गोली मारने वाले की पहचान संतोष गोस्वामी के रूप में हुई है। पता चला है कि संतोष चार साल पहले विश्वेश्वर गिरि के घर में किराएदार के रूप में रहता था। संतोष और उसका साला गोलू इस दनि सुबह 10 बजे विश्वेश्वर गिरि के घर पहुंचे और मीनाक्षी को लक्ष्य कर गोली मार दी। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है। वहीं, गोली चलाने वाला संतोष और उसका साला गोलू फरार हैं। पुलिस घटना के कारणों का पता लगा रही है। समाचार लिखे जाने तक कारण स्पष्ट नहीं हुआ था। उधर, एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि संतोष गोस्वामी का आपराधिक इतिहास रहा है। हत्या के आरोप में जेल भी जा चुका है। गोली संतोष के साले गोलू ने चलायी है। मिनाक्षी और उसके पिता ने घटना के कारण नहीं बताए हैं। पिता का कहना है कि कुछ महीने पहले जब पता चला कि संतोष का आपराधिक इतिहास है तो उसे घर से निकाल दिया था। उन्होंने कहा कि संतोष और उसके साले को पकड़ने के लिए अलग-अलग टीम लगायी गई है। गौरतलब हो कि मेदिनीनगर शहर में महिला पर गोली चालन की यह दूसरी वारदात है। गत सात फरवरी को सद्दीक चौक के समीप शाहपुर जाने वाली सड़क पर एक होटल में बैठी नमिता देवी नामक महिला को भी दो अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। नमिता शास्त्री नगर (भट्टी मुहल्ला टाड़ीपर) की निवासी थी।

## आंगनबाड़ी केंद्रों को नियमित रूप से संचालित करने का दिया निर्देश

### डीसी ने की समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने शुक्रवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने उपस्थित सभी सीडीपीओ एवं एलएस से पोषाहार वितरण की जानकारी ली और सभी को समय पर शत प्रतिशत पोषाहार वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी सीडीपीओ को उनके क्षेत्र अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों को नियमित रूप से संचालित कराने की बात कही। डीसी ने मातृत्व वंदना योजना की प्रखंड वार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बैठक में मौजूद सभी एलएस से दिये गये लक्ष्य के विरुद्ध अचीवमेंट की जानकारी ली। इस कार्य में शिथिलता बरतने को लेकर छतरपुर के दो एलएस को शोकॉज किया गया। वहीं बायोमेट्रिक में अटेंडेंस कम रहने के कारण पाटन के भी एक एलएस को शोकॉज किया गया। इसी तरह सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा के दौरान डीसी ने पाया के जिले में 62 हजार लक्ष्य के विरुद्ध 58 हजार बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से आच्छादित किया गया है। इस दौरान डीसी ने चैनपुर, पाटन व हुसैनाबाद के एलएस को कार्य में तेजी लाने की बात कही। इसी तरह समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, लक्ष्मी लाडली योजना की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान सभी एलएस, समाज कल्याण के जीशान समेत अन्य उपस्थित थे। वहीं सभी सीडीपीओ ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे।

## गुपचुप तरीके से सोशल ऑडिट करना दुर्भाग्यपूर्ण : चंदन सिन्हा


आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** प्रखंड में पंचायत स्तर पर चल रहे मनरेगा के योजनाओं से संबंधित सोशल ऑडिट के तरीके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने आपत्ति जताई है। शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि विभाग द्वारा गुपचुप तरीके से सोशल ऑडिट करना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बीस सूत्री की बैठक में हर बार मनरेगा में व्याप्त अनियमितताओं से संबंधित प्रश्नों को उठते रहे हैं और जांच की मांग करते रहें हैं जिसके कारण अनियमितताओं के उजागर होने के डर से सोशल ऑडिट से संबंधित जानकारी बीस सूत्री ऑफिस को नहीं दी गई और गुपचुप तरीके से सोशल ऑडिट करने के कोशिश की जा रही है। छतरपुर में पहले भी बिना कुआं का निर्माण किए पैसा निकासी करने से संबंधित मामला उजागर किया गया था। ऐसे कई अन्य योजनाओं के उजागर होने की संभावना के डर से विभाग सोशल ऑडिट में प्रदर्शिता नहीं अपना रहा है सोशल आडिट टीम के कार्य शैली पर प्रश्न उठाते हुए चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि छतरपुर प्रखंड में मनरेगा से संबंधित अधिकतर योजनाओं में शिलापट्ट नहीं लगाया गया है। मशीन द्वारा कार्य कराए जाने के बाद गलत तरीके से मजदूरों की एंट्री कर सरकारी पैसे की हेरा फेरी के गई है कई योजनाएं धरातल पर दिखाई तक नहीं देती है। ऐसे में पूरे प्रखंड से पाक साफ निकल जाना सोशल ऑडिट के तरीके पर प्रश्न चिन्ह लगता है और स्पष्ट करता है कि सोशल ऑडिट टीम द्वारा सरकार से प्राप्त आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है इससे संबंधित शिकायत उपयुक्त पलामू के साथ वरीय पदाधिकारी एवं सरकार से की जाएगी और पूर्व में किए गए सोशल ऑडिट को रद्द करते हुए नए सिरे से सोशल ऑडिट कराने की मांग की जाएगी मनरेगा से किए गए कार्यों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की जाएगी जिसमें करोड़ों के हेरा फेरी की उम्मीद बताई गई है और दोषी लोगों पर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

## महुअरि के उप मुखिया के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के महुअरि पंचायत के नौ वार्ड सदस्यों ने बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी से उप मुखिया के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के संबंध में आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया है कि सभी वार्ड सदस्यों ने आपसी समन्वय से सुषमा देवी को उप मुखिया के रूप में चुना था, लेकिन जिस उम्मीद के साथ उन्हें उप मुखिया बनाया गया था वह उस पर खरा नहीं उतरीं। आम अवाम के बीच भी उनका कार्य संतोषजनक नहीं है। दिए गए आवेदन में वार्ड पार्षदों ने उप मुखिया के लिए पुनः चुनाव कराने की मांग की है। आवेदन देने वालों में वार्ड सदस्य सोनू राम, मंजू देवी, आशा देवी, सरिता देवी, बिंदेश्वरी मेहता, चिंता देवी, शोभा देवी, जयमाला कुमारी, अंजू देवी का नाम शामिल है। इसकी प्रतिलिपि एसडीओ को भी दी गयी है।

## एमकेडीएवी की छात्रा को हिंदी ओलंपियाड में मिला स्वर्ण पदक




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल की 9वीं की छात्रा अद्रिजा राय चौधरी को अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2023 में स्वर्ण पदक मिलने पर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में अद्रिजा को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ जीएन खान ने बताया कि यह परीक्षा हिंदी ओलंपियाड फाऊंडेशन द्वारा सितंबर 2023 में आयोजित की गई थी। जिसमें अखिल भारतीय स्तर पर लाखों छात्रों ने प्रतिभाग किया। इनके बीच अद्रिजा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। यह विद्यालय, उनके माता-पिता एवं पूरे पलामू के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास बच्चों में रुचि जागृत करना, उन्हें पुस्तक पढ़ने एवं लिखित अभ्यास की आदत डालने के लिए प्रेरित करना है। मौके पर शिक्षक आलोक कुमार, कन्हैया राय, प्रदीप बोराल, शेखर सिन्हा, नीरज सिन्हा आदि थे।

## ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा दे सरकार: योगेंद्र सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** क्षेत्र में विगत तीन दिनों से लगातार बारिश और ओलावृष्टि से हुए क्षति का आंकलन करने हुसैनाबाद प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष सह एनसीपी प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह किसानों के बीच पहुंचे। प्रभावित क्षेत्र जमुआ, माधेकचहरी, खिलपर, सरहु, कुकहि, बिलासपुर, जरही पर, सरगड़ा, बनाही, खेकसाहि, गोरियोटा, सुपहा आदि गांव का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया और किसानों को हरसंभव क्षतिपूर्ति मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने बताया कि बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। कच्चे घर भी काफी क्षतिग्रस्त हुए है। उन्होंने स्थानीय और जिले के वरीय प्रशासन के साथ ही राज्य सरकार से फसलों की उचित मुआवजा और प्राथमिकता के आधार पर क्षतिग्रस्त हुए कच्चे मकान मालिकों को अबुआ आवास निर्माण कराने की मांग की है। मौके पर एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष बिनय पासवान, हैदर नगर बीससूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह और राजकुमार ठाकुर आदि मौजूद थे।


## कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़।

### नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अल्पकालिन आमंत्रण सूचना।

### अति अल्पकालिन सूचना संख्या –NIT/RGH/NP/04/2023-24

1 निविदा निकालने वाले पदाधिकारी :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़।
2 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि :– दिनांक: 17.02.2024
3 निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि :– दिनांक: 27.02.2024 अपराहन 04:00 बजे तक।
4 निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट :– केवलई–निविदा (http://jharkhandtenders.gov.in)
5 निविदा खोलने की तिथि व समय एवं स्थान :– दिनांक: 28.02.2024 अपराहन् 4:00 बज`तक।
6 मद का नाम :– शहरी परिवहन
7 हेल्पलाईन नं0 :– 9962405690 9110072039

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | Construction of Paver Block Road in Galli Muhhala in Ward No 01 | 6526600.00 | 130532.00 | 10000.00 | 120 दिन |
| 2 | 02 | Construction of Paver Block Road in Galli Muhhala in Ward No 02 | 5873900.00 | 117478.00 | 10000.00 | 120 दिन |
| 3 | 03 | Construction of Paver Block Road in Galli Muhhala in Ward No 03 | 4368650.00 | 87373.00 | 10000.00 | 120दिन |
| 4 | 19 | Construction of Paver Block Road from Shiv Mandir Via Mangardarha to Malhar Birhore Tola in Ward No -19 | 8711700.00 | 174234.00 | 10000.00 | 120दिन |
| 5 | 20 | Construction of Paver Road from Samim Ansari to H/O Ramesh Yadav and from H/O Pappu Alam to Masjid in ward no 20 | 2973200.00 | 59464.00 | 10000.00 | 120दिन |
| 6 | 25 | Construction of Paver Road from Dhara Pipar to Hanuman Mandir in Ward No25 | 5091400.00 | 101828.00 | 10000.00 | 120दिन |
| 7 | 26 | Construction of Paver Block Road from NH-33 By Pass Four lane to Samsan Ghat in Ward No 26 | 5221200.00 | 104424.00 | 10000.00 | 120दिन |
| 8 | 26 | Construction of Paver Block Road in Galli Muhhala in Ward No 26 | 6961700.00 | 139234.00 | 10000.00 | 120दिन |
| 9 | 27 | Construction of Paver Block Road in Galli Muhhala in Ward No 27 | 5003700.00 | 100074.00 | 10000.00 | 120दिन |
| 10 | 28 | Construction of Paver Block Road in Galli Muhhala in Ward No 28 | 3480700.00 | 69614.00 | 10000.00 | 120दिन |
| 11 | 29 | Construction of Paver Block Road in Galli Muhhala in Ward No 29 | 4004100.00 | 80082.00 | 10000.00 | 120दिन |
| 12 | 32 | Construction of Paver Block Road at Kuram and Bhumihar tola Bhuduwa Mahadeo in Ward No 32 | 7187100.00 | 143742.00 | 10000.00 | 120दिन |

नोट:–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्तें एवं अन्य जानकारीयॉ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशीप अथवा पार्टनरशीप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
5. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।
7 अनुभव प्रमाण–पत्र संबंधित कार्य का 60%, होना चहिये
8. Audit Report last 3 FY with balance sheet ,
9. EPF Registration with Submitte last Three Month Retur file Challan Copy

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़।

PR 319212 (District) 23-24 (D)



## स्थानीय सूचना
## प्रपत्र VI 'क'
## झारखण्ड सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अर्जन निदेशालय) या
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

संख्या–120/भू0अ0 दिनांक–10/02/2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, कोडरमा को यह प्रतीत होता है, कि ग्राम–**बरहमसिया** थाना–**डोमचॉंच**, थाना सं0–**306**, अंचल–**डोमचॉंच**, जिला–**कोडरमा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **तिलैया से बगड़ो भाया जयनगर पथ के पुर्ननिर्माण** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–**बरहमसिया** थाना–**डोमचॉंच**, थाना सं0–**306**, अंचल–**डोमचॉंच**, जिला–**कोडरमा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**0.7210 ए0** यानि **0.2918** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है............

ग्राम–**बरहमसिया** थाना–**डोमचॉंच**, थाना सं0–**306**, अंचल–**डोमचॉंच**, जिला–**कोडरमा**

| क्रम सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्व व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 11 | 106 | रैयती | टांड | 0.0140 | हदीश अंसारी वो हलीम मियां वो हबीब मियां वो अयुब मियां वो महबूब मियां पिता–गफुर मियां | प्लॉट 104 अंश | प्लॉट 190 अंश | प्लॉट 106 अंश | प्लॉट 76 अंश |
| 2 | 22 | 189 | रैयती | टांड | 0.1590 | रामचन्द्र प्रसाद पिता–लेखो सुण्डी | प्लॉट 190 | प्लॉट 189 अंश एवं 623 | प्लॉट 189 अंश | प्लॉट 196 एवं 623 |
| 3 | 5 | 190 | रैयती | टांड | 0.3670 | सोहेल अंसारी पिता– हदीश अंसारी वो हदीश अंसारी वो हलीम मियां वो हबीब मियां वो अयुब मियां वो महबूब मियां पिता– गफुर मियां वो मतीन मियां वो जहीर मियां पिता– छोटु मियां वो अजीमा खातुन पति–तबारक हुसैन वो अनवर मियां पिता–रज्जाक मियां | प्लॉट 76 एवं 106 अंश | प्लॉट 189 अंश | प्लॉट 190 अंश | प्लॉट 76 एवं 190 अंश |
| 4 | 8 | 189/623 | रैयती | टांड | 0.1810 | छोटी सुण्डी पिता–रूपलाल सुण्डी वो इन्द्रदेव सुण्डी पिता– शुकर सुण्डी वो गिरजा मसो0 पति–लालो सुण्डी वो द्वारिका सुण्डी वो विश्वनाथ सुण्डी वो दुखी सुण्डी पिता–मनी सुण्डी वों टहली देवी पति–बबुनी सुण्डी वो हीरालाल सुण्डी वो रामचन्द्र सुण्डी पिता– बैजू सुण्डी । | प्लॉट 196 अंश | प्लॉट 623 अंश | प्लॉट 189 | प्लॉट 196 |
| कुलः– | | | | | 0.7210 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम–2013 (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, **कोडरमा** के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, **कोडरमा** और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अन्तरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, **कोडरमा** के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
समुचित सरकार–सह–
उपायुक्त, कोडरमा

PR 319081 Land Reforms(23-24).D

## किसान संगठनों के भारत बंद के समर्थन में कांग्रेसियों का प्रदर्शन, हुए गिरफ्तार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** किसान संगठनों के भारतबंद के समर्थन में शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह के नेतृत्व में महागठबंधन के बैनर तले जोरदार प्रदर्शन किया गया। रणधीर वर्मा चौक को दो घंटे से अधिक समय तक के लिए जाम कर दिया। अपने संबोधन में संतोष सिंह ने कहा कि किसानों द्वारा मांगे जा रहे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), खेत में काम करनेवाले किसानों को पेंशन, किसानों का ऋण माफी, उत्तर प्रदेश में हिंसा के शिकार किसानों को अविलंब न्याय मिले। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने किसानों के प्रति कांग्रेस की न्याय नीति स्पष्ट कर दी हैं। हम सभी किसानों के साथ हो रहे अन्याय को लेकर भाजपा सरकार का विरोध कर रहे हैं। आने वाले लोकसभा चुनाव में देश की जनता इसका जवाब देगी। दूसरी ओर, सड़क पर कांग्रेसियों के प्रदर्शन के बाद धनबाद पुलिस ने नेताओं को हिरासत में लिया और थाने ले गई। बाद में सभी से बॉन्ड भरवा कर छोड़ दिया गया। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष रशीद रजा अंसारी, प्रदेश महासचिव मदन महतो, प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम, विशेष आंमत्रित सदस्य अशोक कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य राजेश राम, गोपाल कृष्ण, राजू दास, चौधरी, संजय जयसवाल ,दुर्गा दास, मृत्युंजय सिंह, आशीष जायसवाल, मंटू दास, मनोज हारी, जयप्रकाश चौहान, प्रभात सुरोलिया, सतपाल सिंह ब्रोका, मौजूद थे।

## किसानों के समर्थन में कांग्रेसियों का गिरिडीह में प्रदर्शन




**गिरिडीह। दिल्ली में आंदोलन कर रहे किसानों के समर्थन में शुक्रवार को गिरिडीह झंडा मैदान से टावर चौक तक कांग्रेस की ओर से प्रतिवाद मार्च निकाला गया। जिसकी अगुवाई किसान नेता पूरन महतो, राजेश यादव और राजेश सिन्हा आदि कर रहे थे। वक्ताओं ने कहा कि हर मोर्चे पर विफल मोदी सरकार अपना गुस्सा किसानों पर निकलना चाहती है। कृषि कानून को लेकर बैकफुट पर आने के बाद फिर से किसानों को परेशान किया जाने लगा। इसलिए किसान पुनः दिल्ली की ओर कूच कर मोदी सरकार से किसानों को लेकर किए गए सभी वादों को पूरा करने की मांग कर रहे हैं। जिसा मोदी सरकार दबाना चाह रही है। पर यह नहीं चलेगा। सरकार को किसान-मजदूरों की सभी जायज मांगों को पूरा करना होगा। इस मौके पर प्रीती भास्कर, नागेश्वर महतो, संजय यादव, मनोज यादव, अन्ना मुर्मू, संतोष राय, रियाज अंसारी, मो इकराम, योगेश्वर प्रसाद, बासुकी यादव, ठाकुर मंडल, झारखंडी मंडल, राजेश मांझी, रामलाल यादव, प्रदीप यादव, नकुल मंडल, हृदय मंडल, संजय कुमार, सुजीत दास आदि मौजूद थे।**

## बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर सप्लाई मजदूरों ने किया प्लांट में प्रदर्शन



**बोकारो थर्मल/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बकाया वेतन का भुगतान करने की मांग को लेकर सप्लाई मजदूरों ने शुक्रवार को बोकारो थर्मल पावर प्लांट में प्रदर्शन किया। साथ ही प्लांट के वरीय महा प्रबंधक सह परियोजना प्रधान कार्यालय का घेराव कर धरने पर बैठ गए। करीब तीन घंटे बाद प्रबंधन ने वार्ता के लिए प्रतिदिनिधयों को कार्यालय के अंदर बुलाया। वार्ता में संयुक्त मोर्चा प्रतिनिधियों ने पिछले कई महीने से लगातार वेतन भुगतान में विलंब,अर्जित अवकाश और गिफ्ट की राशि भुगतान नहीं होने का मामला उठाया। मासिक वेतन भुगतान के प्रति स्थानीय प्रबंधन के उदासीन रवैया के प्रति नाराजगी भी जाहिर की। काफी जद्दोजहद के बाद परियोजना प्रधान ने यह आश्वासन दिया कि सभी सप्लाई मजदूरों को 20 फरवरी तक उनका जनवरी महीने का वेतन भुगतान हो जायेगा। मेसर्स एमके इंटरप्राइजेज के अधीन असैनिक विभाग में कार्यरत वैसे मजदूर जिनका दो माह का वेतन भुगतान बकाया है उनका 27 फरवरी तक भुगतान कराया जायेगा। जिन मजदूरों का गिफ्ट की राशि जो प्रबंधन द्वारा दिया जाना है उसे भी एक सप्ताह के अंदर भुगतान करा दिया जायेगा। वार्ता में प्रबंधन की ओर से वरीय महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद, महाप्रबंधक सुदीप्तो भट्टचार्य, उपमहा प्रबंधक वाणिज्य बिहारी चौधरी, बीएम गोस्वामी और डिप्टी मैनेजर रोहित कुमार, संयुक्त मोर्चा की ओर से ब्रज किशोर सिंह, नवीन पाठक, गणेश राम, रघुवर सिंह, अशीम तिवारी, सरजू ठाकुर, संजय मिश्रा, रजाक अंसारी, अमरजीत सिंह और विष्णु गोस्वामी शामिल थे। वहीं, आंदोलन करने वालों में रमोद कुमार, रामाधार सिंह, अमरजीत सिंह, बक्सी सिंह, सुजीत राय, जहारु उराव, रंजीत कुमार, तरुण गुप्ता, बच्चू घासी, अरुण सिंह, संजय सिंह, अली अहमद, दीनबंधु ओझा, सरजू ठाकुर, लालबाबू यादव, रामलाल ठाकुर, संजय प्रसाद, दिलीप सिंह, प्रदीप कुमार, रंजीत यादव, सहजात हुसैन, संजय चौधरी, सुरेश प्रसाद, दिनेश शर्मा, उमेश कुमार, संजय सिंह, संजीव राय, मुंशी प्रसाद, रामनाथ सिंह, विनोद सिन्हा, खिरोधर महतो और बाबूलाल आदि उपस्थित थे।

## बिहार कोलियरी कामगार यूनियन ने भारत बंद के समर्थन में की हड़ताल

**कतरास (आजाद सिपाही)।** ट्रेड यूनियनों की संयुक्त मोर्चा द्वारा आहूत भारत बंद के समर्थन में बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 4 में मजदूरों ने काम बंद कर केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। हालांकि बाघमारा-बरोरा क्षेत्र में बंदी का कुछ खास असर नहीं दिखा। बीसीकेयू सह सीटू नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा ने विभिन्न कार्यस्थलों में भ्रमण किया। कहा कि चार लेबर कोड़, तीन कृषि कानून रद्द करने, मंहगाई-बेरोजगारी पर रोक लगा आदि की मांग को केंद्र सरकार को मानना ही पड़ेगा। मौके पर इंटक केगोवर्धन महतो, रियाज अहमद, बोधी गोप, एचएमएस के सरोज उपाध्याय, भुवन गोप, बीसीकेयू के संजय महतो, लखन मुर्मू आदि थे।

## आश्वासन : जनता दरबार में डीसी ने सुनी आमजनों की शिकायत

# जनता की समस्याओं का निराकरण जिला प्रशासन की प्राथमिकता: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता


जनता दरबार में लोगों की समस्याओं को सुनते डीसी वरुण रंजन।

**धनबाद।** डीसी वरुण रंजन ने समाहरणालय सभागार में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना। साथ ही उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जांच कराते हुए उचित समाधान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान जनता दरबार में पहुंचे गोविंदपुर के नगरकियारी पंचायत के नवाटांड़ ग्राम से आए ग्रामीणों ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर ईंट-भट्टा एवं घर बनाने के संबंध में डीसी को एक आवेदन सौंपा। जिसके माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि गांव के सरकारी जमीन पर कुछ दबंग लोगों द्वारा कब्जा कर घर एवं ईट भट्टा बनाया जा रहा। उक्त स्थान पर पोटोहो खेल मैदान बनाने की बात चल रही थी। उन्होंने उक्त जमीन पर से अतिक्रमण हटाने की मांग की। इस पर डीसी ने इस मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए गोविंदपुर सीओ को उक्त जमीन की मापी कराकर अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटाने का निर्देश दिया। वहीं, सरायढेला थाना क्षेत्र के जगजीवन नगर से आए छात्र रुद्र नारायण तिवारी ने दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल पर 12वीं के परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड उपलब्ध नहीं करने के संबंध में डीसी को एक आवेदन सौंपा। छात्र ने बताया की 10 फरवरी को परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र लेने विद्यालय गया, तो प्राचार्य डॉक्टर सरिता सिंह ने प्रवेश पत्र देने के लिए 1000 रुपये का ऐलुमीनाई मेंबरशिप (पूर्वती छात्र) के नाम पर देने पर जबरन दबाव बनाया। जबकि मैं इसका सदस्य नहीं बनना चाहता हूं। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अब तक परीक्षा प्रवेश पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है जिस कारण वह परीक्षा देने में सक्षम नहीं है। उन्होंने डीसी से मांग की कि समय पर कार्रवाई करते हुए प्रवेश पत्र उपलब्ध कराया जाए, ताकि 12वीं की परीक्षा देने में सक्षम हो सके। इस पर डीसी ने इस मामले को डीपीएस के प्रिंसिपल को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन का निर्देश दिया। इसके अलावा जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, स्वास्थ्य, मुआवजा, सरकारी जमीन पर कब्जा, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र समेत अन्य समस्याओं से अवगत हुए। डीसी ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## समारोह आयोजित कर 10वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** करकेंद बाजार स्थित डैफोडिल्स एकाडमी करकेंद में 10वीं के छात्र-छात्राओं को समारोह आयोजित कर शुक्रवार को विदाई दी गई। विद्यालय परिसर में 10वीं के 50 छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए विदाई दी गई। वहीं, प्राचार्य तापस बनर्जी ने सभी छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद दिया और उज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि इस वर्ष भी अच्छा रिजल्ट होगा। प्राचार्य ने इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय चंडी चरण बनर्जी (चंडी सर), भूतपूर्व गणित शिक्षक पुटकी उच्च विद्यालय को भी याद किया। घोषणा की कि मार्च महीने के अंत तक नामांकन लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं के नामांकन शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। मौके पर उप प्राचार्य देवाशीष मुखर्जी, शिक्षक-शिक्षिकाओं में अनिल सिंह, चंदन पासवान, जयंत घटक, प्रभाकर मिश्रा, प्रमोद सिन्हा, झूमा दत्ता, कविता दत्ता, डोली सिंह, संजय दत्ता आदि थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## डीसी वरुण रंजन ने किया बर्ड्स ऑफ धनबाद नामक पुस्तक का विमोचन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी वरुण रंजन ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में धनबाद के पक्षी प्रेमी एके सहाय द्वारा लिखित बर्ड्स ऑफ धनबाद नामक पुस्तक का विमोचन किया। इसके बाद डीसी ने एके सहाय से यहां पाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के पक्षियों के बारे में विस्तृत चर्चा की। साथ ही उनके कार्य की सराहना की। वहीं, एके सहाय ने बताया कि धनबाद की जलवायु विभिन्न तरह के पक्षियों के लिए अनुकूल है। विगत दो साल में यहां 150 से अधिक पक्षियों के प्रजातियों की फोटोग्राफी कर 110 पृष्ठ की इस पुस्तक में संग्रहीत की है। उन्होंने कहा कि मैथन व पंचेत डैम, तोपचांची झील और उसके आसपास की पहाड़ी, भटिंडा फॉल, सुदूर इलाके के जंगल देश-विदेश के पक्षियों को आकर्षित करते हैं। राजस्थान के भरतपुर बर्ड सैंक्चुअरी की तरह यहां साइबेरियन क्रेन सहित 20 तरह के विदेशी पक्षी विभिन्न ऋतु में भ्रमण करते हैं। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,सिमडेगा**
**Email Id- rdsd.simdega@rediffmail.com**

पत्रांक................/सिमडेगा, दिनांक ................/

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RDD/SD/SIM/ 08/2023 -24 द्वारा प्राकाशित निविदा जिसका Pr. N0. 318566 Rural Development(23-24).D है, में अंकित **Double Bid System** के स्थान पर **Single Bid System** पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
सिमडेगा

PR 319145 Rural Development(23-24).D



**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

63वीं औपबंधिक सूची जिला–हजारीबाग (पार्ट–03)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी एवं पूर्व मा0 सांसद भुवनेष्वर मेहता के द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं आवेदक के पहचान के आधार पर। | |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–954/24<br>2. आवेदक–दिलीप कुमार मेहता , पिता–स्व0 छत्रधारी महतो<br>3. ग्राम–पवरा , पोस्ट–पवरा, थाना–कटकमसाण्डी , प्रखण्ड–कटकमसाण्डी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–955/24<br>2. आवेदक–संतोष प्रसाद मेहता , पिता–कुबेर प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–पवरा , पोस्ट–पवरा, थाना–कटकमसाण्डी , प्रखण्ड–कटकमसाण्डी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–956/24<br>2. आवेदक–अनिल कुमार मेहता , पिता–प्रदीप प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–पवरा , पोस्ट–पवरा, थाना–कटकमसाण्डी , प्रखण्ड–कटकमसाण्डी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–957/24<br>2. आवेदक–अभय कुमार पाल , पिता–षिव कुमार मेहता<br>3. ग्राम–पवरा , पोस्ट–पवरा, थाना–कटकमसाण्डी , प्रखण्ड–कटकमसाण्डी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–958/24<br>2. आवेदक–सुरेन्द्र मेहता , पिता–मेखलाल मेहता<br>3. ग्राम–पवरा , पोस्ट–पवरा, थाना–कटकमसाण्डी , प्रखण्ड–कटकमसाण्डी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–959/24<br>2. आवेदक–प्रदीप कुमार मेहता , पिता–स्व0 कपिलदेव महतो<br>3. ग्राम–पवरा , पोस्ट–पवरा, थाना–कटकमसाण्डी , प्रखण्ड–कटकमसाण्डी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–960/24<br>2. आवेदक–अजय प्रसाद मेहता , पिता–कुबेर प्रसाद महतो<br>3. ग्राम–पवरा , पोस्ट–पवरा, थाना–कटकमसाण्डी , प्रखण्ड–कटकमसाण्डी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–961/24<br>2. आवेदक–दषरथ मेहता , पिता–छातो महतो<br>3. ग्राम–पवरा , पोस्ट–पवरा, थाना–कटकमसाण्डी , प्रखण्ड–कटकमसाण्डी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आंख के नीचे कटा दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–962/24<br>2. आवेदक–अयोध्या पाण्डेय , पिता–प्रयाग पाण्डेय<br>3. ग्राम–पवरा , पोस्ट–पवरा, थाना–कटकमसाण्डी , प्रखण्ड–कटकमसाण्डी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–963/24<br>2. आवेदक–अषोक कुमार मेहता , पिता–स्व0 सीताराम मेहता<br>3. ग्राम–पवरा , पोस्ट–पवरा, थाना–कटकमसाण्डी , प्रखण्ड–कटकमसाण्डी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–964/24<br>2. आवेदक–सुरेष प्रसाद मेहता , पिता–स्व0 नन्दलाल महतो<br>3. ग्राम–पवरा , पोस्ट–पवरा, थाना–पेलावल , प्रखण्ड–कटकमसाण्डी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–965/24<br>2. आवेदक–लक्ष्मण प्रसाद मेहता , पिता–लीलाधर महतो<br>3. ग्राम–पवरा , पोस्ट–पवरा, थाना–पेलावल , प्रखण्ड–कटकमसाण्डी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–966/24<br>2. आवेदक–देवनारायण प्रसाद मेहता , पिता–स्व0 विषुन दयाल महतो<br>3. ग्राम–कण्डसार , पोस्ट–बहिमर, थाना–कटकमसाण्डी , प्रखण्ड–कटकमसाण्डी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–92 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल पर मासा | कंडिका–2(ix) |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–967/24<br>2. आवेदक–विनय कुमार , पिता–सुरेष चन्द्र प्रसाद<br>3. ग्राम–कण्डसार , पोस्ट–बहिमर, थाना–कटकमसाण्डी , प्रखण्ड–कटकमसाण्डी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आंख में कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–968/24<br>2. आवेदक–गोविन्द प्रसाद मेहता , पिता–स्व0 नुनू महतो<br>3. ग्राम–जमुआरी , पोस्ट–करियातपुर, थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–969/24<br>2. आवेदक–अषोक प्रसाद मेहता , पिता–बक्सु प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–जमुआरी , पोस्ट–करियातपुर, थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–970/24<br>2. आवेदक–विन्देष्वर प्रसाद मेहता , पिता–स्व0 श्यामलाल महतो<br>3. ग्राम–जमुआरी , पोस्ट–करियातपुर, थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–971/24<br>2. आवेदक–कपिलदेव प्रसाद मेहता , पिता–प्रवील महतो<br>3. ग्राम–अलौन्जखुर्द , पोस्ट–अलौन्ज, थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–972/24<br>2. आवेदक–जमुना प्रसाद मेहता , पिता–ष्यामलाल प्रसाद महतो<br>3. ग्राम–रतनपुर , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–973/24<br>2. आवेदक–ष्यामलाल महतो , पिता–स्व0 छेदी महतो<br>3. ग्राम–रतनपुर , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–974/24<br>2. आवेदक–कुलेष्वर प्रसाद मेहता , पिता–स्व0 नान्हु महतो<br>3. ग्राम–दरीया , पोस्ट–रतनपुर , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–975/24<br>2. आवेदक–बंगाली प्रसाद मेहता , पिता–स्व0 जगरनाथ प्रसाद महतो<br>3. ग्राम–कुरहा , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–976/24<br>2. आवेदक–पोखन महतो , पिता–स्व0 रोहन महतो<br>3. ग्राम–गुंजा , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0–977/24<br>2. आवेदक–जागेष्वर प्रसाद , पिता–स्व0 रोहन महतो<br>3. ग्राम–गुंजा , पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0–978/24<br>2. आवेदक–अषोक प्रसाद मेहता , पिता–मित्रनारायण मेहता<br>3. ग्राम–सिझुआ , पोस्ट–बरियठ , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0–979/24<br>2. आवेदक–मित्रनारायण मेहता , पिता–लालमनी मेहता<br>3. ग्राम–सिझुआ , पोस्ट–बरियठ , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0–980/24<br>2. आवेदक–महेन्द्र प्रसाद मेहता , पिता–स्व0 लालधारी महतो<br>3. ग्राम–बरियठ , पोस्ट–बरियठ , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0–981/24<br>2. आवेदक–छोटन रविदास , पिता–जीतन राम<br>3. ग्राम–मराजो , पोस्ट–मराजो, थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में दायें तरफ तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0–982/24<br>2. आवेदक–हेमन्त कुमार , पिता–बनवारी प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम–कुटीपीसी , पोस्ट–कुटीपीसी, थाना–पदमा ओ0पी0 , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0–983/24<br>2. आवेदक–गंगाधर मेहता , पिता–छातो महतो<br>3. ग्राम–कुटीपीसी , पोस्ट–कुटीपीसी, थाना–पदमा ओ0पी0 , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने कंधा में मोल। | कंडिका–2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0–984/24<br>2. आवेदक–सरयू प्रसाद मेहता , पिता–स्व0 वंषी महतो<br>3. ग्राम–दोनईखुर्द , पोस्ट–सरैया , थाना–पदमा ओ0पी0 , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0–985/24<br>2. आवेदक–बंगाली प्रसाद मेहता , पिता–बाबुलाल महतो<br>3. ग्राम–सूरजपुरा , पोस्ट–सूरजपुरा , थाना–पदमा , प्रखण्ड–पदमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में जख्म। | कंडिका–2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0–986/24<br>2. आवेदक–मो0 रफीक खान , पिता–मो0 हकीम<br>3. ग्राम–वासोबार , पोस्ट–दारू , थाना–दारू , प्रखण्ड–दारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0–987/24<br>2. आवेदक–षंभू कुमार , पिता–स्व0 नरसिंह राम<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–दारू , थाना–दारू , प्रखण्ड–दारू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0–988/24<br>2. आवेदक–रानू रागिनी , पति–षंभू कुमार<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–दारू , थाना–दारू , प्रखण्ड–दारू<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0–989/24<br>2. आवेदक–मो0 अन्सार , पिता–मो0 इदरिस<br>3. ग्राम–सुलताना , पोस्ट–सुलताना , थाना–कटकमदाग , प्रखण्ड–कटकमदाग<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आंख के उपर ऐला। | कंडिका–2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0–525/24<br>2. आवेदक–हदिस मिर्जा , पिता–बारिक मिर्जा<br>3. ग्राम–भदवा , पोस्ट–भदवा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0–526/24<br>2. आवेदक–समीम मिर्जा , पिता–निजाम मिर्जा<br>3. ग्राम–भदवा , पोस्ट–भदवा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0–527/24<br>2. आवेदक–ऐनुल खान , पिता–मसरफ खान<br>3. ग्राम–भदवा , पोस्ट–चैनपुर , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में जला का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0–528/24<br>2. आवेदक–रियाज मियां , पिता–जमाल मियां<br>3. ग्राम–भदवा , पोस्ट–चैनपुर , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0–529/24<br>2. आवेदक–सिकन्दर मलिक , पिता–मुलतजिम मलिक<br>3. ग्राम–भदवा , पोस्ट–चैनपुर , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0–530/24<br>2. आवेदक–कैलाष प्रसाद , पिता–स्व0 राघो महतो<br>3. ग्राम–बड़गाँव , पोस्ट–बड़गाँव , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0–482/24<br>2. आवेदक–मोहम्मद मुबारक , पिता–मो0 जमालुद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–कुन्दा , पोस्ट–तिरला , थाना–जगेष्वर बिहार , प्रखण्ड–कुन्डा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कट का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0–483/24<br>2. आवेदक–उमेष कुमार महतो , पिता–चन्द्रषेखर महतो<br>3. ग्राम–चौपी , पोस्ट–चौपी , थाना–पेटरवार , प्रखण्ड–पेटरवार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल पर कटा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0–10/24<br>2. आवेदक–सिकन्दर हुसैन , पिता–चमारी मियां<br>3. ग्राम–ढोढोकोला , पोस्ट–ढोढोकोला , थाना–डोमचांच , प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0–11/24<br>2. आवेदक–राजेष साव , पिता–भोला साव<br>3. ग्राम–ढोढोकोला , पोस्ट–ढोढोकोला , थाना–डोमचांच , प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य    (नरसिंह मुर्मू) सदस्य    (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 319126 (Home)23-24*D

# मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बागची श्री शंकर कैंसर अस्पताल और अनुसंधान संस्थान का किया उद्घाटन

- 750 बिस्तर, प्रतिदिन 300 मरीजों के लिए अत्याधुनिक रेडियोथेरेपी
- 150 से अधिक मरीजों को कीमोथेरेपी की सुविधा
- राज्य का एक तिहाई हिस्सा कैंसर रोगियों को सस्ती गुणवत्ता वाली चिकित्सा प्रदान करेगा




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेवर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को भुवनेश्वर में बागची श्री शंकर कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन किया। गौरतलब है कि इसकी स्थापना देश के अग्रणी कैंसर उपचार संस्थानों में से एक श्री शंकर कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, बैंगलोर के सहयोग से की गयी है। 750 बिस्तरों वाले इस अस्पताल में प्रतिदिन 300 रोगियों के लिए अत्याधुनिक रेडियोथेरेपी और 150 से अधिक रोगियों के लिए कीमोथेरेपी की सुविधा है। यह अस्पताल सुब्रत बागची और सुष्मिता बागची का ओडिशा के लिए महत्वपूर्ण अवदान है।

उद्घाटन समारोह में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अस्पताल ओड़िशा और पूर्वी भारत में कैंसर रोगियों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती उपचार प्रदान करके कैंसर उपचार के क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू करेगा और इस अस्पताल के माध्यम से देश के एक तिहाई कैंसर रोगियों को इलाज मिलेगा। राज्य को लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए बागची परिवार और श्री शंकर कैंसर सेंटर को धन्यवाद देते हुए आगे कहा कि मो सरकार राज्य के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

पिछले दो दशकों में ओड़िशा पूर्वी भारत में एक अग्रणी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के रूप में उभरा है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में नये मेडिकल कॉलेज खोले गये हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर सभी स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्रों में सुधार किया गया है। डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की नियमित भर्ती की जा रही है। इस साल ही राज्य में करीब 4000 डॉक्टरों की भर्ती हुई है।

राज्य में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आम बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना ने देश भर में स्वास्थ्य सुरक्षा में एक मानक स्थापित किया है। अब 5टी पहल के तहत राज्य के सभी अस्पतालों के बुनियादी ढांचे में बदलाव का काम चल रहा है। आम अस्पताल योजना बेहतर बुनियादी ढांचे और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के साथ - साथ रोगियों के परिचारकों के लिए सुविधाओं पर केंद्रित है।

मुख्यमंत्री ने राज्य में कैंसर सेवाओं की जानकारी देते हुए कहा कि विभिन्न जिलों में कैंसर के इलाज की भी व्यवस्था की जा रही है। कैंसर जैसी बीमारी से हम सभी को सचेत रहने की जरूरत है। हमें अपनी जीवनशैली बदलनी होगी। उन्होंने कहा कि अगर हम सभी स्वस्थ जीवनशैली अपनायेंगे तो कैंसर से दूर रह सकते हैं। अगर हर कोई स्वस्थ रहेगा तो 'स्वस्थ ओडिशा, खुशहाल ओड़िशा' का हमारा सपना पूरा हो सकता है।

अतिथि के रूप में जटनी के विधायक सुरेश कुमार राउतराय ने कहा कि पहले राज्य में केवल 3 मेडिकल कॉलेज थे। 10 वर्षों में मुख्यमंत्री ने कई नए मेडिकल कॉलेज शुरू किए और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाये। उन्होंने कहा कि बागची श्री शंकर कैंसर अस्पताल राज्य के लोगों को कैंसर देखभाल के क्षेत्र में अत्याधुनिक सेवाएं प्रदान करेगा। उद्घाटन के मौके पर सुब्रत बागची ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और अंतरिकता से हम इस अस्पताल की स्थापना कर पाये हैं। राज्य सरकार ने हमारे राज्य के कैंसर रोगियों को विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए 22 एकड़ भूमि प्रदान की है। ओड़िशा के कैंसर मरीज अब राज्य बहार नहीं जायेंगे। यहां रहें और कैंसर उपचार के क्षेत्र में नवीनतम उपचार सुविधाएं प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल मानव सेवा का अनूठा केंद्र होगा। इस कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री निरंजन पुजारी, 5टी और नवीन ओड़िशा के अध्यक्ष वी कार्तिक पांडियन उपस्थित थे। गौरतलब है कि 410 करोड़ रुपये की लागत से बने इस अस्पताल में उन्नत बुनियादी ढांचा और आधुनिक चिकित्सा तकनीक और उपचार सुविधाएं हैं। देश में कैंसर देखभाल के क्षेत्र में ख्याति अर्जित करने वाले डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के माध्यम से मरीजों को सबसे आधुनिक और प्रभावी चिकित्सा देखभाल मिल सकती है। यह अस्पताल राज्य सरकार की बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना से भी संबद्ध है। कार्यक्रम में डॉ बीएस श्रीनाथ ने स्वागत भाषण दिया और डॉ बी महांति ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एएसीसीआइ का तीन दिवसीय उद्जापानी दिवस

# आठ वरिष्ठ पत्रकार सम्मानित






आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एशियन अफ्रीकन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एएसीसीआइ) ओड़िशा चैप्टर के वैश्विक व्यापार सम्मेलन का उद्जापानी दिवस भुवनेश्वर के मे फेयर लैगून बाटिका में किया गया है। सम्मेलन के अंतिम दिन में सिडबी की उप-महाप्रबंधक प्रदीम्म चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और अपना भाषण रखे। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद मुन्ना खान और कर्नल एवं एनसीसी निदेशक सागर कुमार महांति शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में ओड़िशा के विभिन्न मीडिया जगत के आठ वरिष्ठ पत्रकार को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में एशिया, इथियोपिया, ईरान, मलेशिया, सिंगापुर, जाम्बिया, दक्षिण अफ्रीका, सिंगापुर और अन्य अफ्रीकी देशों के कई कूटनितिज्ञ और एमएसएमई प्रमुख भी शामिल हुए थे।

तीन दिनों तक चले कार्यक्रम में विभिन्न स्टॉलों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में इकोजेन का उत्पाद सोलर स्टॉल मुख्य आकर्षण रहा।

# बलांगीर के भीमवोई मेडिकल कॉलेज से नवजात शिशु लापता

आजाद सिपाही सांवददाता



**भुवनेश्वर।** बलांगीर के भीमवोई मेडिकल कॉलेज से नवजात शिशु लापता हो गया। सूचना मुताबिक कंटामाल थाना अंतर्गत बरडीपदर गांव के सुशील स्वाइं का नवजात शिशु एसएनसीयू से लापता हो गया। परिवार लोक नवजात शिशु पुत्र को खोजने के लिए धरना पर बैठी है। परिवार ने शिकायत की है कि बच्चा मेडिकल से कैसे चोरी हो गया। एसएनसीयू में रहते हुए बच्चे के लापता होने की सूचना मिली।

भीमभोई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के अधीक्षक ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज की जांच चल रही है। हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि बच्चे को कौन लेकर गया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# ओड़िशा सीएम ने जेएसडब्ल्यू के मेगा इंटीग्रेटेड ग्रीन स्टील मैन्यूफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स की आधारशिला रखी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेवर।** ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शुक्रवार को ओड़िशा के पारादीप में जेएसडब्ल्यू स्टील के ग्रीनफील्ड एकीकृत इस्पात विनिर्माण परिसर की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री के साथ जेएसडब्ल्यू समूह के अध्यक्ष सज्जन जिंदल, पार्थ जिंदल, उद्योग विभाग के मंत्री प्रताप केशरी देब, वीके पांडियन, 5 टी के अध्यक्ष, हेमंत शर्मा, प्रमुख सचिव, उद्योग विभाग, अनिल कुमार सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

जेएसडब्ल्यू स्टील द्वारा एकीकृत हरित इस्पात परियोजना से लगभग 30,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियों की रोजगार क्षमता के साथ एक मजबूत सहायक और डाउनस्ट्रीम पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देकर क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

इंटीग्रेटेड कॉम्प्लेक्स की परिकल्पना अपनी तरह की एक विश्व स्तरीय हरित प्रौद्योगिकी इस्पात विनिर्माण सुविधा के रूप में की गयी है। यह एक चक्रीय अर्थव्यवस्था प्रथा को अपनायेगा और अपनी स्वच्छता, हरियाली और सर्वोत्तम श्रेणी की प्रौद्योगिकियों के लिए दुनिया भर में एक अनुकरणीय मॉडल होगा। इसमें 13.2 एमटीपीए क्षमता वाली विश्व स्तरीय एकीकृत इस्पात विनिर्माण सुविधा, सुविधा की बिजली आवश्यकताओं को उत्पन्न करने और आपूर्ति करने के लिए कैप्टिव पावर प्लांट, कार्गो-हैंडलिंग क्षमता वाले कैप्टिव घाट, सीमेंट निर्माण इकाई और आधुनिक टाउनशिप और अन्य घटक शामिल है।

जेएसडब्ल्यू स्टील का ग्रीनफील्ड इंटीग्रेटेड ग्रीन स्टील कॉम्प्लेक्स जगतसिंहपुर जिले के इरासामा तहसील के अंतर्गत धिनकियानुआगांव और गडाकुजंगा में स्थापित किया जाएगा। ओड़िशा के औद्योगिक विकास निगम (आइडीसीओ) ने एकीकृत विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए जेएसडब्ल्यू को 2,958 एकड़ जमीन सौंपी है, जिसमें कुल परियोजना भूमि का 30 प्रतिशत वनों और जल निकायों के संरक्षण के लिए समर्पित है। जेएसडब्ल्यू स्टील और जेएसडब्ल्यू समूह इस एकीकृत परिसर को चरणबद्ध तरीके से स्थापित करने के लिए संस्थाओं ने आवश्यक अनुमोदन के अधीन लगभग 65,000 करोड़ रुपये के निवेश की परिकल्पना की है। भूमि-पूजन समारोह में पड़ोसी गांवों के 30,000 से अधिक लोग, जन प्रतिनिधि, टेक्नोक्रेट और उद्योग विशेषज्ञ शामिल हुए।

# संदेशखाली जाने से भाजपा के केंद्रीय दल को रोका गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** भाजपा सांसदों के एक केंद्रीय दल को शुक्रवार को बंगाल के संदेशखाली का दौरा करने से रोक दिया गया, जहां ग्रामीणों महिलाओं पर तृणमूल नेताओं के कथित अत्याचार को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहा है। केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक ने कहा कि पुलिस ने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत लागू की गयी निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए केंद्रीय दल को संदेशखाली जाने की अनुमति नहीं दी। संदेशखाली प्रखंड के रास्ते में रामपुर गांव में रोके जाने के बाद भाजपा का छह सदस्यीय दल धरने पर बैठ गया। पुलिस के साथ उनकी हल्की धक्कामुक्की भी हुई। दल की संयोजक केंद्रीय मंत्री अन्नापूर्णा देवी ने आरोप लगाया कि पुलिस दोषियों को बचाने की कोशिश कर रही है। केंद्रीय दल ने आरोप लगाया है कि उत्तर 24 परगना जिले में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। केंद्रीय दल ने बाद में कोलकाता में राज्यपाल सीवी आनंद बोस से मुलाकात की। केंद्रीय दल ने कहा है कि वह संदेशखाली जाने की अनुमति मांगने के लिए अदालत का रुख करेगा। संदेशखाली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर जबरदस्ती जमीन हड़पने और यौन उत्पीड? करने का आरोप लगाया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संदेशखाली का दौरा करने के लिए पार्टी सांसदों की छह सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति की संयोजक अन्नपूर्णा देवी हैं। केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक, सुनीता दुग्गल, कविता पाटीदार, संगीता यादव और उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी बृजलाल समिति के सदस्य हैं। वहीं जाने-माने अभिनेता व भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि संदेशखाली की महिलाओं की आवाज दबाई नहीं जानी चाहिए। इधर तृणमूल नेता शांतनु सेन ने कहा कि पुलिस ने भाजपा प्रतिनिधिमंडल को रोक कर सही काम किया। उसका इरादा राज्य का माहौल खराब करने का है।

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अधीर को भी रोका गया :** वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व सांसद अधीर रंजन चौधरी को भी पुलिस ने संदेशखाली जाने से रोक दिया। इस पर कांग्रेस कार्यकताओं और पुलिस के बीच धक्कामुक्की हुई। इसके बाद अधीर रामपुर में धरने पर बैठ गए। इतनी ही नहीं उन्होंने भाजपा के केंद्रीय दल को रोके जाने पर कहा है कि वे लोग संदेशखाली बम लेकर तो नहीं जा रहे थे।

# अब दोपहर 12 से 1 बजे तक विश्राम करेंगे रामलला

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर में शुक्रवार से नयी व्यवस्था शुरू की है। शुक्रवार से दोपहर में एक घंटे मंदिर के पट बंद रहेंगे। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद 16 फरवरी को पहली बार रामलला ने दोपहर में एक घंटे विश्राम किया। अब वे हर रोज दोपहर 12 से 1 बजे तक मंदिर बंद रहेगा। अब 12 बजे भोग और आरती के बाद रामलला एक घंटा विश्राम करेंगे। बता दें कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद से श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर दोपहर में सिर्फ 15 मिनट के लिए बंद किया जाता था। ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि अब भक्त सुबह 6 बजकर 30 मिनट से दोपहर 12 बजे तक और फिर दोपहर 1 बजे से रात 9 बजकर 30 मिनट तक रामलला के दर्शन कर सकेंगे।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

अंतिम दो दिन
TRADE EXPO
A MEGA TRADE FAIR
HANGER PAVILION
PREMIUM CROWD
STAGE SHOW
PARTICIPATION FROM 5 COUNTRIES & 22 STATES
INDIA BANGLADESH AFGHANISTAN MALAYSIA THAILAND
OVER 1 LAC NATIONAL & INTERNATIONAL PRODUCTS
ORGANISED BY : Jagrity Foundation
Most Awaited CONSUMER FAIR 2024
04th Feb. To 18th Feb.
At Morabadi Ground, Ranchi
Time : 11.00AM TO 09.00PM
SEGMENTS
Furniture, Interior, Life Style, Appliances, International Decoration Products
Electronics, Antiques Product, Automobile, Health, Lighting, Processed Food
Modular Kitchen, Real Estate, Cosmetic, Jewellery & Many More...

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support

Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**